ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 05 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-320 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### बोकारो में 14 लाख नकदी समेत एटीएम मशीन ले उड़े चोर

**बोकारो।** कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम का शटर काटकर सोमवार सुबह चोरों ने चोरी की। चोर एटीएम मशीन सहित 14 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। बताया जाता है कि एटीएम में शनिवार को ही एजेंसी की ओर से 14 लख रुपये डाले गए थे। सुबह जब लोग पैसे निकालने मौके पर पहुंचे तो एटीएम शटर कटा हुआ था और एटीएम मशीन नहीं थी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए मामले की छानबीन में जुट गई है।

### शराब घोटाला- कारोबारी विनय सिंह और अभिषेक झा से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** राज्य में शराब के थोक कारोबार में मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी ने सोमवार को नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह और पूर्व सीएम विनोदानंद झा के पोते अभिषेक आनंद झा से पूछताछ की। विनय सिंह को जहां राज्य के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी का करीबी माना जाता है। वहीं अभिषेक झा शराब कारोबार में योगेंद्र तिवारी के पार्टनर रहे हैं। दोनों से किन पहलूओं पर एजेसी ने पूछताछ की इसका खुलासा नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि 23 अगस्त को छापेमारी के दौरान विनय सिंह के घर से 1.14 करोड़ के जेवरात भी मिले थे। ईडी को अंदेशा है कि उनके जरिए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने मनी लाउंड्रिंग की है। ईडी विनय सिंह के यहां से मिले दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रही है।

### अवैध खनन केस में डीएसपी राजेंद्र दुबे से हुई पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के केस में ईडी के रांची जोनल आफिस में सोमवार को डीएसपी राजेंद्र दुबे से लंबी पूछताछ हुई। डीएसपी राजेंद्र दुबे दिन के 11 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे। देर शाम तक उनसे पूछताछ हुई। जानकारी के मुताबिक, ईडी के अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में भी ईडी ने राजेंद्र दुबे का बयान लिया। नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन की शिकायत करने वाला विजय हांसदा बाद में मुकर गया था। वहीं साहिबगंज में जो इलाके राजेंद्र दुबे के अधीन आते हैं, वहां इस पर लगाम कसने को लेकर क्या कार्रवाई की गई, इससे जुड़े सवाल भी ईडी के अधिकारियों ने पूछे।

### झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का निधन

**रांची।** झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का सोमवार को निधन हो गया। वह 1967 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। कैरे के निधन पर पुलिस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड पुलिस के सेवानिवृत और वर्तमान आईपीएस अधिकारियों ने उनके साथ बीताए गये समय को सहकर्मियों के साथ साझा किया। उल्लेखनीय है कि 11 जून 1945 को उत्तर प्रदेश में जन्मे कैरे ने गणित विषय के साथ स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा के कारण वर्ष 1967 में इनका चयन भारतीय पुलिस सेवा में हुआ। उन्हें बिहार कैडर आवंटित किया गया। झारखंड राज्य के स्थापना काल के दौरान इन्हें 12 नवम्बर 2000 को झारखंड राज्य का प्रथम पुलिस डीजीपी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके बाद इन्हें महानिदेशक निगरानी के पद पर स्थानांतरित किया गया, जहां से वह नवम्बर 2002 तक कार्यरत रहे। इसके बाद इन्हें महानिदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा बनाया गया। जहां कैरे वर्ष 2004 तक अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। दोबारा इन्हें वर्ष 2004 में झारखंड का डीजीपी एवं पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, 5 घायल गंभीर




**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत मलकडीहा गांव में रविवार को एक ही घर के दो पुरुष एवं एक महिला की मौत एवं 5 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मलकडीहा निवासी नंदकिशोर सिंह, उनकी पत्नी, एवं उनके बड़े पुत्र इंद्रजीत सिंह की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। घायल 5 व्यक्तियों का गहन इलाज रांची एवं हजारीबाग में कराया जा रहा है। परिजनों के अनुसार नंदकिशोर सिंह अपने ससुराल इचाक सिलाडीह से नहान से लौट कर अपने पूरे परिवार के साथ बड़े बेटे इंद्रजीत के घर स्कॉर्पियो से बोकारो जा रहे थे। जाने के क्रम में टाटी झरिया में उनकी स्कॉर्पियो पेड़ में जाकर टकरा गई। घटना से पूरे गांव में मातम फैल गया है।

# किसानों को राहत देगी सरकार : सीएम सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। परिस्थितियां कैसी भी हो, हर वर्ग और हर तबके के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी का उत्थान हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री सोमवार को साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित सिमलढाब में विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं को आप तक पहुंचाने का काम हो रहा है आप भी आगे आएं और इन योजनाओं से जुड़े। जब सरकार और जनता एक साथ



आगे बढ़ेगी तो राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार दे रहे हैं। बच्चों के पढ़ाई-लिखाई का खर्च सरकार वहन कर रही है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए यहां के आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भी मानसून का अलग शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने 76 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 17739.737 लाख रुपये की 76 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 901.417 लाख रुपये की 7 योजनाओं का उद्घाटन और 16838.321 लाख रुपये की 69 योजनाओं की आधारशिला रखी।
- 5531 लाभुकों के बीच विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 72 करोड़ 10 लाख 58 हजार 4 सौ राशि की परिसंपत्तियों का वितरण।
- साहिबगंज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास।
- पतना और बोरियो प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा बरहेट के एसएसडी हाई स्कूल एवं साहिबगंज के जमुनादास बालिका उच्च विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।
- 99 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 40 लाख रुपये, 213 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपये और 44 सखी मंडलों को चक्रीय निधि के तहत 13 लाख 20 हजार रुपये का मिला चेक।
- 1736 बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और 77 युवतियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का मिला लाभ।
- 188 लाभुकों को बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना और 1590 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जोड़ा गया।
- 800 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन एवं 725 लाभुकों को बिरसा हरित ग्राम योजना का मिला लाभ।

### मुख्यमंत्री ने संथाल में कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास, उद्घाटन व परिसंपत्तियों का वितरण

# गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा : हेमंत सोरेन



नवीन मेल संवाददाता

**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज प्रदेश के किसान सीमित संसाधन में मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने देखा कि निम्न बारिश की वजह से बुआई कम हुई है, इसे ध्यान में रखकर सरकार की जो भूमिका होगी, हम उसे किसान हित में जरूर निभाएंगे। आने वाले दिनों में सरकार जल्द ही पाइप लाइन के जरिये किसान के खेतों तक पानी उपलब्ध करायेगी। सरकार प्रयासरत है कि किस प्रकार गंगा नदी का पानी खेतों तक पहुंचे। इस निमित्त राज्य सरकार नई तकनीक के माध्यम से रास्ता निकलने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून बनाया है कि राज्य में जो भी उद्योग लगेंगे, शेष पृष्ठ 11 पर

### कई योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

- जेपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु गोड्डा जिले के 200 अभ्यर्थियों को डीएमएफटी मद से निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने की जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन किया गया।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 15947.12 लाख रुपये की लागत वाली 114 योजनाओं की गोड्डा जिले को सौगात दी। इसमें 1499.15 लाख रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 14447.97 लाख रुपये की 77 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, एक हजार दो सौ सत्तानवे लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।
- मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग द्वारा चन्दना गोड्डा जिलान्तर्गत चन्दना सुन्दरपहाड़ी-अगिया मोड़ पथ, डमरू-दामाकोल फॉल पथ (कुल लंबाई-17.766 किमी) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य का किया शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री ने कल्याण विभाग द्वारा गरीडीह, बरई, कैरासोल, नूनबट्टा में जाहेरस्थान की घेराबंदी कार्य का उद्घाटन किया।
- गोड्डा जिला के सुन्दरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिमलीपाड़ा एवं डुमरपालमपाड़ा में प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन किया।
- धमनी बाजार, समरी, ईश्वरचक, बक्सरा में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त ग्राम क्लिनिक के तहत डॉ बिपिन कुमार चौधरी (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ), डॉ कुंदन भट्ट (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ), डॉ मो. वसीम अकरम (आयुष चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ रविन्द्र कुमार महतो (चिकित्सा सहायक), डॉ राहुल कुमार मण्डल (चिकित्सा सहायक) को नियुक्ति पत्र सौंपा।
- सुन्दरपहाड़ी प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

## झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है सरकार

### सदन में लाएगी चुनावी घोषणापत्र से जुड़े तीन बिल

**रांची।** झारखंड सरकार एक बार फिर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहती है। वह तीन ऐसे विधेयकों को दोबारा पारित कराना चाहती है, जिन्हें राज्यपाल ने लौटा दिया था। ये विधेयक एंटी मॉब लिंचिंग, डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित हैं। ये तीनों मुद्दे राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र से जुड़े हैं। सनद रहे कि डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण संबंधित विधेयक पिछले साल विधानसभा का एकदिवसीय विशेष सत्र आहूत कर पारित कराए गए थे, लेकिन इन्हें राजभवन ने अनुमोदित किए बगैर वापस लौटा दिया। राजभवन के इस कदम से सरकार को झटका लगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई बार कहा है कि उनकी सरकार इन मुद्दों पर अडिग है। झारखंड के लोगों के अधिकारों की हिफाजत के लिए 1932 के खतियान (भूमि सर्वे रिकॉर्ड) के आधार पर राज्य की स्थानीयता नीति (डोमिसाईल पॉलिसी) जरूरी है। सरकार चाहती है कि राज्यपाल की ओर से लौटाए गए इन विधेयकों को या तो हूबहू या फिर विधि विशेषज्ञों की राय के अनुसार आंशिक तब्दीली के साथ दोबारा पारित कराया जाए। लेकिन, इसमें तकनीकी तौर पर एक बड़ी अड़चन है।दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत यह व्यवस्था है कि राज्यपाल जिन विधेयकों को लौटाते हैं, उसके साथ अपनी आपत्ति के बिंदुओं पर नोटिंग करते हुए पुनर्विचार के लिए कहते हैं। सरकार का कहना है कि राज्यपाल ने डोमिसाईल पॉलिसी और आरक्षण संबंधित विधेयक लौटाते हुए कोई संदेश (नोटिंग) नहीं दिया है। यह नोटिंग जरूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर दोबारा विधेयक पारित कराए जा सकेंगे। इस मुद्दे को लेकर रविवार को राज्य सरकार की ओर से बनाई गई समन्वय समिति के सदस्यों ने राजभवन पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि वे विधेयकों को नोटिंग के साथ लौटाएं।

## खूंटी में पीएलएफआइ उग्रवादी दयाल पूर्ति गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के सक्रिय उग्रवादी और विभिन्न मामलों के वांछित दयाल पूर्ति को पुलिस ने रविवार की रात धर दबोचा। पुलिस विभाग की ओर से सोमवार को बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी दयाल पूर्ति जो मुरहू थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी जीवन टोली का रहने वाला है, अपने दस्ते के सदस्यों के साथ बिंदा साप्ताहिक हाट में व्यापारियों से लेवी की रकम वसूलने आया हुआ है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम द्वारा छापामारी के क्रम में बिंदा जंगल में सर्च अभियान के दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा, पर पुलिस के जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दयाल पूर्ति उर्फ अभिमन पूर्ति पिता विजय पूर्ति इंदीपीड़ी जीवन टोली निवासी बताया। पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि मारंगहादा थाना क्षेत्र के कांडे तुबिद गांव में गत 22 जुलाई को चमरा मुंडा की हत्या में वह शामिल था। उसने बताया कि मुरहू थाना क्षेत्र में पीएलएफआइ उग्रवादी लंबू बोदरा के लिए वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर वह लेवी वसूलने आया था। बताया गया कि दयाल पूर्ति के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलएएक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत छह मामले दर्ज हैं।

### झारखंड में आने वाले दिनों होगी भारी बारिश वज्रपात की भी संभावना

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश होगी। इसकी जानकारी मौसम विभाग केंद्र रांची के पूवार्नुमान पदाधिकारी अभिषेक आनंद ने दी है। उन्होंने बताया है कि राज्य के कई हिस्सो में अगले दो दिनों तक सामान्य तो कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बता दें, पिछले कुछ दिनों से राज्य में मानसून कमजोर पड़ गया था। इस वजह से राजधानी समेत राज्य के कई हिस्सों में लोगों को गर्मी ने काफी परेशान कर दिया था. हालांकि अब राज्य में मौसम ने करवट ले ली है। 3 सितंबर को राजधानी समेत राज्य के कई भागों में अच्छी बारिश हुई। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### हेमंत सरकार ने किया केंद्र के कोयला क्षेत्र अधिग्रहण बिल का विरोध, बताया

## आदिवासी-मूलवासी विरोधी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार का मानना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधित कोयला क्षेत्र अधिग्रहण विधेयक (कोयला धारक क्षेत्र, अधिग्रहण और विकास संशोधन विधेयक, 2023) देश एवं राज्यहित में नहीं है। प्रस्तावित विधेयक के प्रावधानों में कई अनुचित बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों से राज्य को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। यह बदलाव जनभावना के अनुरूप नहीं है। बल्कि यह विकास विरोधी बदलाव हैं, जिसका झारखंडवासियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का होगा हनन होगा। हमारी सरकार राज्यवासियों और जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े मुद्दों को उठाती रहती है। लोगों के हक-अधिकार को संरक्षित रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

संशोधित विधेयक के संबंध में झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्यहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना पक्ष रखा है। खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार ने कई बिंदुओं पर विरोध जताया है, जो निम्न हैं-

- केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) संशोधन विधेयक, 2023 की मूल भावनाओं में कई अनुचित बदलाव, झारखंड प्रदेश को होगा भारी नुकसान।
- झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का हनन होगा।
-राज्यवासियों और जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े मुद्दों को राज्य सरकार उठाती रहती है।

राज्य सरकार का मानना है कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा प्रस्तावित कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) संशोधन विधेयक, 2023 देश एवं राज्यहित में नही है। संशोधन विधेयक, 2023 में कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) के प्रावधानों में कई अनुचित बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों से राज्य को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। यह बदलाव जनभावना के अनुरूप नहीं है बल्कि यह विकास विरोधी बदलाव हैं, जिसका झारखंड वासियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा झारखण्ड के आदिवासी-मूलवासियों के हक-अधिकारों का होगा हनन होगा। हमारी सरकार राज्यवासियों और जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़े शेष पृष्ठ 11 पर

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार सजा पर फैसला 12 को

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित सुशांत कुमार उर्फ विपुल को दोषी करार दिया है। अदालत मामले में 12 सितम्बर को सजा सुनायेगी। अदालत ने इस मामले के दो आरोपित अरविंद कुमार और करण को साक्ष्य के अभाव में बरी करते हुए उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। इस संबंध में युवती के परिजनों ने लोअर बाजार थाना में कांड संख्या (137/2020) 13 अगस्त 2020 को दर्ज करवाई थी। नाबालिग स्कूल जा रही थी। इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया था।

### चुनाव — डुमरी उपचुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी, वोटिंग आज

# मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान : के रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव मंगलवार को है। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर और हर काम छोड़कर मतदान करने अवश्य जाएं। उन्होंने निजी नियोक्ताओं से भी अपील करते हुए कहा है कि मतदान ही हमारे लोकतंत्र का आधार है। ऐसे में अपने शत-प्रतिशत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक गिरिडीह जिले की डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिला स्तर और राज्य स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मंगलवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। सभी वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक डुमरी में मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की



सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट पेपर की विशेष व्यवस्था करवाई गई है। इसके अलावा पैर से दिव्यांग मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर की व्यवस्था भी जिला प्रशासन ने करवाई है। सभी पोलिंग बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। उपचुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसे लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट भी सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति कराई गई है। 80 साल से अधिक उम्र और शारीरिक रूप से निःशक्त मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से मतदान की व्यवस्था कराई गई है। रविकुमार के अनुसार सभी 373 मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम जरूरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करवायी गयी हैं। कुछ मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में 69.75 प्रतिशत शेष पृष्ठ 11 पर

### पर्याप्त संख्या में तैनात होंगे सुरक्षा बल

डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 है, जिसमें पुरुष मतदाता 1,54,452 एवं महिला मतदाता 1,44,174 है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में बोकारो जिला अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1,39,031 है, जिसमें पुरूष मतदाता 71,612 एवं महिला मतदाता 67,419 है। जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि सीआरपीएफ, झारखंड आर्म्स पुलिस की ईको कंपनी, होमगार्ड, जिला आर्म्स पुलिस फोर्स, झारखंड जगुआर फोर्स को तैनात किया जाएगा। मतदान कर्मियों की सहूलियत के लिए जिले में कुल 21 क्लस्टर बनाया गया है, जिसमें नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में 17 और चंद्रपुरा प्रखंड क्षेत्र में चार शामिल हैं। बोकारो जिला अंतर्गत 174 मतदान केंद्रों के लिए कुल 174 मतदान दल गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 फीसदी मतदान कर्मियों को रिजर्व रखा गया है। मतदान कार्य के सफल संचालन एवं ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा के लिए कुल शेष पृष्ठ 11 पर

## एटीएस ने पांडेय गिरोह के एक कुख्यात अपराधी को दबोचा




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी संजय साव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और एक बोलेरो गाड़ी बरामद की गई है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के फंडिंग और अपराध से अर्जित की हुई संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में एटीएस टीम को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी संजय साव चतरा जिले के धनगड्डा गांव में अपराधी विक्की पासवान के घर में ठहरा हुआ है। सूचना के बाद एटीएस ने उसे वहां से पकड़ा। पूछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही पर हजारीबाग के बड़कागांव से जमीन के अंदर गाड़कर रखे हथियार बरामद किए गए। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पांडेय गिरोह के लिए काम करता है। गिरोह के सरगना की ओर से एक बोलेरो वाहन उपलब्ध करायी गयी थी। संजय के खिलाफ हत्या, रंगदारी, और आर्म्स एक्ट के छह मामले दर्ज हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिक्षक संघ पांकी ने आयोजित किया शिक्षक सम्मान समारोह

**मनातू ।** शिक्षक समारोह की शुरूआत विद्या की देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महान शिक्षक रहे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पाजलि अर्पित कर की गई। शिक्षक संघ पांकी -75 विधानसभा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव डॉ. अरुण कुमार पांकी विधानसभा के पांकी प्रखंड डंडारकला स्थित मजदूर-किसान महाविद्यालय मे आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह मे बतौर मुख्य अथिति के रूप मे शामिल हुए। शिक्षक समारोह की शुरूवात डॉ. अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोनवाई विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक सतानन्द सिंह एवं संचालन संस्कृत के शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम मे अपनी बात रखते हुए डॉ. अरुण कुमार ने लालू जी द्वारा किये गए अनेको कार्यों कों गिनाने का काम किये, लालू जी द्वारा झारखण्ड बिहार मे स्थापित यूनिवर्सिटी कॉलेज कों गिनाने का काम किये। उनके आदर्शो कों सभी शिक्षकों के समक्ष रखा। समाज मे शिक्षकों की महानता का बखान करते हुए विभिन्न प्रखंडो एवं गांव पंचायत से आये भिन्न भिन्न विषयों के 300 से अधिक शिक्षक - शिक्षिकाओं के सामने डॉ. अरुण कुमार जी ने सभी शिक्षकों के लिए भजन गा कर सामूहिक आरती उतारने का काम किया। उपस्थित सभी शिक्षकों कों डॉ अरुण कुमार जी ने शॉल एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

# दान पेटी में रखी राशि की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रविवार की रात भीम चूल्हा स्थित शिव मंदिर में रखा दान पेटी में रखे राशि की चोरी कर ली गयी। मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने बताया की मंदिर का ग्रिल गेट के अंदर रखे दान पेटी को गेट के नजदीक खिंच कर उसमें रखा गया मंदिर का करीब हजार रुपये चोरों के हाथ लगी है।रात्रि में मंदिर परिसर की सुरक्षा नही रहती।इस कारण चोर आसानी से चोरी करने में सफल हो गये। जबकि ग्रिल गेट का मुख्य दरवाजा को तोड़ा नही गया। श्री तिवारी ने मामले की जानकारी मोहम्मदगंज पुलिस को दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**रामेश्वर बांध से निकली पाइन के सफाई कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास**

# पाइन की सफाई से दर्जनों गांव के किसानों को होगा लाभ : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के रामेश्वर बांध से निकली पाइन की सफाई कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लगातार अकाल सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों ने गत दिनों उनसे रामेश्वर बांध से निकली पाइन की सफाई कराने का आग्रह किया था। उन्होंने किसानों की मांग पर विधायक मद की राशि से पाइन की सफाई कार्य कराने की अनुसंशा कर स्वीकृति दिलाने का काम किया, जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक पंचायत में सरकार की ओर से कूप निर्माण कराया जा रहा है। जिन किसानों को जरूरत है, वह प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह काशी सोत से लिफ्ट के माध्यम सिंचाई की जल्द व्यवस्था कराने का काम कर रहे हैं। इसका लाभ दर्जनों गांव के किसानों को मिलेगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने कहा कि रामेश्वर बांध पाइन के जीर्णोद्धार से कुकही,मुगलजन, नयकाडीह, भैंसना समेत दर्जनों गांव के किसानों को लाभ होगा। उन्होंने इस काम के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, चंदन तातो, राकेश प्रसाद, लगन मेहता, उदेश मेहता, गुड्डू मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने पंचायत में मासिक बैठक की

**पाटन।** पाटन के राजहरा पंचायत में मासिक कार्य करणी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अजय कुमार पासवान ने की। बैठक में पंचायत सेवक, पंचायत समिति सदस्य, राजस्व कर्मचारी, वार्ड सदस्य, सेविका, सहिया, स्कूल के शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक में मुखिया अजय पासवान ने कार्य योजनाओं के गुणवत्ता पर प्रकाश डाला।

**अधिकारी - कर्मचारी समय से पहुंचे कार्यालय : उपायुक्त**

# उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय व नगर परिषद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**नप अधिकारियों और कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश भी दिये**

**छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन देने हेतु वार्डेन को निर्देशित किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति पंजी,डाक रजिस्टर, रोकड़ पंजी,दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई अभिलेखों की जांच की। प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई का भी जायजा लिया। डीसी शशि रंजन ने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को समय से कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। कहा कि स-समय कार्यालय आएं और आम लोगों के कार्यों को निष्पादित करें। डीसी विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भी गए। जहां उन्होंने कई चीजों का निरीक्षण किया। नप अधिकारियों और कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश भी दिये। इसके बाद उपायुक्त रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गए और वहां भी निरीक्षण किया। छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन देने हेतु वार्डेन को निर्देशित किया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ विक्रम आनंद, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, प्रमुख रम्भा कुमारी सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भीम बराज का काउंटर वेट बीच से टूटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सोमवार की सुबह भीम बराज का 36 नंम्बर फाटक का संतुलन बनाये रखने के लिये लगा हुआ लोहे का काउंटर वेट बीच से टूट गया है। टूटा हुआ हिस्सा 36 नंम्बर फाटक के ऊपर लटका हुआ है। मालूम हो कि बराज में लगे कुल 40 फाटकों के संचालन का मरम्मत व अन्य कार्य करीब 35 करोड़ की लागत से हार्ड वेयर एंड टूल्स कंपनी ने पिछले साल पूरा किया है। बताया जाता है कि हार्ड वेयर एंड टूल्स द्वारा कराये गये फाटकों का मरम्मत व अन्य कार्य का प्राक्कलन में काउंटर वेट को बदलना शामिल नही है। काउंटर वेट का काम फाटकों के संचालन के दौरान संतुलन बनाये रखना होता है। 36 नम्बर फाटक के ऊपर लगा यह उपकरण के टूट जाने से उसका संचालन अब किसी भी हाल में नही होगा। भीम बराज का कार्य 4 जुलाई 1992 में पूरा कर इससे निकली मुख्य कैनाल कोयल नहर में पानी छोड़ा गया हैं।। फाटक के ऊपर लगा काउंटर वेट उसी समय का होने की बात कही जा रही है।

# गोदरमा में अनियंत्रित ऑटो के चपेट से महिला हुई घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर बीमोड़ मुख्य पथ पर गोदरमा गांव के समीप अनियंत्रित ऑटो के चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घायल महिला की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के बीमोड़ निवासी शांति देवी पति गणेश साव के रूप में हुई है। जिन्हे परिजन व स्थानीय लोगों ने विश्रामपुर सीएचसी में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सको ने महिला की प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया है। सीएचसी चिकित्सीय टीम में डाक्टर मनोज थॉमस, गौतम कुमार, राजेन्द्र सोनी,अविनाश कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# राशन उठाव के बाद भी राशन का वितरण नही करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादल कूर्मी पंचायत का जय माँ संघ समूह के डीलर पर राशन उठाव के बाद भी लाभुकों के बीच राशन का वितरण नही करने का आरोप है। इस मामले में कादल कूर्मी पंचायत की मुखिया अनिता देवी, पसस सुनीता देवी समेत करीब सौ लाभुकों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन मोहम्मदगंज अंचल पदाधिकारी सह एमओ यसवंत नायक को दे मामले की जांच कर डीलर पर कार्रवाई करने की मांग की हैं। दिये गये आवेदन में कहा गया है की सभी लाभुकों का अगस्त माह में राशन वितरण को लेकर बायोमेट्रिक लिया गया। उस के बाद भी लाभुकों के बीच अगस्त माह का राशन का वितरण नही किया गया है। जबकि अंचल पदाधिकारी से लाभुकों को जानकारी मिली हैं कि अगस्त माह का उठाव समय पर किया है। इधर डीलर का कहना है की लाभुकों का बॉयोमेट्रिक सितंबर माह का राशन के लिये किया गया है।अगस्त माह के राशन का आवंटन उसे प्राप्त नही हुआ है। लाभुकों ने इसकी शिकायत जनवितरण प्रणाली से जुड़े वरीय अधिकारियों को भी प्रेषित की है। लाभुकों ने मामले की जांच कर कारवाई करने की मांग की है।आवेदन देने वालो में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ उषा देवी, लालू राम, मोती चंद साव, शिला देवी,पंकज सिंह, समेत कई लाभुकों के नाम शामिल है।

### आसेहार स्तरोन्नत राजकीयकृत उच्च विद्यालय में दस कम्प्यूटरों की चोरी

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के आसेहार स्तरोन्नत राजकीयकृत उच्च विद्यालय से लाखों रुपए की कम्प्यूटर को चोरों ने उड़ा ले गए। घटना के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने बताया कि शनिवार को स्कूल बंद होने के बाद का मामला है। कहा कि शनिवार को विद्यालय खुला था, उस वक्त सारा कम्प्यूटर सुरक्षित था। शनिवार को विद्यालय बंद होने के बाद चोरों द्वारा इस घटना का अंजाम दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि सोमवार को विद्यालय पहुंचे तो अचानक देखा गया कि स्कूल का ताला को काटकर रूम से कम्प्यूटर गायब कर लिया गया है। स्कूल से कंप्यूटर गायब देख विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने घटना की जानकारी पांकी थाना को दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। पांकी थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बहुत जल्द मामले की उद्भेदन कर लिया जाएगा। इधर विद्यालय से इतने बड़े पैमाने पर कंप्यूटर की चोरी होने पर कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि चोर विद्यालय से दस कम्प्यूटर उड़ा ले गए, जो लगभग 18 लाख रुपए के बताए जा रहे हैं। इसके पहले भी कई बार इस विद्यालय में चोरी की घटना घट चुकी है।

### 'मेरी माटी, मेरा देश' संकल्प यात्रा सफल बनाने को भाजपा ने की बैठक

**हुसैनाबाद।** आगामी 14 सितंबर को मेरी माटी, मेरा देश की सफलता को लेकर भाजपा उर्दवार मंडल में मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस कार्यक्रम में संकल्प यात्रा 14 सितंबर 2023 को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद में आहूत है। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी होंगे। इस मौके पर मंडल के सभी मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिले एवं प्रदेश के पदाधिकारी, मंडल के प्रभारी सभी शक्ति केद्रों के संयोजक, सह संयोजक की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को सभी पंचायत के सभी घरों तक पहुंच कर मिट्टी एकत्रित करने हेतु एवं संकल्प यात्रा में 14 सितंबर 2023 की जनसभा में गांव-गांव से कार्यकताओं की उपस्थिति हेतु मंडल क्षेत्र के 12 शक्ति केद्रों को 3 जोन में विभक्त किया। जिसमें जोन नंबर एक में शक्ति केंद्र पथरा, पोलडीह, कोसी एवं उपरिकला के लिए टीम में रामलाल विश्वकर्मा, उदय सिंह, अशोक मेहता, लालू साहू,विपिन सिंह, मधुसूदन पाठक, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह जोन नंबर 2 के लिए की शक्ति केंद्र उर्दवार, झरगड़ा, पत्राखुर्द, एवं महूदंड के लिए लव कुश रजवार, लालन यादव, बीरबल यादव, कपिल यादव, अजय गुप्ता, जय राम पासवान, चंद्रवंशी एवं बॉबी मेहता चुने गए ।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को फंसाने का हो रहा षड्यंत्र : शिवबंश मिश्रा

**विश्रामपुर।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक शिवबंश मिश्रा ने कहा कि बच्चो के पोषाहार की कालाबाजारी स्पलायर और दुकानदार के मिलीभगत से हो रही है और उसमे एक षडयंत्र के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।श्री मिश्रा सोमवार को विश्रामपुर मे पत्रकारों से बात कर रहे थे। यहां बताते चलें कि विश्रामपुर से एक पिकअप पोषाहार हरिहरगंज बाजार में बेचने हेतु ले जाया जा रहा था। जिसे नावा बाजार पुलिस ने जब्त कर लिया।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-11/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer,Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Kisko. | Construction of Check dam on Pandan Tand Nala at vill – Salaiya Kashi Tand. | 46.420 | 0.05000 | 0.92900 | 11 Months |

Note: -Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 306174 Lohardaga(23-24).D



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-05/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Peshrar | Construction of Check dam on Kumbhi Chaura Nala at vill – Chandalgi. | 49.494 | 0.05000 | 0.99000 | 11 Months |

Note : - Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga

PR.NO.306166 Lohardaga(23-24):D



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-09/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Peshrar | Construction of Check dam on Bargarha Nala at vill – Rorad (Chandgo) | 39.370 | 0.05000 | 0.78800 | 11 Months |

Note: - Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 306170 Lohardaga(23-24)#D



## MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-07/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost ( in Lac) | Cost of BOQ ( in Lac) | Earnest Money ( in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Senha | Construction of Check dam on Domuhan Nala at vill – Pali. | 59.322 | 0.10000 | 1.18700 | 11 Months |

Note: -Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 306164 Lohardaga(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/LOHARDAGA/E-12/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू प्रखण्ड के हमीद नगर में मोहम्मद अतिक के घर से लेकर रहमत अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 38,95,000.00 | 77,900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | कुडू प्रखण्ड के ग्राम रोचो में नाथपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | लोहरदगा प्रखण्ड के अरकोसा में तबारक अंसारी के खेत से सुना उरांव के घर खेत तक गार्डवाल निर्माण। | 24,95,900.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 4 | किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में नदी सेमरगढ़ा में गार्डवाल निर्माण (100 मी0) | 24,42,400.00 | 48,900.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 5 | किस्को प्रखण्ड के पतरातु से 01 कि0मी0 पूर्व की ओर हड़लाता नदी के पास श्मशान शेड एवं चबुतरा का निर्माण। | 13,26,700.00 | 26,600.00 | 2500.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–.07.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :–14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :–ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :–9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.306147 Lohardaga(23-24):D



## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

पत्रांक :– गढ़वा, दिनांकः–

सूचना

एतद् द्वारा श्री अशोक कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिक, अति0 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनिया, जिला– गढ़वा को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 1575(23) दिनांक 11.07.2023 द्वारा दिनांक 04.06.2020 से कर्तव्य स्थल से अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण, आपके विरूद्ध झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के नियम 3(ii) एवं झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के नियम 14 के तहत् दण्ड अधिरोपित करते हुए नियम 17 में वर्णित प्रकिया मे निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 सी0 पी0 चौधरी, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी उपस्थापन पदाधिकारी नामित किए गए हैं।
3. सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के पत्रांक 1177 दिनांक 27.07.2023 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही की प्रति आवासीय पता–ग्राम–चौरासी, पो0–महानन्दपुर, थाना–नगर नौसा, जिला–नालन्दा, बिहार, पिन–801305 पर प्रेशित किया गया है।
4. उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 362(D) दिनांक 10.08.2023 द्वारा उक्त विभागीय संचालन में दिनांक 24.08.2023 को लिखित बचाव एवं साक्ष्य सहित उपस्थिति होने का पत्र निर्गत किया गया, किन्तु आप निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं हुए। उक्त विभागीय कार्यवाही में अगली तिथि दिनांक 05.09.2023 के पूर्वाह्न 11.30बजे निर्धारित है।

श्री अशोक कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिक को निदेश दिया जाता है कि संचालित विभागीय कार्यवाही में गठित प्रपत्र–क में उल्लेखित आरोप के संबंध में लिखित बचाव बयान साक्ष्य सहित, संचालन पदाधिकारी को समर्पित करना सुनिश्चित करें तथा उक्त विभागीय कार्यवाही में निर्धारित तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 306117 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

NEWS इन ब्रीफ

## ग्रामीणों ने बीएसएनएल कार्य को रोका, ठेकेदार परेशान

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत केकरगढ़ पंचायत के ग्राम जोला बीघा से मत नाग जाने वाले रोड में बीएसएनएल के पाइप बिछाने के लिए गढ्ढा खुदाई को ग्रामीणों ने रोक लगाया। जोलहबीघा के ग्रामीणों ने कहा कि यह मेरा रयती जमीन है इस रास्ते से पाइप नहीं लगाने देंगे, बिछाना है तो बीच रोड से काटकर के ले जाव। बीएसएनल के ठेकेदार द्वारा कहा गया है कि नहीं काटने दोगे तो केस हो जाएगा। इसके चलते ग्राम जिला बीघा के ग्रामीणों ने कहा कि मेरा रैयती जमीन है, केसे करना है तो कर दीजिए हम उससे डरने वाले नहीं हैं। हम लोग अपना रैयती जमीन में नहीं जाने देंगे। इधर जेसीबी मालिक ने ग्रामीणों से कहा कि अगर गढ़ा नहीं खोदने दोगे तो गोली भी चलेगा। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश हो गया। रोकने वाला ग्रामीणों का नाम जप अंसारी अकबर अंसारी नौशाद अंसारी सादिक अंसारी बालों मियां अजमेर अंसारी शहीदुल अंसारी फारूक अंसारी मजबुल्लाह अंसारी इसके अलावे ग्राम जिला बीघा के सभी ग्रामीणों भी उपस्थित हुए और इसका विरोध किया।

# समाहरणालय कैम्पस की कैंटीन में हुई चोरी

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ चोर

### लड़की के वेश में घुसे चोर ने गोदरेज समेत आधा दर्जन लॉक को तोड़ा





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय के कैम्पस में स्थित कैंटीन में बीती रात चोरी हुईं है। इसमें करीब 4500रुपया नकद चोर के हाथ लगे हैं। चोरी की यह घटना कैंटीन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसके आधार पर बताया जा रहा है कि चोरी की इस घटना को अहले सुबह सुबह 3 बजकर 35 मिनट पर अंजाम दिया गया है। कैंटीन के सीसीटीवी कैमरे में कैद विडीओ के अनुसार एक चोर मेदिनीनगर नगर निगम का चाहरदिवारी लांघकर समाहरणालय परिसर में प्रवेश किया। उसके बाद कैंटीन के ईद-गिर्द मुआयना किया, फिर एक रड से कैंटीन के मुख्य लोहे की गेट पर लगे ताले को तोड़ा और कैंटीन के अंदर प्रवेश कर गया। उसके बाद वह कैश काउंटर के तीनों ड्रावर को भी बारी-बारी से रड से तोड़ दिया तथा उसमें रखी नकदी 4464 रुपये चोरी कर लिये। फिर चोर ने कैंटीन प्रोपराइटर के कार्यालय के दरवाजे पर लगे लिंक ताला को तोड़ा और बाद में लोहे की अलमीरा का भी लॉक तोड़ा। इस दौरान चोर ने लकड़ी की बनी उस अलमीरा के भी लॉक को तोड़ा,जिसमें कुछ फाइले रखी हुई थी। बारी-बारी से वह कैंटीन के चारों ओर घूमकर देखा लेकिन वहां अन्य पड़े सामान जैसे फोटो स्टेट मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर, लैपटॉप, कॉफी मशीन और बर्तन आदि नहीं ले गया। सीसीटीवी में कैद तस्वीर के अनुसार चोर लड़की के ड्रेस में मुंह पर नकाब पहना हुआ है। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह कैंटीन के कर्मचारी आये तो ताला टूटा हुआ देख इसकी सूचना संचालक को दी। जिसके बाद घटना की सूचना कैंटीन संचालिका पुष्पा सिन्हा ने पुलिस को दी। सूचना मिलते शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उनके साथ टीओपी-1 के प्रभारी रेवा शंकर राणा तथा टाईगर मोबाईल संतन कुमार भी मौजूद थे।

रेलवे चेकिंग अभियान में 301 बेटिकट यात्री धराये

# डालटनगंज से दुद्धी के बीच चलाया गया चेकिंग अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से दुद्धी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान में 301 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 82 हजार 5 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार को रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई । जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी । विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

# अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध लिया न्यायिक कार्यों में हिस्सा




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश के वकीलों के साथ पुलिस द्वारा की गई हिंसा के खिलाफ पलामू जिले के अधिवक्ता भी बांह पर काली पट्टी बांधकर न्यायिक काम में हिस्सा लिये। विदित हो कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के द्वारा जिला बार एसोसिएशन को यह निर्देश दिया गया था कि चार सितंबर सोमवार को अधिवक्ता बांह में काली पट्टी बांधकर अदालती काम करेंगे। इसका पलामू जिला में भी व्यापक असर देखा गया। जिले के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांह में बांधकर न्यायिक कार्य में हिस्सा लिया व चट्टानी एकता का परिचय दिया। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाने और लागू करने की मांग भी की है। ताकि आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले को रोका जा सके। इस संबंध में अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने से सम्बंधित ज्ञापन केंद व राज्य सरकार को प्रेषित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिवक्ताओं ने स्टेट बार काउंसिल के निर्णय का शत प्रतिशत पालन कर यह साबित कर दिया है कि जिले के अधिवक्ता एक हैं। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ,उपाध्यक्ष मन्धारी दुबे, कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक, नितिन कुमार पांडेय, अश्वनी त्रिपाठी ,ललित शुक्ला,समेत दर्जनों अधिवक्ताओं की स्टेट बार काउंसिल के निर्णय का पालन करने में अहम भूमिका रही।

## 14 साल पुराना विवाद कोर्ट की पहल पर सुलझा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार गोस्वामी के अदालत में चल रहा 14 वर्ष पुराना मुकदमा परिवाद 94/2009 को कोर्ट के पहल पर सुलझा दिया गया है। विदित हो कि लोक अदालत को लेकर प्री सीटिंग चल रही है। जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित थे। इस केस की परिवादी रेणु सिंह ने अभियुक्त आलम अंसारी,जाउल अंसारी, व जैनुल अंसारी के बिरुद्ध केस किया था।जिसका विचारन चन्दन गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अदालत में हो रहा था। सोमवार को दोनो पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए व सुलहनामा दाखिल किए। जिसके आधार पर इस केस को समाप्त कर दिया गया है। मुदालय पर आरोप था कि ये लोग केस के परिवादी रेणु सिंह व उसके भतीजा बिनोद से धोखा देकर 33 हजार रुपया ठग लिये थे। उक्त केस गवाही पर चल रहा था।अभियुक्त गण परिवादी को रुपये लौटा कर सुलह कर लिए व 14 बर्ष पुराना विवाद न्यायालय के द्वारा समाप्त कर दिया गया।

# महिला को पीट कर किया गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के कौड़िया तेलियाबांध निवासी कन्हाई चौधरी की पत्नी सरिता देवी उम्र 30 वर्ष को सास ससुर और पति ने फरसा से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस घटना के बाद महिला के परिजनों ने इस घटना से संबंधित मामला सदर थाना में दर्ज करा दिया है। थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घर पर छापामारी कर रही है। जानकारी के अनुशार सदर थाना क्षेत्र के कौड़िया तेलियाबांध निवासी कन्हाई चौधरी की पत्नी सरिता देवी ने सदर थाना में अपने साथ हुए मारपीट से संबंधित आवेदन देकर कहा है कि मेरी शादी कन्हाई चौधरी के साथ सन2011 ई० में हिन्दू रिति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के पश्चात कन्हाई चौधरी से मेरी तीन संतान हैं, जिसमें दो पुत्र तथा एक पुत्री है, जो नबालिक हैं। शादी के कुछ दिनों के बाद से मेरे पति, सास, ससुर मुझे पसंद नहीं करते थे। जिस कारण मुझे लगातार हत्या करने का धमकी देते है। मैं और मेरे माता-पिता के द्वारा उपरोक्त लोगों को समझाने-बुझाने पर कुछ दिनों तक ठीक-ठाक से रहते थे। परन्तु कुछ दिनों के बाद उपरोक्त लोगों के द्वारा यह कोशिश की जाती थी कि मेरी मृत्यु किसी तरह से हो जाए। महिला ने सदर थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई करते हुए सभी दोषियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## गढ़वा टाउन स्टेशन पर हावड़ा भोपाल एक्स. का परिचालन होगा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर** । पलामू के सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का परिचालन 7 सितम्बर से गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर प्रारंभ हो रहा है। उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ रात्रि 1:44 बजे सांसद श्री राम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी है। इस बाबत जारी विज्ञप्ति में श्री दूबे ने बताया है कि उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुयी है। गढ़वा की जनता से आग्रह है कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी उपस्थित होकर अपनी चिर-परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। सांसद श्री राम ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला की 20वीं कड़ी

# सांस्कृतिक यात्रा की जरूरत व महत्व विषय पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता


**मेदिनीनगर।** इप्टा की संस्कृतिक पाठशाला की 20वीं कड़ी में सांस्कृतिक यात्रा की जरूरत एवं महत्व विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। युवा रंगकर्मी अनुभव मिश्रा एवं आकर्ष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में ये प्रारंभ हुई। प्रेम प्रकाश में विषय प्रवेश किया। वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में नफरत का माहौल है। नफरत के इस माहौल का परिणाम हिंसा होता है। नफरत और हिंसा के दौर में एक समुदाय का दूसरे समुदाय के प्रति अविश्वास पैदा हो गया है। एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देखते हैं। एक सत्य यह भी है कि श्रम से जुड़े ग्रामीणों के बीच भी अलगाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए एकता और आपसी बंधुत्व जरूरी है। सांस्कृतिक यात्रा ही इस कार्य को पूरा कर सकता है। सांस्कृतिक यात्रा के दौरान कबीर, नानक, चैतन्य महाप्रभु,



सहित अन्य महापुरुषों का पुनर्पाठ आवश्यक है। उक्त बातें संस्कृतिक पाठशाला के दौरान इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कही। सांस्कृतिक यात्रा की जरूरत और महत्व पर चर्चा के क्रम को आगे बढ़ते हुए प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव , झारखंड इप्टा के महासचिव कुमार मिश्र, ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, गोविंद प्रसाद, शिक्षक प्रवीण दुबे ने भी अपने विचार रखे। आकर्ष कुमार ने अपने अध्यक्षीय के वक्तव्य में कहा कि सांस्कृतिक यात्रा के दौरान नौजवानों को जोड़ना जरूरी है। आज के नौजवान मोबाइल में व्यस्त है। इस मोबाइल से लाभ भी है तो हानि भी। देखा जाए तो मोबाइल का दुष्परिणाम ही देखने को मिल रहा है।कार्यक्रम का संचालन अनुभव मिश्रा ने किया। साथ ही धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर अजीत कुमार, संजीव कुमार संजू, शशि पांडे, घनश्याम कुमार, कुलदीप राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 13 अगस्त 2023 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार रवि आनंद के द्वारा दिया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मेदनीनगर के कल्याण कुमार ,वीरेंद्र कुमार दुबे सहित कई लोग शामिल थे। आज के इस कार्यक्रम में रवि आनंद ने बताया कि अपने भविष्य के प्रति सजग रहे साथ ही निरंतर लेखनी का कार्य करते रहे और उसमें हमेशा सुधार ला पढ़ाई के दौरान एकाग्र होकर पढ़ें। तभी आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही इन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों से अपने भविष्य के बारे में पूछा।




करीब 20 हजार से भी ज्यादा आवेदन नियुक्तियों के लिए डाले गए

# सिविल कोर्ट मेदिनीनगर में अभी बहाली में देरी की संभावना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट पलामू ने 7 फरवरी 2023 को अपने विज्ञापन संख्या 01/23 मे कुल रिक्तियां 60 के अधिक में योग्य उम्मीदवारों के आवेदन मांगे थे। यह एक सीधी नियुक्ति की प्रतिक्रिया थी। यह रिक्तियां ड्राइवर ग्रेड सी, दफ्तरी ग्रेड सी, माली ग्रेड डी, नाइट गार्ड ग्रेट डी, फैक्स ऑपरेटर ग्रेड डी, जनरेटर ऑपरेटर ग्रेड डी, और पीउन ग्रेड डी के लिये थीं।इस विज्ञापन के निकलने के बाद करीब 20 हजार से भी ज्यादा आवेदन नियुक्तियों के लिए डाले गए। आवेदन डालने की अंतिम तिथि 10 मार्च थी। सूत्रों के माने तो अभी तक इन आवेदनों का कैलकुलेशन हुआ है, अभी इसकी स्क्रुटनी हो रही है और नियुक्ति के प्रतिक्रिया में कुछ और महीने भी लग सकते हैं। यह 60 जो वैकेंसी थी उन में सामान्य जाति के 31 सीटे थी ,अनुसूचित जाति के 17 अनुसूचित जनजाति के 3 और ओबीसी की 4 और अति पिछड़ा वर्ग के 3 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए दो पद थे। कोर्ट सूत्रों के अनुसार 20 हजार से ऊपर जो आवेदन आए हैं उनमें सबसे ज्यादा पीउन ग्रेट डी के लिए है। एक दूसरी रिक्ति भी है, जिसके लिए आवेदन अच्छी खासी तादात् में पड़े हैं,वह है नाइट गार्ड का। लेकिन यदि हम पीउन ग्रेड डी की बात करें तो फिर ड्राइवर ग्रेड सी के पद के लिए भी काफी आवेदन पड़े हैं। ड्राइवर ग्रेड सी का वेतनमान 19 हजार 900 से लेकर 63200 तक है। इसे इस तरह से समझा जा सकता है यदि एक पीउन आज बहाल होता है ग्रेड डी में तो उसका पहला वेतन 18000 रुपया है। ड्राइवर का 19 हजार 900 रुपया है। सभी पदों के लिए सीधे नियुक्ति है लेकिन नाइट गार्ड ग्रेड डी और पीउन ग्रेड डी के लिए साक्षात्कार होगा। यह एक बात और अहम है की फैक्स ऑपरेटर और जनरेटर ऑपरेटर जो दोनों ग्रेड डी में आते हैं इनके लिए आवेदक को किसी अनुबंध संस्था से आईटीआई पास होने का सर्टिफिकेट होना नितांत आवश्यकता है। जबकि ड्राइवर ,दफ्तरी ,माली ,नाइट गार्ड और पीउन के लिए जो योग्यता निर्धारित की गई है वह केवल मैट्रिक है। कोर्ट सूत्रों के अनुसार इस नियुक्ति के प्रतिक्रिया का काम चल रहा है विलंब जरूर हुआ है। लेकिन इसका मुख्य कारण मानव संसाधन की कमी है क्योंकि जो लोग कर्मचारी या अधिकारी कोर्ट का काम कर रहे हैं उनको उन कामों के अतिरिक्त इस नियुक्ति या चयन की प्रतिक्रिया का काम भी करना है और इस तरह से यह काम जो 10 मई को जो अंतिम तिथि थी वह 4 सितंबर तक पूरा नहीं हो पाया है । सूत्र बताते हैं कि अगले दो या तीन महीने में नाइट गार्ड के लिए और पीउन के पद के लिए साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर के भेजे जाने की आशा की जा सकती है।

## गढ़वा जिले की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर, लाखों हेक्टेयर भूमि में प्रभावित हो गयी है खेती

# नीलगाय के आतंक से खेती पर संकट

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा जिले में नीलगायों के आतंक से खेती करना मुश्किल हो गया है। यह समस्या लाइलाज बीमारी बन चुकी है। सैकड़ों की संख्या में नीलगाय जिले के हर क्षेत्र में विचरण करती रहती हैं। ये किसानों की गाढ़ी कमाई और मेहनत से लगायी गयी फसल को चंद मिनटों में रौंद डालती हैं या अपना ग्रास बना लेती हैं। जिले में पहले नीलगायों का आतंक सिर्फ सोन और कोयल नदी किनारे तक सीमित था। लेकिन अब नीलगायों का झुंड जिले के सभी क्षेत्रों में फैल चुका है। इससे लाखों हेक्टेयर भूमि में नीलगायों से खेती प्रभावित हो रही है। बताते चलें कि गढ़वा जिले की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। नीलगायों के द्वारा हर मौसम में खेती बर्बाद कर दिये जाने से किसान हताश और निराश हैं। नीलगायों के आतंक व उत्पात से बचाव का कोई रास्ता नहीं दिखने के कारण कई किसान खेती छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### उत्तरी क्षेत्र में खेती बंद होने के कगार पर

नीलगायों के कारण गढ़वा जिले के उत्तरी क्षेत्र में रबी फसल की खेती पूरी तरह बंद होने के कगार पर पहुंच गयी है, जबकि खरीफ में धान के अलावा दूसरी फसल लगाना किसानों के लिए जुआ खेलने के समान हो गया है। गढ़वा जिला मुख्यालय से सटे बंडा और लहसुनिया जैसी पहाड़ी व इससे सटे गांवों व शहर के कुछ हिस्सों में सैकड़ों की संख्या में नीलगाय हैं। ये रात के अलावा दिन में भी फसलों को बर्बाद कर रही हैं। गढ़वा जिले के उत्तरी क्षेत्र के एक दर्जन प्रखंडों में नीलगायों का आतंक है। किसानों द्वारा फसलों को बचाने के लिए लगायी जानेवाली बाड़ भी नीलगायों को नहीं रोक पाती। किसानों को नीलगायों के आतंक और उत्पात से बचाने में वन विभाग भी कुछ किसानों को मुआवजा देने के अलावा अन्य उपायों को लेकर निष्क्रिय है। गढ़वा जिले के उत्तरी क्षेत्र स्थित कांडी, बरडीहा, मझिआंव, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, मेराल व गढ़वा प्रखंड में नीलगाय सबसे ज्यादा फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा उत्तरी क्षेत्र के धुरकी, सगमा, डंडा व डंडई तथा दक्षिणी क्षेत्र चिनियां, रंका, रमकंडा, भंडरिया व बड़गड़ में नीलगायों का प्रभाव उपरोक्त प्रखंडों की तुलना में



थोड़ा कम है। गौरतलब है कि जिले के दक्षिणी क्षेत्र में खेती युक्त जमीन की तुलना में वन क्षेत्र ज्यादा है। इसलिए वनों में भोजन मिल जाने से नीलगाय उत्तरी की तुलना में यहां के गांवों में कम आते हैं।

### गढ़वा जिले में कैसे आयी नीलगाय

गढ़वा जिले में नीलगायों का आगमन बहुत पुराना नहीं है। करीब दो दशक पहले जिले में नीलगाय कांडी प्रखंड के सोन व कोयल नदी से पार कर बिहार से पहुंची हैं। लेकिन इन दो दशकों में नीलगायों की संख्या हजारों में हो गयी है। बताया गया कि शुरू में यहां के किसानों ने नीलगायों की उपस्थिति को गंभीरता से नहीं लिया था। वे तब नीलगाय को कौतूहल भरी नजरों से देखते थे। बिहार-झारखंड को बांटनेवाली सोन नदी से सटे कांडी प्रखंड के लोग बताते हैं कि नीलगाय को वह पहले बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड में आने-जाने के क्रम में देखते थे। धीरे-धीरे इनका आगमन पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंडों में हुआ। ग्रामीण बताते हैं कि वर्तमान में इनकी संख्या इतनी ज्यादा हो गयी है कि यदि इसका जल्द कोई स्थायी समाधान नहीं ढूंढ़ा गया, तो लोग खेती छोड़ने पर विवश हो जायेंगे।

### क्या कहते हैं नीलगाय से परेशान किसान

कांडी प्रखंड के देवड़ीह हिमांशु पाठक ने कहा कि नीलगायों के उत्पात के कारण किसानों की हालत दयनीय होती जा रही है। वह मंहगे बीज व खाद खरीद कर फसल लगाते हैं, पर नीलगायों द्वारा उसे नुकसान पहुंचा दिया जाता है। नीलगायों की वजह से गांव के बाहर के खेतों बटाई पर लेने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा है। किसान खेती करने से कन्नी काटने लगे हैं। वह स्वयं भी धान के अलावा रबी फसल नहीं लगा रहे हैं। इस संबंध में कांडी के रामलाला दुबे ने कहा कि फसल तैयार होते ही नीलगायों का झुंड फसलों को नुकसान पहुंचाने पहुंच जाता है। पहले आबादी वाले क्षेत्रों में नीलगाय नहीं आते थे। लेकिन अब घर के समीप लगी सब्जी की फसल भी नीलगाय खा जा रही हैं।

### फसल क्षति के मामले वन विभाग तक पहुंचे

गढ़वा जिले के उत्तरी क्षेत्र में पिछले तीन सालों के अंदर नीलगाय से फसल क्षति एवं अन्य जंगली जानवरों के हमले से संबंधित कुल 204 मामले वन विभाग तक पहुंचे हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में आये 50 मामलों में 8,15,800 रुपये का मुआवजा भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के ये सभी मामले नीलगाय से हुई फसल की क्षतिपूर्ति से जुड़े हैं। वहीं वर्ष 2021-22 में 60 मामले वन विभाग के पास पहुंचे। इनमें 5,85,500 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुआवजा भुगतान से संबंधित कुल 94 मामले वन विभाग के पास आये। इनमें कुल 11,64,400 रुपये का भुगतान किया गया। इसी तरह जिले के दक्षिणी क्षेत्र जहां सघन वन क्षेत्र भी मौजूद है। वहां 20 साल के आंकड़ों के अनुसार (साल 2002-03 से लेकर साल 2022-23 तक) जंगली जानवरों के हमले में 30 लोगों की मौत हुई है। इनमें 70 लाख रुपये मुआवजे का भुगतान किया गया है। जंगली जानवरों के हमले में इस दौरान कुल 59 लोग घायल हुए हैं। इन्हें 21,83,000 रुपये मुआवजे के रूप में भुगतान किये गये हैं। इस क्षेत्र में जंगली जानवर नीलगाय एवं हाथियों से हुई फसल क्षति के 1319 मामले वन विभाग तक पहुंचे। इनमें 52,57,140 रुपये का मुआवजा भुगतान किया गया।

## गढ़वा जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




राज्य के कई जिले सुखाड़ के चपेट में है। गढ़वा में भी धनरोपनी नहीं हुई है। किसान बारिश नहीं होने के कारण काफी चिंतित है। ऐसे में राज्य सरकार को अभिलंब सुखाड़ क्षेत्र घोषित करना चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर कही।

उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में बहुत कम धनरोपनी हुआ है। वह भी बारिश नहीं होने के कारण सूखने के कगार पर है। उसके कारण किसान चिंतित है। ऐसे में सरकार को अविलंब सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए किसानों को राहत देने चाहिए। साथ ही फसल बीमा ही होना चाहिए। लेकिन प्रशासन के उदासीन रवैया के कारण किसानों के फसल बीमा भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में स्थित रामासाहू आर्यवैदिक उच्च विद्यालय के नाम से जाना जाता है। पर पिछले दिनों से उक्त विद्यालय के नाम से आर्य वैदिक को हटा दिया गया। उसके कारण रामा साहू के वंशज काफी आहत है। उन्होंने कहा कि नंदकुमार गुप्ता के वंशज रामासाहू ने उक्त विद्यालय के जमीन दिया था और रामासाहू आर्यवैदिक विद्यालय की स्थापना हुई थी। पर पिछले कुछ दिनों से विद्यालय का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को अभिलंब मामले में संज्ञान लेते हुए कारवाई करते हुए पुनः रामासाहू आर्यवैदिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में कई लोग वृद्धा अवस्था पेंशन से वंचित है उसका मुख्य कारण पहचान पत्र में उनका उम्र कम होना है। ऐसे में जिला प्रशासन को अभिलंब कैंप लगाकर चिकित्सकों से मदद लेते हुए जरूरतमंदों का पेंशन शुरू करना चाहिए। कहा कि राज्य में व्यापक भ्रष्टचार के खिलाफ 15 को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गढ़वा पहुंचेगे। गढ़वा प्रखंड के बेलचंपा में लोगों की समस्या को सुनेंगे साथ ही वहां एक सभा का भी आयोजन होगा। प्रेसवार्ता में भाजपा नेता विनय चौबे, राजकुमार मधेशिया, संजय कायंस्कार, ब्रजेश उपाध्याय, उमेश पाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त

### शिक्षक दिवस पर आज सहायक अध्यापक काला बिल्ला लगाकर करेंगे अपना कार्य

**खरौंधी(गढ़वा)।** टेट पास समन्वय समिति के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार मेहता ने बताया की प्रखंड के सभी सहायक



अध्यापक मंगलवार 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। वर्तमान सरकार के द्वारा चुनाव पूर्व किया गया वादा 3 महीने के बाद वेतनमान देंगे पर अभी तक वेतनमान का वादा पूरा नहीं किया गया है। एक मांग वेतनमान के समर्थन मे एंव सहायक आचार्य त्रुटि पूर्ण नियमावली के विरोध में, आंदोलन का शंखनाद किया जा रहा है। वहीं विगत दिनों से रांची में टेट पास सहायक अध्यापक गण आमरण अनशन पर बैठे हैं। टेट समन्वय समिति सरकार से मांग करती है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अति शीघ्र अनशन को तुड़वाते हुए वार्ता करें एवं सीधे वेतनमान समायोजन सहायक अध्यापकों को करें। अन्यथा बाध्य होकर उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। साथ ही सरकार या सरकार के पदाधिकारी सहायक अध्यापकों को शोषण करने पर लगी है। इसलिए आगे उग्र आंदोलन के लिए कमर कसने की जरूरत है।

### वीडियो वायरल मामले में थाना में दी शिकायत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव निवासी रिंकू देवी ने अपने नाबालिग पुत्र का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने को लेकर थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसका पुत्र छाताकुड़ गांव में एक लड़की के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी क्रम में योगीयावीर टोला निवासी रवि कुमार गुप्ता ने उसके साथ मारपीट की और लड़का-लड़की दोनों को घर से बाहर निकाल कर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा कर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर दर्जनों व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल कर दिया। वीडियो डिलीट करने के एवज में रविकुमार गुप्ता ने 20 हजार रुपये की मांग की, जिसमें 10 हजार रुपये उसके द्वारा दिया गया है। फिर भी वीडियो डिलीट नहीं किया। उसके बाद रवि कुमार गुप्ता 26 अगस्त की रात्रि में उसके घर आकर धमकी देने लगा। इससे समाज और रिश्तेदारों में काफी बदनामी हुई। उन्होंने उक्त युवक पर कारवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व इसी मामले में नाबालिग लड़की पक्ष वालों ने भी रवि कुमार गुप्ता पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### मकान निर्माण में कार्यरत मजदूर हुआ घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव निवासी गुंजन उरांव पिता करमदेव उरांव मजदूरी करने के दौरान गिर कर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गंजन उरांव ने गढ़वा थाना क्षेत्र के चेतना गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक मकान की ढलाई कार्य में मजदूरी कर रहा था। इस दौरान सीमेंट का बैग उठाकर उंचाई पर चढ़ने के दौरान पैर फिसल कर नीचे गिर गया। जबकि सीमेंट भरा बैग भी गुंजन उरांव के उपर ही गिर गया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके शरीर के विभिन्न हिस्से में चोट लगी है। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### अज्ञात विषैले जंतु के काटने से महिला बीमार

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के पचपड़वा गांव निवासी योगेंद्र की पत्नी सुजांती देवी को अज्ञात विषैले जंतु ने काट लिया। इससे वह गंभीर रुप से बीमार हो गई। सदर अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सुजांती देवी ने खेत में घास काट रही थी। इस दौरान अज्ञात विषैले जंतु ने उसे काट लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजनों ने उसे बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### महिला को सांप ने डसा, चल रहा उपचार

**गढ़वा।** चिनियां थाना क्षेत्र के सेमराटांड़ गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी की पत्नी जैदुन बीबी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि जैदुन बीबी अपने घर के समीप एक खेत में गई थी। इस दौरान उसके दायां पैर में बहिरा जाड़ा सांप ने डस लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## मंहगाई की मार झेल रहे हैं राज्य के लोग : सुयांश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



भारतीय जनतंत्र मोर्चा की ओर से राज्य में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ समाहरणालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौपा। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुयश पांडेय ने कहा कि राज्य में मंहगाई चरम पर है। रोजमर्रा की वस्तुओं की मंहगाई लगातार बढ़ रही है। सब्जी की कीमत आसमान छू रही है। राज्य में भष्ट्रचार बढ़ी है। उससे राज्य के किसान परेशान है। डीलर और विक्रेता भी मुनाफा के लालच में भ्रष्टचार को बढ़ावा दे रहे है। रंजित तिवारी ने कहा कि राज्य के युवक रोजगार के इंतजार में है। उनकी उम्र खत्म बढ़ती जा रही है। सरकार ने बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। पर आज तक किसी तरह का पहल नहीं हुआ। राज्य के कई जिले सुखाड़ के चपेट में है। पर सरकार की ओर से किसानों की चिंता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अभिलंब जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करना चाहिए। मौके पर सुशांत शुक्ला, ब्रजेन्द्र किशोर, रंजित कुमार तिवारी, सुरेश राम, अभिषेक तिवारी, सुजाता देवी, अमरेन्द्र राम, सुनिल गुप्ता, शनि कुमार, आनंद कुमार, विनय कुमार, प्रभात राम, अभिनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## झामुमो युवा मोर्चा पंचायत कमेटी का गठन

### खूरी पंचायत : सर्व सहमति से अध्यक्ष बने राजेंद्र यादव

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खूरी पंचायत सचिवालय परिसर में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राजेंद्र यादव को बनाया गया तथा सचिव विकास सिंह सिंह व कोषाध्यक्ष सत्यनारायण यादव को बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष विनोद सिंह, राधेश यादव, उपेंद्र यादव, रामाशीष यादव, देवेंद्र गुप्ता को बनाया गया। वहीं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण यादव, अशोक यादव को बनाया गया। संगठन सचिव राजन गुप्ता को बनाया गया।



इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के बढ़ते जनाधार को देखते हुए भाजपा सहित अन्य पार्टियों के सैकड़ों कार्यकर्ता अपनी पार्टियों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने नवनियुक्त पंचायत कमेटी के पदाधिकारी को बधाई दी एवं मजबूती के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं तथा हम लोगों के द्वारा भी ग्रामीण जनता को लाभ पहुंचाने का निरंतर प्रयास जारी है। कहा कि पंचायत के प्रत्येक बूथ से प्रखंड को मजबूत बनाकर जिला को मजबूत करने में आप सभी नवीनयुक्त पदाधिकारी सहयोग करें। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में हर तरफ गढ़वा जिले में विकास कार्य हो रहे हैं जो यह सारा श्रेय हमारे स्थानीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को जाता है। इस मौके पर झामुमो नेता विभूति नारायण सिंह, बेलाल अंसारी, सतवंत यादव, मनोज बैठा, दयानंद राम, बनारसी सिंह, रामेश्वर सिंह, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय भूइयां, मिट्ठू सिंह, शाहित सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गढ़वा को खुलेआम लूटा जा रहा : तिवारी

### पूर्व विधायक ने कहा, शैक्षणिक संस्थानों की जमीन की बंदरबांट, मंत्री, विधायक नाम बदल गढ़वा के इतिहास को मिटा रहे

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने झामुमो पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो के मंत्री गढ़वा को खंडहर बना चुके हैं। बाहर से आ कर लोग गढ़वा को लुटने में लगे हुए हैं रामासाहु आर्यवैदिक उच्च विद्यालय के लिए गढ़वा के लोगों ने जमीन दान दिया था तब विद्यालय का निर्माण कराया गया था लेकिन वर्तमान में सत्तासीन झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक नाम बदलकर गढ़वा के इतिहास को मिटाने में लगे हुए हैं। आर्य समाज के लोगों के साथ भारी अन्याय हो रहा है। हम आर्य समाज के लोगों के साथ खड़े हैं। उनके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा में सारे नियम कानून को ताक पर



रखकर मनमाने तरीके से नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल स्टेडियम बनाने के नाम पर कन्या मध्य विद्यालय के जमीन का बंदरबांट किया गया। खेल स्टेडियम मानक के अनुसार नहीं बनाया गया है। वहीं हद तो तब हो गई जब विद्यालय के जमीन पर नगर परिषद द्वारा दुकान बना दिया गया है। आखिर विद्यालय के जमीन में नगर परिषद व्यवसायिक काम कैसे कर सकता है। आखिर उस दुकान का भाड़ा कौन लेगा। वहीं गोविंद हाईस्कूल के मैदान में भी नगर परिषद द्वारा अवैध निर्माण कराया गया। विद्यालय से एनओसी भी नहीं लिया गया है। किसी भी सरकारी विद्यालयों के जमीन के मालिक राज्यपाल होते हैं। लेकिन यहां झामुमो सरकार में बैठे मंत्री, विधायक सत्ता के हनक में अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मचारियों से गलत काम करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा में चुनाव लड़ने का ख्वाब देखने वाले कुछ लोग अपना निजी शैक्षणिक व्यवसाय को बचाने के लिए झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर के कार्यकर्ता बन बैठे हैं। ऐसे लोग समय समय पर जनता को भ्रमित करने में लगे रहते हैं। लेकिन जनता भी इनकी सच्चाई जान चुकी है। उन्होंने कहा कि गांव में गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर गढ़वा को खुलेआम लुटा जा रहा है। गढ़वा को बचाने के लिए लोगों को संकल्पित होना होगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया पोषाहार का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह के द्वारा सोमवार को ताली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान 11 गर्भवती महिला, 8 धात्री महिलाएं एवं 50 बच्चों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया है। मुखिया ने आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी एवं सहायिका रीता देवी से बच्चों और महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली सामग्री को ससमय उन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज सरकार के द्वारा बच्चों को गुणात्मक विकास को लेकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है इसका लाभ मिलना चाहिए।

**धर्म-कर्म**

## हरे कृष्ण मंत्र का जाप हमें अपने वास्तविक स्वरूप से जोड़ता है : जीयर

# कृष्ण का नाम लेने भर से टल जाती है विपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी जी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान लोगों को समझाते हुए कहा कि आज तक इस धरा धाम पर जितने भी भगवान का अवतार हुए हैं उन सभी में अवतारों में श्री कृष्ण अवतार सर्वश्रेष्ठ अवतार माना जाता है। इस अवतार में श्रीकृष्ण भगवान ने सभी कलाओं का प्रदर्शन किया है। इस अवतार में धर्म का रक्षा किए हैं तथा दुष्टों का संघार किये हैं। उन्होंने बताया कि कृष्ण का नाम लेने से बड़ी से बड़ी विपत्ति टल जाती है। संत महात्मा भी इन्हीं का अनेक रूपों में आराधना करते रहते हैं। इनके



स्मरण से जन्म मृत्यु का बंधन समाप्त हो जाता है तथा मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। देवता लोग भी श्री कृष्ण के बाल रूप का ध्यान करके आनंद लेते हैं। तथा इन्हीं का भजन करते हैं जिन्होंने कृष्ण का भजन किया समझो उनकी नैया पार हो गई। उन्होंने कहा कि सभी देवताओं में भगवान कृष्ण अपने भक्तों की समस्या का समाधान करने सबसे पहले आ जाते हैं। जिस रूप में भी इनका स्मरण किया जाए उसी रूप में मौजूद हो जाते हैं। आदि अनादि काल से भक्तों द्वारा संत महात्मा द्वारा उनके बाल रूप की पूजा की जाती है। ध्यान किया जाता है। कृष्ण नाम जप का अर्थ है, आध्यात्मिक शक्ति के साथ नाम का जप करना। इसलिए इस मंत्र का उच्चारण करने से हम अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित होते हैं। मंत्र जपने का सबसे महत्वपूर्ण लाभ है, यह हमें ईश्वर की प्राप्ति और ईश्वर के प्रति शुद्ध प्रेम की ओर ले जाता है। हम भौतिक चीजों के खोने से डरने लगते हैं और इस डर को जीने के बीच हम अपना असली स्वरूप खो देते हैं। हरे कृष्ण मंत्र का जाप हमें अपने वास्तविक स्वरूप से जुड़ने में मदद करता है। अपने वास्तविक सपनों, भय को साकार करने में सक्षम हैं।

**ओम श्री कृष्णः शरणम नमः :** यह मंत्र प्रिय भगवान कृष्ण का आह्वान है जहां आप उनसे प्रार्थना करते हैं कि वे आपको अपनी शरण में ले लें, अपने आप को अत्यंत भक्ति के साथ उनके प्रति समर्पित कर दें। ऐसा कहा जाता है कि यह मंत्र आपके जीवन और मन से सभी दुखों व कष्टों को दूर कर आपको शांति प्रदान करता है।

## स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह के तहत जागरूकता रैली आयोजित की गई, जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली के दौरान गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता जागरूकता रैली प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली विभिन्न गली मोहल्लों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर अपने आसपास साफ सफाई रखने का आवाहन किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र मलेश्वर पांडे ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वछता ही जीवन है।

# बरवाडीह व्यवसायिक समिति के संगठन का विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** सामुदायिक भवन के प्रांगण में सोमवार को व्यवसायिक समिति के संगठन विस्तार हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक राज की अध्यक्षता में बैठक हुयी, जिसमें हर क्षेत्र से दुकानदारों को पद से सुभोषित किया गया और समिति को मजबूत बनाने हेतु जिम्मेवारी दी गई। अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि इस व्यवसायिक समिति का उद्देश्य व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान करना है।

बैठक मे महासचिव जैकी चौरसिया और रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, लौकेश प्रसाद, इम्तियाज और स्वरीत छाबड़ा, सचिव - सोनू सिंह बस स्टेंड, राजेश वर्मा और अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू सरदार, सुभम दुबे और अख्तर खान, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, संगठन सचिव शमीउल्लाह उर्फ गुड्डू, सिराज अहमद, पवन कुमार, संगठन मंत्री दीपक बादशाह, सतेंद्र कुमार उर्फ पुटुन सिंह, धीरेंद्र गोस्वामी, महामंत्री - हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, फिरोज सिद्दीकी और अनूप गुप्ता, कार्यालय मंत्री सह मीडिया प्रभारी रवि भीम, राहुल अग्रवाल, ज्ञान गोस्वामी को बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, पंकज गुप्ता, भूपेंद्र सिंह के साथ- साथ अनिल सोनी, शंकर प्रसाद, संजय सोनी, अनंत अग्रवाल, चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ चच्चू, संजय छाबड़ा उर्फ टीटू, मनोज जयसवाल मेडिकल, उमेश प्रसाद, श्री राम, कन्हाई प्रसाद, देवराज अग्रवाल और प्रिंस गुप्ता को बनाया गया। इसके अलावा सलाहकार समिति में सुशील मेहता, मदन प्रसाद गुप्ता, रईस, विवेक सिंह, अमित अग्रवाल, असलम, पंकज सोनी, हसीब, कृष्णा कसेरा, शत्रुधन प्रसाद, महेंद्र प्र.गुप्ता, राकेश छाबड़ा पिंटू, सतीश कुमार गुप्ता (गुड्डू), अजीत गुप्ता, मुकु अग्रवाल, रविंद्र प्रसाद, फिरोज अहमद मुन्ना और पिंटू सिन्हा को बनाया गया। मीडिया सलाहकार में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, शशि शेखर, अर्जुन विश्वकर्मा और मयंक विश्वकर्मा को रखा गया। सक्रिय सदस्य के रूप में जगत नारायण माली, रिंकू खान, राज सिंह, नियाज अहमद, अमीर खान उर्फ डॉक्टर, सुभम नाथ, बमभोली, धीरेंद्र गोस्वामी, पीकू अग्रवाल, बडु, अखिलेश कुमार, तौकीर, शकील, साजन, नसीम, कृष्णा, नीरू, अजय सहित अन्य लोग शामिल है।

# प्राथमिक विद्यालय में जांच के दौरान पूर्णाडीह में ग्रामीणों ने किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत टोला पूर्णाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में जांच के दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा स्कूलों की विभिन्न स्थिति की जांच करने के लिए टीम गठित की गई है। इस बावत पूणार्डीह स्कूल में मध्याह्न भोजन, फर्नीचर, छात्रवृत्ति समेत विभिन्न बिंदुओं पर गठित टीम के द्वारा जांच किया जा रहा था। इस पर गांव के ग्रामीणों नें पढ़ाई संबंधी जांच करने की भी मांग रखी। उनकी बातों को नजर अंदाज कर देने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कहा कि हमें और हमारे बच्चों को पढ़ाई के अलावे और कोई भी सुविधा नहीं चाहिए। सरकार और विभाग द्वारा विद्यालय को भोजनालय और विभिन्न वस्तुओं का दुकान बनाकर हमारे बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रही है। छात्रवृत्ति, पोषाक, भोजन की बात हर पदाधिकारी पूछते हैं परंतु कोई बच्चों की योग्यता और पढ़ाई की शुद्ध नहीं लेता। पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे ककहरा और गिनती तक नहीं जानते हैं। जांच टीम से मांग किया है कि वे विभाग को सूचित करें की यहां पदस्थापित दोनों शिक्षकों का स्थानांतरण करके नए शिक्षकों को पदस्थापित करें। ग्रामीणों नें प्रधानाध्यापिका रीना देवी पर मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति के साथ अन्य चीजों में घोर अनियमितता बरतने एवं बच्चों को कुछ भी पढ़ाई ना करवाने का आरोप लगाया है। शिक्षक भी नियमित रूप से स्कूल नहीं आते हैं।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा, सामान संग दो दबोचे



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरी हुई वाहन वाशिंग मशीन एवं वाशिंग मशीन ढोने में प्रयुक्त ऑटो टेंपो के साथ दो चोरों को करते हुए दो चोरों को पकड़ते हुए पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

इस संबंध में सोमवार को छिपादोहर थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की पूरी जानकारी दी गई। मामले को लेकरआयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार, पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि बीते 3 जुलाई को थाना क्षेत्र के लक्ष्मी वाहन वॉशिंग सेंटर से अज्ञात चोरों द्वारा वाहन धोने वाला वाशिंग मशीन एवं उसमें लगे मोटर की चोरी कर लिया था। घटना के बाद दुकानदार अशोक प्रसाद द्वारा लिखित आवेदन देकर 3 जुलाई 23 को प्राथमिकी दर्ज कराया था। इस बाबत कांड संख्या 28/ 2023 अंकित कर शीघ्र उद्बेदन को लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक टीम गठन कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में मामले का उद्बेदन किया गया, जिसमें पाया गया कि दुकान में काम करने वाले एक शख्स के सहयोग से घटना में शामिल चार चोरों छिपादोहर और पहुंचकर दुकान में लगे वहां वाशिंग मशीन एवं मोटर की चोरी कर लिया था और अपने द्वारा लाए गए ऑटो(टेंपो)से ले जाकर इसे ठिकाना लगा करबेचने की तैयारी किया जा रहा था।

पुलिस ने सक्रियता से चोरी किया गया वाशिंग मशीन सामान ढोने में प्रयुक्त ऑटो टेंपो को जब्त किया गया है, जबकि इस मामले में जियाउल हक उर्फ बबलू ताबर (सतबरवा) निवासी एवं कुदुस अंसारी ताबर सतबरवा निवासी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मामले में शामिल दो अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। एसडीपीओ ने बताया कि चोरी कांड में शामिल जियाउल हक का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व लेस्लीगंज पलामू में चोरी के मामले में जेल जा चुका है और वर्तमान में जमानत पर छूटा हुआ है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, केस के अनुसंधान कर्ता काशी माली, सअनि. राजेश कुमार एवं छिपादोहर पुलिस जवान शामिल थे।

# सड़कों पर कोल वाहनों के आतंक से परेशान जनता

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया मुख्य सड़क से दिन-रात होने वाले कोयले की ढुलाई के कारण आम लोगों का सड़कों पर चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोयले का बारीक कण कभी कीचड़ बनकर तो कभी धूल बनकर खुले में चलने वालों की अक्सर हीं पुताई कर देते हैं। केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टीबारियातु कोलवरी से कटकमसांडी रेलवे साइडिंग प्रणव नमन नामक कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का कोयला स्टॉक खत्म होने के बाद अब टायकून कंपनी दिनरात 2 लाख टन कोयला ढुलाई करने के लिए अपना कमर कस चुका है।

दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले कई दिनों से जनता का चित्कार-पुकार की आवाज सुनकर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि मूकदर्शी बने

## लोगों को परेशानी से निजात दिलाने वाले की तलाश

हुए हैं। स्मरण हो कि कोल वाहनों से सड़क दुर्घटना में मौत होने पर मिलने वाली नगद सहायता राशि में भारी कटौती करते हुए 8 लाख रुपए के जगह अब महज 4 लाख तय किया गया है। वहीं पिछले दिनों हजारीबाग जिले का कोयला टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क से परिवहन का विरोध बीस सूत्री समिति की बैठक समेत प्रशासनिक अधिकारियों के पास फरियाद की जा चुकी है। बावजूद अब मामला पूरी तरह से शिथिल पड़ता दिख रहा है। बताया जाता है कि अब लोग किसी ऐसे मसीहे की तलाश कर रहे हैं जो निःस्वार्थ होकर उपरोक्त समस्याओं से स्थाई निजात दिलाने की हैसियत रखता हो तथा खुलकर बेखौफ अपना दम दिखा सके।



## संक्षिप्त

### बीपीएससी में सफलता प्राप्त करने पर रानी को कोचिंग संस्थान ने किया सम्मानित



**बालूमाथ।** विद्या कोचिंग सेंटर में एक समारोह का आयोजन कर बीपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाली रानी कुमारी को सम्मानित किया गया। बता दें कि रानी कुमारी ने 2006 में माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद लंबा संघर्ष कर उन्होंने यह सफलता हासिल की। रानी कुमारी ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अंकेक्षण पदाधिकारी पद पर नियुक्त हुईं हैं। इस अवसर पर रानी कुमारी के माता पिता, शिक्षक निर्मल सिन्हा, अवनिकान्त पाठक, ज्ञानेश्वर पाठक, ओमप्रकाश, राजीव रंजन पांडेय, बिनोद साहू, संतोष सिन्हा के अलावा सैकड़ों छात्र और छात्राएं मौजूद रहे। रानी कुमारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मेरी माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई विद्या कोचिंग सेंटर के निर्देशन में पूर्ण हुयी। सभी गुरु जनों को सादर नमन है। ज्ञानेध्वर पांडेय ने कहा कि गुरु हमेशा अच्छे शिष्य की चाहत रखते हैं।

### ग्राम कुकुद पाठ में वज्रपात से एक वृद्ध की मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पोरसा पंचायत के ग्राम कुकुट पाठ में वज्रपात से एक वृद्ध की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक जंगल में खुखड़ी चुनने गया हुआ था इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से उसकी की मौत हो गई, जिसकी पहचान दोड़मा नगेसिया ग्राम कुकुद पाठ 70 वर्ष के रुप में हुई है। इसकी जानकारी ओरसा पंचायत के मुखिया के द्वारा महुआंडाड़ थाना को दी गयी। जानकारी प्राप्त होते ही पुअनि थाना प्रभारी रतन टुडू दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर महुआंडाड़ थाना ले आए और कागजी कार्रवाई पुरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है।

### तीन गांवों के ग्रामीणों के पुनर्वास को हुयी बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पलामू टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में अवस्थित 3 गांवों के ग्रामीणों के पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पीटीआर के कोर क्षेत्र में अवस्थित कुजरूम, जयगीर एवं लाटू ग्राम के ग्रामीणों का सरयू प्रखंड अंतर्गत चोरहा पंचायत के लाई गांव में पुनर्वास किये जाने पर विमर्श किया गया।पुनर्वासित किये जाने वाले परिवारों को भूमि एवं मुआवजा की राशि उपलब्ध कराये जाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में पुनर्वास के लिए चयनित गांवों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर भी चर्चा की गयी। बैठक में उप निदेशक पीटीआर दक्षिणी कुमार आशीष, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर उत्तरी ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार उपस्थित थे।

### सात दिवसीय भागवत कथा की हुई शुरुआत

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर क्षेत्र में रविवार से राधा रमन भागवत प्रचार मंडली द्वारा सात दिवसीय वार्षिक संगीतमय भागवत कथा कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें बतौर वृंदावन के कथा वाचक के रूप में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री शिरकत करने पहुंचे। भागवत कथा 9 सितंबर तक चलेगी। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य सह जिप सदस्य संतोषी शेखर, स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, मुखिया कालो देवी, रेलवे क्लब सचिव रणजीत सिंह राणा, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, आयोजन समिति के निरंजन सिंह, छोटे सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, बबलू मिश्रा, कन्हैया पाठक, यश कुमार, अरुण कुमार, कृष्णा राम, बिबेक कुमार, बुधराम, लव पासवान, राजा पासवान, अरविंद मिश्रा, सुनील कुमार, सुधा दुबे, विकास कुमार पासवान, कन्हैया समेत काफी संख्या भक्त लोग शामिल थे।

### रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का उद्घाटन



**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित चौपारण रोड में जैन पेट्रोल पंप के समीप रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का उद्घाटन सोमवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, जिप सदस्य सरिता देवी, डीएसपी केदार नाथ राम, टुन्नी सिंह, सतीश सिंह, रंजन भारती, भरत साव और रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का टीम उपस्थित थे।

### ग्राहक सेवा केंद्र का प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**पत्थलगडा।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नोनगांव में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन बीओआई नावाडीह शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार, मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उप मुखिया तारा देवी, देवचन्द दांगी, महावीर सिंह, मुकेश यादव, टिंकू कुमार, भरत कुमार, शंकर कुमार, विक्रम कुमार मौजूद थे।

### खिलाड़ियों का निबंधन आज से, 20 तक करें

**लातेहार।** जिला भर के खिलाडियों का निबंधन 5 सितंबर से 20 सितंबर तक किया जाएगा। सत्र 2023-24 के लिए जिलाभर के क्रिकेट खिलाड़ी अपना निबंधन करवा सकते हैं। संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने बताया कि स्कूली क्रिकेट के लिए 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी अपना निबंधन 5 सितंबर से 15 सितंबर तक करवा सकते हैं। सत्र 202324 के लिए सीनियर खिलाड़ी अपना निबंधन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक करवा सकते हैं।

# कच्ची सड़क पर आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड मुख्यालय स्थित भदईबथान गांव में भदईबथान से सधवाहीह जाने वाली सड़क ऐसा हाल है की गाड़ी से चलना तो दूर की बात है। कोई आदमी या जानवर को भी पार होना मुश्किल का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सड़क इतनी खराब है। पांकी से आने वाली गाड़ी को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वही समाजसेवी गोविंद यादव ने बताया की यह सड़कों पर सफर करना आसान नहीं, बल्कि चुनौती बन गया है। जाने को सड़क है लेकिन तालाब जैसी नजर आ रही है। ऐसी सड़के जिस पर राहगीरों को चलना दुर्लभ हो गया है। वहां से आने जाने वाले को छोड़ दीजिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां का वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह को ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिया गया है, लेकिन कोई अमल नहीं किया गया। इससे ग्रामीण जनता को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इससे सड़क खराब होने से प्रखंड मुख्यालय जाने में काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों को कीचड़ पार करके जाना पड़ता है। वहां के ग्रामीणों ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक से निवेदन किया है की सड़क को जल्द से जल्द बनाया जाए। यहां के ग्रामीणों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर समाजसेवी गोविंद यादव, समाजसेवी सह वार्ड सदस्य पति पंकज यादव, सुजीत कुमार यादव, उमेश यादव, राजू सिंह, हिरेंद्र यादव, दिनेश सिंह, सुकून सिंह, दरोगी यादव, लल्लू सिंह, नितेश यादव, बिनोद यादव, मुंशी यादव, प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

## गिद्धौर के बीडीओ ने की जलमीनार निर्माण कार्य की जांच

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियातू हरिजन टोला में पीएचईडी द्वारा बनाए जा रहे जलमीनार निर्माण कार्य की जांच बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने सोमवार को की। इस दौरान बीडीओ ने गलत स्थल पर चयन कर किये जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने की बात कही। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि जलमीनार निजी जमीन में बन रहा है। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि एक घर के आबादी वाले जगह पर जल मीनार निर्माण नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य सार्वजनिक स्थल जहां से सभी को पानी पीने में कोई दिक्कत नहीं हो उस जगह पर कराई जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों के अनुरोध पर आगामी मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से शिविर लगाकर बीमार लोगों को इलाज कराने की बात कही। गांव में दो दिव्यांग व एक गूंगे को प्रमाण पत्र बनाने की बात कही। मंगलवार को जनता दरबार में बरियातू हरिजन टोला के दर्जनों ग्रामीणों ने निजी जमीन व स्थल बदलकर जलमीनार निर्माण किए जाने का आवेदन दिया था।

# कबाड़ी की आड़ में करते थे चोरी की गाड़ियों की कटिंग

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** शहर में सक्रिय अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पुलिस टीम ने एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए उद्भेदन करते हुवे गिरोह में शामिल युवकों को गिरफ्तार करने के साथ एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि दो दिन पूर्व शहर के गुदरी बाजार से डल्ला-टेम्पो चोरी की सूचना मिली थी। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक को निरुद्ध किया गया। जिसके निशानदेही पर हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर चोरी गए टेम्पो का कटा हुआ पाट्र्स, इंजन, डल्ला व उसके खरीद-बिक्री में प्रयुक्त मापतोल मशीन को बरामद किया गया है। आगे बताया कि हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत नरैना जंगल व चौपारण में स्थित राजेश कुमार नामक कबाड़ी दुकान से चोरी के टेम्पो का पाट्र्स बरामद हुआ है। साथ ही मौके से

## पुलिस ने चोर गिरोह का किया उद्भेदन, चतरा व हजारीबाग से लेकर बंगाल तक फैला है जाल

इस गोरखधंधे में शामिल बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत पोतपुर गांव निवासी गिरोह का शातिर चोर जिनारूल शेख को पकड़ा गया है। इसके अलावे कबाड़ी दुकानदार चौपारण निवासी राजेश कुमार के साथ चतरा के कठौतिया निवासी रोहित कुमार उर्फ टीरा व लाइन मोहल्ला निवासी अंकुल तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अंकुल और रोहित गाड़ियों की चोरी कर उसे खरीद बिक्री के धंधे से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि गिरोह से जुड़े अन्य फरार चोरों की धर पकड़ और पहचान को लेकर पुलिस निरंतर अभियान चला रही है। अभियान में एसआई मनोज पाल व एएसआई रंजय कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बंद पड़े मुरपा अस्पताल का चिकित्सा प्रभारी ने किया औचक निरीक्षण

**बालूमाथ।** बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बड़ाईक ने मुरपा में बंद पड़े अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ाईक ने बताया कि सीएस के निर्देश पर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। आने वाले दिनों में यहां स्वास्थ्य सुविधा दिए जाने की संभावना है। वहीं मौजूद ग्रामीणों ने डॉक्टर और नर्सिंग व्यवस्था रखने की मांग की। मौके पर डॉ बड़ाईक ,नाजिर रौसन कुमार,एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार मुरपा सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष डॉ रोहन गोप के अलावा कई ग्रमीण उपस्थित रहे। बता दें कि बालूमाथ प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मुरपा की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। इसको देखते हुए मुरपा में वर्षों पहले अधिक से अधिक कमरों वाला सुविधा युक्त अस्पताल करोड़ों रुपये की लागत से बनवाया गया था। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अस्पताल उपयोग में नहीं किए जाने से वर्षों से बंद पड़ा रहा, जिसके दुष्परिणाम मुरपा का नवनिर्मित भवन बिना उद्घाटन हुए खंडहर में ताब्दीन होता जा रहा है।

## विवाद: बीईओ घनश्याम चौधरी व सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के विरुद्ध कसी कमर

# बीईओ के बयान को लेकर शिक्षक संघ में जबरदस्त आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** बीईओ घनश्याम चौधरी के बयान को लेकर आक्रोशित झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसे लेकर स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर में सोमवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की लातेहार जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज की अध्यक्षता में प्रखंड के शिक्षक संघ की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से सफियानी बेक, प्रभा टोप्पो, उसेर्ला एक्का, आनंद कुमार लकड़ा, अरूण कुमार टोप्पो, प्रेम यादव, फुलदेव खलखो, प्रदीप कुजूर आदि शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

बैठक उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए मिंज ने अपने ऊपर लगाये गए आरोप को सरासर गलत एवं बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि हम आदिवासी बनाम जेनरल की जातिवादी बात करते हैं पर सर्विस करते हुए इतने वर्ष हो गयें हम कभी भी ये कार्य नहीं किये हैं और न ही आपलोग सुने होंगे। मिंज ने आगे कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि यूसुफ अंसारी ज्यादा जानकारी रखते हैं। तो क्या केवल यूसुफ अंसारी ही प्रतियोगिता परीक्षा पास करके आये हैं और हमारी ऐसे ही बहाली हो गई क्या? बीईओ के बयान से लगता है कि यूसुफ के रिटायर होने के बाद भी उसे रखेंगे क्या? मिंज ने आगे कहा कि यूसुफ अंसारी ग्रेड फोर का वेतन उठा रहे हैं और कार्य कर रहे हैं सहायक शिक्षक का। आखिर क्यों वे विद्यालय का प्रधानाध्यापक का पद भार संभालना छोड़कर बीईओ के साथ विद्यालय विद्यालय जाकर भ्रमण कार्य कराते हैं। महिला विंग की प्रखंड अध्यक्ष प्रभा टोप्पो ने कहा कि बीईओ अपना पाप छुपाने के लिए हम पर आरोप लगा रहे हैं और गलत बयानबाजी कर रहे हैं। बीईओ कहते हैं कि स्कूल टाइम में नही बुलाते हैं तो फिर स्कूल टाइम लेकर बीईओ यूसुफ अंसारी को साथ लेकर विद्यालय विद्यालय क्यों जाते हैं? सफियानी बेक ने कहा कि प्रभारी शिक्षिका प्रभा टोप्पो स्थापना विद्यालय की शिक्षिका है और बिल संबंधी एवं वेतन निकासी का कार्य उनके द्वारा किया जाता है। इस कार्य के लिए शिक्षकगण सामूहिक रूप से आपसी सहमती से यात्रा भत्ता जमा करते हैं। इसमें अनुपा मिंज की स्पेशल कोई भागीदारी नही है। उन्हें बेवजह बदनाम किया जा रहा है।

### कभी मजदूरी करके होता था परिवार का गुजारा, आज महीने की शुद्ध कमाई 20 हजार

# एसएचजी ग्रुप से जुड़कर भटखिजरी की ममता बनीं आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर प्रखंड अंतर्गत भटखिजरी निवासी सूरज साहू की पत्नी ममता देवी ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन को आत्मनिर्भरता की ओर ले गई।



जानकारी के अनुसार ममता देवी लोहरदगा प्रखंड के अन्तर्गत जेएसएलपीएस के साथ समूह से 2017 में जुड़ीं। समूह के माध्यम से जरबेरा फूल खेती, जैविक खेती एवं मुर्गी चूजा हार्डनिंग सेंटर संचालन का प्रशिक्षण लिया। विगत 3 वर्षों से फूल खेती कर रही है। समूह में जुड़ने से पहले परिवार की स्थिति दयनीय थी। इनके परिवार में स्वयं, पति एवं दो बच्चे हैं। समूह में जुड़ने से पूर्व इनके पति मजदूरी कर के परिवार चला रहे थे। इतनी कम आय से परिवार का भरण-पोषण के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई में बहुत परेशानी का सामना करना पढ़ रहा था। समूह में जुड़ने के बाद अगस्त 2018 में समूह से ममता ने 30 हजार रुपये का ऋण लेकर पति को वेल्डिंग दुकान का कराया। मार्च 2019 में ऋण लेकर दो देसी गाय खरीदकर गाय पालन शुरू किया। कोरोना वर्ष के दौरान दिसम्बर 2020 में ममता ने जैविक विधि से खेती का प्रशिक्षण लिया और तब से सब्जी की खेती जैविक विधि से कर रही हैं। इसके साथ ही जेएलपीएस के द्वारा उद्यान विभाग के सहयोग से जरबेरा फूल की खेती कर सीजन में 15-20 हजार रुपये तक की आमदनी कर रही हैं। ममता में बताया कि उनके पति ने रामकृष्ण मिशन से मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया और लेकर छोटे पैमाने पर मधु उत्पादन का कार्य भी शुरू किया। समूह से वर्ष 2020 में ही 50 हजार रुपये का ऋण एवं बैंक से डेढ़ लाख रुपये का ऋण लिया और पति 300 पेटी से मधु उत्पादन को व्यवसायिक रूप दे चुके हैं। मधु बेच कर वर्ष में 1 लाख रुपये तक की आमदनी हो जाती है।

घर में ही उत्पादक समूह के माध्यम से मुर्गी चूजा हार्डनिंग सेंटर संचालन कार्य कर रहे हैं, इससे एक बार के उत्पादन में 5-7 हजार रुपये तक का आमदनी हो रहा है। पति मजदूरी का पेशा छोड़ चुके हैं और अपने वेल्डिंग का कार्य करने का साथ मधुमखखी पालन, मुर्गी हार्डनिंग सेंटर एवं जैविक खेती में भी अपना हाथ बंटाते हैं। परिवार के अन्य सदस्य भी सभी कार्यों में अपना समय देते हैं और आज दीदी के पास 7 बकरी, फूल खेती का ग्रीन हॉउस, 300 मधुमख्खी पालन पेटी, हार्डनिंग सेंटर, 1.2 एकड़ में जैविक खेती की जमीन अपना है। इससे महीने में लगभग चारा-दाना, मजदूरी, मिश्त्री खर्च, बिजली बिल निकालने के बाद 15 से 20 हजार रुपये तक महीने की शुद्ध आमदनी हो जा रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रही हैं। ममता देवी को सखी मंडल से जुड़ने के बाद आजीविका के अन्य साधन से जुड़ने का मौका मिला, जेएसएलपीएस एवं समूह को आभारी मानती हैं। आज वह मेहनत करते हुए आत्मनिर्भर व्यवसायी बन गई हैं।

## बच्चों को साहसी बनने की सीख देता स्काउटः एएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



भारत स्काउट और गाइड आपसी बंधुत्व की बनाए रखने का संदेश देता है। उक्त बातें चुन्नीलाल हाई स्कूल में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण समापन समारोह में मुख्य अतिथि एएसपी दीपक पाण्डेय ने कहा। एएसपी दीपक पाण्डेय ने कहा की भारत स्काउट गाइड बच्चों में अनुशासन के साथ साहसी बनने की सीख देता है। इस संस्था द्वारा विभिन्न अवसरों पर किए गए कार्यक्रम सराहनीय है। भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने प्रशिक्षण शिविर में सीखी बातों को आत्मसात करने पर बल दिया। संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने कहा कि जीवन में हर तरह की चुनौतियों से संघर्ष करने योग्य की दिशा में कार्य करता है। जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने हमेशा कार्य के प्रति सचेत और समर्पण का संदेश के अलावे तकनीकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षणर्थियों का हौसला आफजाई की। इसके पूर्व ट्रेनर संध्या सिंह की अगुवाई में सबों का स्वागत किया गया। मौके पर शिविर प्रधान पुष्पा बाखला, ट्रेनर मांगे भगत, चंद्रकला गुप्ता, सरोज तिर्की, रेखा कुजूर, रीति गुप्ता, आरती कुमारी के अलावा अन्य परक्षिणार्थी मौजूद थे।

### एनएच 143 ए पर गड्ढा बना जानलेवा, 12 घंटे में तीन दुर्घटना

# संवेदक की लापरवाही का खमियाजा भुगत रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
एनएच 143 ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक कुडू साप्ताहिक बाजार मुख्य गेट के सामने बीच सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे में आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रविवार शाम से लेकर सोमवार प्रातः तक लगभग 12 घंटे के अंदर तीन बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।



रविवार को दोपहर बाद हुए हलकी बारिश में इस जानलेवा गड्ढे में पानी भरने के कारण शाम में कुडू के डोरोटोली निवासी एक बाइक का चक्का पड़ने के कारण असंतुलित होकर बाइक लगभग 30 फीट दूर तक घसीटती चली गयी, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। गनीमत रहा कि उस समय कोई चौपहिया वाहन रोड से नहीं गुजरा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना के कुछ देर बाद ही रात में ही चान्हो की एक बाइक सवार युवक इस गड्ढे के कारण बाइक सहित गिर पड़ा। बाइक धीमी गति में होने के कारण उसे हल्की चोट लगी तीसरी घटना सोमवार को प्रातः लगभग पांच बजे की है। लोहरदगा अमला टोली निवासी एहसान खान के 24 वर्षीय पुत्र गुफरान खान अपनी बाइक से लोहरदगा से रांची जा रहा था। तभी कुडू बाजार गेट के बने इस गड्ढे में बाइक का चक्का पड़ने से असंतुलित होकर बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नेशनल हाइवे रोड पर पिछले लगभग दो माह से गड्ढा बना हुआ है, जो धीरे-धीरे लगभग दस फीट चौड़ा और ढाई से तीन फीट तक गहरा हो गया है। गंदा पानी इस गड्ढे और रोड पर भरा रहता है। इसके दुर्गंध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदा पानी का छिड़काव आम लोगों पर होते रहता है। हल्का बरसात होने पर वाहन चालकों को इस गड्ढे का पता नहीं चल पाता है। कुडू-लोहरदगा एनएच 143 ए सड़क निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इससे लगभग एक सौ फीट पहले तक करके पिछले लगभग तीन माह से बंद कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि इस सड़क से आए दिन यहां के स्थानीय विधायक एवं राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का काफिला सहित अन्य नेता, मंत्री, जिला और प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों के वाहन इसी जानलेवा गड्ढे को पार कर गुजरते रहते हैं, लेकिन अभी तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। इस संबंध में कुडू के सीओ प्रवीण कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि रोड निर्माण करा रहे संवेदक को दो बार फोन कर इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया है। वहीं एनएचएआई के इंजीनियर राहुल कुमार से बात करने पर कहा कि हम इसकी सूचना संवेदक को दे दिए हैं। जल्द ही रोड को दुरुस्त किया जाएगा। अगर समय रहते जल्द इस गड्ढे को नही भरा गया तो कभी भी बड़ा गंभीर दुर्घटना से इंकार नही किया जा सकता है।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में आदेश का पालन करने का निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों में अवैध बालू उठाव, परिवहन को लेकर थाना स्तर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रखण्डवार कार्रवाई व आर्थिक दंड की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव/परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन/परिवहन, बॉक्साईट का अवैध खनन/परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय। साथ ही, एनजीटी के द्वारा पारित आदेश का भी पालन किया जाय। जिस भी थाने में कार्रवाई होती है उस पर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी को सूचित किया जाय। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## विभागस्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्या मंदिर ने लहराया परचम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में गुमला विभाग से गुमला, रायडीह, कैंबा टेंगरिया और लोहरदगा संकुल के चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विज्ञान प्रश्न मंच के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, संगणक के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, अंग्रेजी के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, विज्ञान पत्र वाचन के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, त्वरित भाषण के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, वैदिक गणित के बाल एवं किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान, संस्कृत के बाल वर्ग में द्वितीय एवं संस्कृति बोध के किशोर वर्ग में भैया बहनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्या मंदिर ने पूरे गुमला विभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा प्राप्त इस उपलब्धि पर प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सहसचिव अश्विनी कुमार, शिक्षाविद कृष्ण प्रसाद, प्रो शशि गुप्ता, सदस्य जीत राम बड़ाइक, पूनम मिश्रा, शोभा देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, विद्यालय के आचार्य आचार्या आदि ने भैया बहनों को बधाई देते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कहा कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता से भैया बहनों में प्रतिभा का विकास होता है।

# एक महिला समेत पांच गिरफ्तार भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस ने जिले में मादक पदार्थो के रैकेट का खुलासा करते हुए एक महिला समेत पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में गुड्डु कुमार वर्मा पिता स्व. - नन्दु वर्मा, विशाल साहु पिता - बालगोबिंद साहु, रवि कुमार पिता - दिनेश कुमार साहु, बबलु कुमार पिता देबु प्रसाद व मीरा देवी पति स्व. नंदु वर्मा शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को गुप्त सूचना मिली की पावरगंज कोर्ट रोड लोहरदगा निवासी गुड्डु कुमार वर्मा जो अपने गुमटी में मादक द्रव्य पदार्थों का गुप्त रूप से व्यापार करता था। जिसमें खास तौर से स्थानीय युवको को नशा करने हेतु सामग्रियों उपलब्ध कराता है, जिससे आस-पास के

### अवैध रूप से संचालित मादक पदार्थो के रैकेट का हुआ खुलासा

युवक नशा के आदि हो रहे थे एवं अपराधिक घटनाओं को मे लिप्त हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया। कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारीगण को सूचित करते हुये एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, कायार्पालक दंडाधिकारी सन्नी कुमार दास, एवं ड्रग्स इन्सपेक्टर पुनम तिर्की तथा सशस्त्र बल के साथ गुड्डु कुमार वर्मा के घर में छापामारी किया गया। जिसमें भारी मात्रा में ऑनरेक्स, गाँजा, चरस, एवं नगदी बरामद किये गये। साथ ही गुड्डु कुमार वर्मा के निशानदेही के आधार पर पावरगंज कोर्ट रोड स्थित बबलु कुमार एवं विशाल साहू के घर के अलावे कृषि बाजार बीआईडी निवासी रवि कुमार के दुकान की तालाशी ली गई, प्रत्येक के घर से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ एवं इसमें इस्तेमाल किया जाने वाला अन्य सामग्री- गांजा, पान गुटका, चिल्लम, कमला पसंद, सिगरेट, खैनी एवं पुलिस की चितकबरा वर्दी, दो चाकु, एक पिस्टल जैसा डम्मी हथियार आदि बरामद किये गये जिसके संबंध में कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराने पर विधिवत जप्त कर सभी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस तालाशी व छापमारी के क्रम में गुड्डु कुमार वर्मा की मां मीरा देवी को भी मादक व नशीले पदार्थों के क्रय विक्रय करने में सहयोग करने के आरोप में महिला पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दण्डाधिकारी के उपस्थिति में गिरफ्तारी का कारण बताते हुये विधि सम्मत गिरफ्तारी की गई है।

## डीएमके नेता के बयान की भाजपा नेताओं ने की निंदा

**लोहरदगा।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने डीएमके नेता व मंत्री उदयनिधी की सनातन धर्म को खत्म करने को लेकर की गई टिप्पणी को पागलपन की पराकाष्ठा बताते हुए घोर भर्त्सना की है। उन्होंने कहा है कि सनातन को खत्म करने की बात करने वाले खुद खत्म हो जायेंगे। सनातन शास्वत है, इसे दुनिया की कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर करती। उदयनिधी की टिप्पणी की निंदा करने वालों में ओम प्रकाश सिंह के अलावा सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, भाजपा नेता संजय बर्मन, ओवैसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय पंकज, मिथुन तमेड़ा, बाल्मीकि कुमार, शशि भूषण सिंह, अवधेश मित्तल, निधिकांत प्रभाद, परमानंद कुमार, संजय चौधरी, नीरज कुमार, लाल निरंजन शाहदेव, मनोज गुप्ता,अतुल कुमार आदि हैं।

## 'स्कूलों में बच्चों की नियमित उपस्थिति है बेहद जरूरी'

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



विद्यालय में नियमित उपस्थिति से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता होती है। प्रायः देखा जा सकता है कि अनियमित रूप से या कक्षा में उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन कमजोर रहता है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पढ़ाई मे मेनत करें, तभी उनका भविष्य उज्जवल होगा। ये बातें प्रखंड क्षेत्र के रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में पिछले अगस्त महीने में अपनी कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। बताते चलें कि झारखंड शिक्षा विभाग विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने हेतू एक विशेष कार्यक्रम 'प्रयास' चला रहा है। इसके तहत विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति के सदस्यों द्वारा कई क्रियाकलाप आयोजित कर बच्चों को विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। राजकिशोर उरांव, पवन उरांव, शुभम, रजिया प्रवीन, नाजिया, रौशनी, नफीसा, राहूल सहित दर्जनों बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त

### यूथ कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की बैठक हुयी

**महुआडांड़।** युथ कांग्रेस कमिटी का कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को प्रखंड युथ कांग्रेस के अध्यक्ष आमिर सुहैल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में अगले कार्यकारिणी बैठक से पहले पंचायत कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया एवं बुथ कमेटी बनाने के लिए प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कमेटी के उपाध्यक्ष अलिका मिंज, शकील खान उर्फ पप्पू, महासचिव अमला किंडो, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश ठाकुर, खेल प्रभारी शहीद अख्तर, मोरीश कुजूर, अली रजा, अजय कुमार शर्मा, रवि कुमार ठाकुर, सफरूल अंसारी, अनुरवि खाखा, नितिन, नवल, नवीन, सद्दाम खान, अबुजर, खुशदिल, अफरोज एवं युथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा मंडल की बैठक

**बालूमाथ।** झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा की तैयारी के लिए मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुयी। इसमें बताया गया कि 18 सितंबर को लातेहार एवं मनिका विधानसभा में संकल्प यात्रा होनी है। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, त्रिवेणी साहू, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति अरविंद भगत एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, सूरज साह विजय यादव, अखिलेश भोक्ता, रघुनंदन सोनी, महावीर तुरी, सुरेंद्र भगत, विजय ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी आशुतोष, गजेंद्र, हिमांशु, तुलसी प्रसाद, संजय गुप्ता, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक हुयी

**महुआडांड़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 18 सितंबर को आहूत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर महुआंडाड़ भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष संभू प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। पूनम देवी ने कहा कि हमें इस संकल्प यात्रा को सफल बनाना है। वहीं मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने कहा कि यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें। मौके पर जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, जिला उपाध्यक्ष भानू प्रसाद भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य रामदेव सिंह, प्रखंड महिला भाजपा अध्यक्ष पूनम देवी, प्रशांत सिंह,आन्द नाथ शाह, मोहन यादव दीपेन्द्र नाथ शाह, शकील खान, प्रकाश बड़ाइक, नरेंद्र सिंह जमुना प्रसाद, सुनील जायसवाल, सिंपल कुमार आदि मौजूद थे।

### डोर टू डोर चलाया गया जागरूकता अभियान

**सिमरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में सोमवार को सिमरिया प्रखंड के लिपदा ग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर पीएलवी सुबोध कुमार शर्मा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी एवं 9 सितंबर को चतरा में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देने के साथ लोगों को साइबर क्राइम की भी जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि बैंक कभी भी फोन पर आपके खाते से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मांगती है।

**आयोजन** समाहरणालय मैदान में कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

# एलपीजी में 200 की कटौती चुनावी स्टंट : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मोदी सरकार द्वारा एलपीजी गैस में ?200 की कटौती करने को कांग्रेस ने चुनावी स्टंट बताया है। कांग्रेस ने कहा कि यह आगामी पांच राज्य में होने वाले चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक स्टंट है। मोदी सरकार की इस छद्म राजनीतिक स्टंट को आम जनता की बीच पदार्फाश करने के लिए आज समाहरणालय के समीप धरना प्रदर्शन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने किया। शकील अहमद ने कहा कि लूट



भाजपा के डीएनए में मौजूद है केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। रसोई गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर अब 200 कम करके चुनावी स्टंट अपना रही है। प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमत में ?200 की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अभी महंगा है मगर बीजेपी यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया। इस सरकार से सभी वर्ग आहत हैं और त्राहिमाम कि स्थिति है। देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। महंगी गैस महंगा तेल थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि त्यौहार तो बहाना है पांच राज्यों का चुनाव निशाना है। मोदी सरकार को इंडिया गठबंधन से डर है और आने वाले चुनाव में जनता ने करारा जवाब देने का काम करेगी। मौके पर नेसार अहमद, जगदीप भगत, रऊफ अंसारी, सलीम अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी,विशाल डुंगडुंग,सीमा परवीन, शाहिद अहमद बेलू,आजाद खान,नंदू शुक्ला, मुस्ताक अहमद डोमना उरांव तनवीर गौहर युनुस अंसारी जुगल भगत विनोद खेरवार रविंद्र खेरवार दीपक ठाकुर संतोष महतो, दीपक महतो,मुजम्मिल अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन व मांग सभा आयोजित

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ जिला शाखा-लोहरदगा के तत्वावधान में धरना-प्रदर्शन व मांग- सभा आयोजित की गयी। राज्याध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि अविकसित देश भारत में ठेकेदारी प्रथा चलाना देश को 80 साल पीछे ढकेलने के समान है, क्योंकि इससे देश का विकास नहीं, बल्कि मजदूरों का शोषण अनवरत जारी रहेगा। इससे पहले पुरानी नगरपालिका कार्यालय के बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर मेन रोड होकर शहीद अशफाक उल्लाह खान चौक बगडू मोड़ होते हुए अपर बाजार महावीर चौक में मांग-सभा के बाद कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

NEWS इन ब्रीफ

## दिवाली तक 65000 पहुंच सकता है सोना

**नई दिल्ली।** सोना निवेश का ऐसा विकल्प है, जो बाजार की अनिश्चितताओं, उच्च महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने के दौर में हमेशा सुरक्षा देता है। वैश्विक स्तर पर बने हालात और देश में शुरू होने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए यह सोने में निवेश का अच्छा मौका है क्योंकि दिवाली तक घरेलू बाजार में सोना 65,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसके 2,150 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचने का अनुमान है। एक सितंबर, 2023 को घरेलू बाजार में पीली धातु 60,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुई थी। इस तरह, दिवाली तक इसमें करीब 3,500 रुपए तक की तेजी का अनुमान है। कमोडिटी बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने में बीच-बीच में भले ही उतार-चढ़ाव देखने को मिलता हो लेकिन साल-दर-साल पीली धातु की कीमतों में इजाफा होता जा रहा है।

## समय से पहले उदय कोटक ने क्यों दिया रिजाइन

**नई दिल्ली।** उदय कोटक ने कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी और सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल दिसंबर तक था। उनके इस तरह समय से पहले पद छोड़ने से बिजनेस की दुनिया और निवेशकों में हड़कंप मचा है। कोटक इस बैंक के फाउंडर हैं और पिछले 38 साल से इसके साथ लीडरशिप रोल में जुड़े थे। इसकी स्थापना साल 1985 में एक एनबीएफसी के रूप में हुई थी और आज यह मार्केट कैप के लिहाज से देश का चौथा बड़ा बैंक है। अपनी इस यात्रा में बैंक ने कई लोगों को करोड़पति बनाया। इस दौरान उन्होंने कई जॉइंट वेंचर बनाए, कई कंपनियों का अधिग्रहण किया और कई साहसिक कदम उठाए। उत्तराधिकारी के बारे में भी एप्लिकेशन देनी थी। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए मैंने रिजाइन देने का फैसला किया। फाइनेंशियल ईयर भी खत्म हो चुका है और मेरी सारी जिम्मेदारियां भी पूरी हो चुकी हैं।

# नलगोंडा में आईटी हब बनकर तैयार, जल्द होगी शुरूआत



**एजेंसी। हैदराबाद**

सरकार के टियर 2 शहरों में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार करने को लेकर नलगोंडा में आईटी हब बन कर लगभग तैयार हो चुका है। जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के.टी. रामाराव ने कहा कि नलगोंडा में आईटी हब का उद्घाटन कुछ ही हफ्तों में किया जाएगा। उन्होंने एक्स पर साझा किया, टियर 2 शहरों में आईटी क्षेत्र को विकसित करने के लिए तेलंगाना सरकार के प्रयास तेज गति से चल रहे हैं। वारंगल, खम्मम, करीमनगर, महबूबनगर, सिद्दीपेट और निजामाबाद के बाद अब यह नलगोंडा में तैयार हो रहा है। नलगोंडा हैदराबाद से लगभग 200 किमी दूर है, जो एक प्रमुख वैश्विक आईटी गंतव्य है। नलगोंडा में 95 करोड़ रुपये की लागत से आईटी हब का निर्माण कार्य शुरू किया गया। कुल 14 आईटी कंपनियों ने नलगोंडा आईटी हब में कार्यालय स्थापित करने का इरादा जताया है। एक सितंबर को शहर में 'स्थानीय युवाओं के लिए स्थानीय प्लेसमेंट' विषय पर एक नौकरी मेला आयोजित किया गया था। 325 नौकरी रिक्तियों के लिए 12,000 से अधिक व्यक्तियों ने नौकरी मेले में भाग लिया। संबंधित कंपनियों ने नौकरी चाहने वालों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवा इसको लेकर काफी खुश हैं, कि आईटी सुविधा उन्हें उनके गृह नगर में रोजगार प्रदान कर रही है। यह राज्य के द्वितीय श्रेणी के शहरों में खुलने वाला सातवां आईटी टावर होगा। पिछले महीने, निजामाबाद में आईटी टॉवर का उद्घाटन किया गया था। निजामाबाद आईटी टावर में पंद्रह कंपनियों ने अपना परिचालन शुरू कर दिया है। 55,000 वर्ग फुट की अत्याधुनिक इमारत का निर्माण 50 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। मंत्री केटीआर ने कहा कि इसमें 1,400 युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईटी टावर स्थानीय युवाओं को हैदराबाद और विदेशों में प्रौद्योगिकी नौकरियां हासिल करने में मदद करेगा।

## गो फर्स्ट व जेट एयरवेज का छिन गया एयरलाइंस कोड

**नई दिल्ली।** संकट में फंसी एयरलाइन गो फर्स्ट और जेट एयरवेज की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई दिनों तक बंद रहने के कारण उनका कोड छिन गया है यानी ये दोनों एयरलाइन फिलहाल अपने दो अक्षर वाले डेजिगनेटर कोड का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगी। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने उनके कोड को ब्लॉक कर दिया है। इस कोड के लिए एयरलाइन को ऑपरेटिंग होना जरूरी है लेकिन ये दोनों एयरलाइन उड़ान नहीं भर रही है। जेट एयरवेज तो कई साल से बंद पड़ी है जबकि गो फर्स्ट भी पिछले कुछ महीनों से उड़ान नहीं भर पा रही है।

### एसबीआई ने अपने करोड़ों ग्राहकों को दिया बड़ा तोहफा

# सीबीडीसी पर शुरू की यूपीआई सेवा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आप एसबीआई डिजिटल रुपया के यूजर्स हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। अब आप किसी भी मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन करके ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। एसबीआई ने अपने सीबीडीसी मोबाइल ऐप पर यूपीआई उपयोग की घोषणा की है। एसबीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा, 'इस कदम के साथ बैंक अपने ग्राहकों को सुविधा और पहुंच प्रदान करना चाहता है। इस अत्याधुनिक सुविधा को ई-रूपीस बाई एसबीआई ऐप के माध्यम से एक्सेस किया जा सकेगा। इससे एसबीआई सीबीडीसी यूजर्स किसी भी मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। एचडीएफसी बैंक देश में पहला ऐसा बैंक था, जिसने अपने ग्राहकों और मर्चेंट्स को इंटरओपरेबल क्यूआर कोड्स अवेलेबल कराया था। इसके बाद केनरा बैंक, एक्सिस बैंक और यस बैंक ने यह सुविधा दी। अब एसबीआई यह सुविधा लेकर आया है। क्यूआर कोड इंटरओपरेबिलिटी ग्राहरों और मर्चेंट्स के बीच स्मूद ट्रांजेक्शंस का रास्ता खोलेगा। यूपीआई या डिजिटल वॉलेट से पेमेंट एक्सेप्ट करते समय दुकानदारों को केवल एक क्यूआर कोड डिसप्ले करना होगा। इससे रोजमर्रा के लेनदेन में डिजिटल रुपी का इस्तेमाल करना आसान हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल रुपया या ई-आर को लीगल मनी के रूप में जारी करता है। यह नोट वाली करेंसी के समान ही है। डिजिटल मोड में ई-रूपी फिजिकल कैश जैसे फीचर्स जैसे- विश्वास और सुरक्षा भी प्रदान करता है। जैसा आप नकद नोटों के रूप में अपने पास पैसा रखते हैं, वैसे ही डिजिटल रूप में पैसा रख सकते हैं। आरबीआई के कॉन्सेप्ट नोट के अनुसार, डिजिटल करेंसी का लक्ष्य फिजिकल करेंसी का विकल्प विकसित करना है, न कि इसे बदलना। इससे लोगों को अपना धन रखने के और विकल्प मिलेंगे। नहीं। ई-रुपी या ई-रूपी वॉलेट्स का यूज करने पर कोई शुल्क नहीं लगता है।

# मुकेश अंबानी के शेयर में आया उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुकेश अंबानी की हाल में लिस्ट हुई कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को नौ फीसदी तक तेजी आई। इसके साथ ही यह अपनी लिस्टिंग प्राइस से आगे निकल गया। पिछले पास दिन में इसमें 26 परसेंट तेजी आई है। बीएसई पर सोमवार को इसने ट्रेडिंग के दौरान यह 267 रुपये और बीएसई पर 266.95 रुपये तक पहुंचा। 21 अगस्त को बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 265 रुपये और एनएसई पर 262 रुपये पर हुई थी। सर्किट लिमिट में बदलाव के कारण आज कंपनी के शेयरों में तेजी आई। बीएसई ने कंपनी के शेयर के लिए सर्किट सीमा को पांच फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले दिनों अपने फाइनेंशियल बिजनस को अलग करके नई कंपनी बनाई थी। यह कंपनी 21 अगस्त को शेयर मार्केट में लिस्ट हुई थी। 28 अगस्त को रिलायंस की एजीएम में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने घोषणा की थी कि जियो फाइनेंशियल बीमा क्षेत्र में उतरेगी और यह जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करेगी। कंपनी ने एसेट मैनेजमेंट के लिए अमेरिका की दिग्गज कंपनी ब्लैकरॉक से साथ हाथ मिलाया है। टिव्यू कैपिटल के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मोहित रल्हन के मुताबिक रिलायंस रिटेल के पास करीब 25 करोड़ का कस्मटर बेस है और रिलायंस जियो के ग्राहकों की संख्या 44 करोड़ के आसपास है।

# अगस्त माह में पाक में हुए सबसे ज्यादा आंतकी हमले

**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान में तालिबान का समर्थक व आंतकवाद की शरणस्थली पाकिस्तान अब खुद अपने ही जाल में फंस गया है। देश में आंतकी हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि पाकिस्तान इसके लिए खुद की गलतियों पर गौर करने के बजाय इसका ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहा है। आंतकियों को पनाह देकर पूरी दुनिया में दहशत फैलाने वाला पाकिस्तान अब खुद आंतकवाद की आग में झुलस रहा है। पाक में पिछले महीने अगस्त में हुए आतंकी हमलों ने बीते 9 साल के रिकॉर्ड को तोड़ डाला है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (ढक्करर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में 83 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। हमले हुए थे। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि अगस्त महीने में पाकिस्तान में कुल 99 आतंकवादी घटनाएं दर्ज की गईं। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2014 के बाद से यह किसी एक महीने में दर्ज की गई सबसे बड़ी संख्या है।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-06/2023-24 (2nd call) PR No. 305403 Lohardaga (23-24):D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.08.2023 | 07.09.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय | 09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR 306151 Lohardaga(23-24)D

## Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. DWSD/UNTD/MRWS/16/2023-24 (1st Call) Date : 04.09.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Rural Water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar Motor Pump Complete set & 200 mm X 165 mm X 200.0 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well in Different Block of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023-24 under (Untied Fund) | | | | |
| | Group No. | No. of Scheme | Estimated Cost (In Rs.) | E.M Required (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | UNTD/TAMASIN/KNC/CH-01 | 1 | 9,00,223/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| | UNTD/M.DEV/KND/CH-02 | 1 | 9,00,223/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| | UNTD/JBAV/KNC/CH-03 | 1 | 9,00,223/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| | UNTD/JBAV/MYD/CH-04 | 1 | 9,00,223/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| | UNTD/JBAV/PTP/CH-05 | 1 | 9,00,222/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| | UNTD/JBAV/PTH/CH-06 | 1 | 9,00,222/- | 18,500/- | 1,250/- | 03 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 08.09.2023 at 05:00 PM | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 14.09.2023 upto 05:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 15.09.2023 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 15.09.2023 at 05:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.306167 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**–: आवश्यक सूचना :–**

लातेहार जिला अंतर्गत **नेतरहाट थाना काण्ड संख्या 19/2021, दिनांक 05.10.2021, धारा 370/371/ 120बी /34 भा0द0वि0 एवं 14 द चाईल्ड लेबर एक्ट** के अभियुक्त के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | मनोज कुमार साहु पे0 स्व0 राम निवास साहु सा0 पुतरीटोला, थाना कोलेबिरा, जिला सिमडेगा |

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार

PR 306095 Police(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–780 दिनांक– 25.08.2023 के तद्नुसार प्रकाशित ई–निविदा सं0–WRD-Water Ways Division, Medininagar F,03/2023-24 दिनांक–19.08.2023 जिसका PR No.-305588 Water Resource(23–24)D में अंकित कार्यों में आंशिक संशोधन निम्नलिखित विवरणी अनुसार किया जाता है।

(क)

| क्र0 | पूर्व प्रकाशित | पूर्व में प्रकाशित तिथि | परिवर्तित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | Date of publication of e-tender on website | 02.09.2023 Time–2:00 P.M. | 06.09.2023 Time–2:00 P.M. |
| 02 | Last Date & Time for receipt of e-tender upto | 08.09.2023 Time–5:00 P.M. | 20.09.2023 Time–5:00 P.M. |
| 03 | Last date of received of cost of Bid document & EMD. | 11.09.2023 Time–5:00 P.M. | 22.09.2023 Time–5:00 P.M. |
| 04 | Date & Time of opening Bid | 12.09.2023 Time–2:00 P.M. | 25.09.2023 Time–2:00 P.M. |

(ख) उक्त निविदा का Cost of Bid document Bid Security का Hard Copy निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी भी कार्यालय में दिनांक–22.09.2023 के 5:00 P.M. तक जमा किया जा सकता है।

1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, रूपांकण आयोजन एवं मोनिटरिंग अंचल, मेदिनीनगर।
3. मुख्य अभियंता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर।

सभी निविदा दस्तावेज इस हद तक संशोधित समझा जाय, शेष अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी। विशेष जानकारी के लिए जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 306116 (District) 23-24 (D)

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email ID - dcpspalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय अधिनियम् 2015 एवं नियम, 2017 के प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्त्ताधारी अभ्यर्थियों से पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या 208, दिनांक 14.09.2022 को रद्द करते हुए नई नियमावली अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. जिला बाल संरक्षण इकाई ( DCPU)

| Sl. No | Post | No. of Post | Age In Year | Eligibility Criteria | Work Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Protection Officer- (Non-Institutional Care) | 01 | 30-45 | Post Graduate degree in Social Work/Sociology/Child Development/Human Rights Public Administration/Psychology/ Psychiatry/Law/Public Health/Community Resource Management from a recognized University. OR Graduate in Social Work/Sociology/Child Development/Human Rights Public Administration/Psychology/Psychiatry/Law/ Public Health/ Community Resource Management from a recognized University with 2 Years experience in project formulation/Implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/Social Welfare Proficiency in Computers | 2 Years experience in project formulation/Implementation, monitoring and supervision in the preferably in the field of Women & Child Development/Social Welfare |
| 02 | Legal-Cum-Probation Officer | 01 | 30-45 | LLB from recognized University Experience of at least 2 years of working with Govt./NGO/Legal Matters preferably in the field of Women & Child Rights. Good Understanding of Women & Child right & protection issues | At least 2 years of working with Govt./NGO/Legal Matters preferably in the field of Women & Child Rights. Good Understanding of Women & Child right & protection issues |
| 03 | Social Worker | 02 | 30-45 | Graduate preferably in B.A in Social Work/Sociology/Social Sciences from a recognized university. Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | Weightage for work experience candidate **Proficiency in Computers** |
| 04 | Accountant | 01 | 30-45 | Graduate in Commerce/Mathematics degree from a recognized University. At least 1 Year experience of working in desired field Computer Skills & command on Tally | At least 1 Year experience of working in desired field Computer Skills & command on Tally |
| 05 | Data Analyst | 01 | 30-45 | Graduation in Statistics/Mathematics/Economics/Computer (BCA) from a recognized university. Weightage for work experience candidate Proficiency in Computers | Weightage for work experience candidate **Proficiency in Computers** |
| 06 | Outreach Worker | 02 | 21-35 | 12th passed from a recognize Board/Equivalent Board Good Communication Skills Weightage for work experience candidate | Weightage for work experience candidate |
| 07 | Assistant Cum Data Entry Operator | 01 | 21-35 | 12th passed from a recognize Board/Equivalent Board with Diploma/Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate | Weightage for work experience candidate |
| 08 | Assistant Cum Data Entry Operator | 01 | 21-35 | 12th passed from a recognize Board/Equivalent Board with Diploma/Certificate in Computers. Weightage for work experience candidate | Weightage for work experience candidate |

नोट:– नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू के कार्यालय एवं अधिकृत वेबसाइट WWW.Palamu.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22.09.2023

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 306207 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/14/2023-24 में वर्णित पुल निर्माण कार्य जिसका PR 305086 Rural Development (23-24)D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 29.08.2023 के स्थान पर 08.09.2023, कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.09.2023 के स्थान पर दिनांक–18.09.2023 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि 12.09.2023 के स्थान पर 22.09.2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 13.09.2023 के स्थान पर 23.09.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 306119 Rural Development(23-24)#D

## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

**खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्ष के लिए खुले डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती **दिनांक 13/09/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 20/09/2023 या इसकी अंतिम तिथि 26/09/2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | | | अंचल – पाँकी | | | |
| 1 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 2 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 3 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 4 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 5 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 6 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 7 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 8 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | |
| 9 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 10 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 11 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 12 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| | | | अंचल – पाण्डु | | | |
| 13 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| | | | अंचल – मनातु | | | |
| 14 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR306203 (Fish)23-24*D

अगर जिंदगी को खूबसूरती से जीना है तो खुद की दूसरों से तुलना किये बिना हर पल का आनंद लेना सीखो।- अज्ञात



# एचईसी देश का मंदिर

***आजादी*** के बाद देश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए झारखंड की राजधानी रांची में भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) की स्थापना की गई। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने एचईसी के स्थापना के वक्त इसे आधुनिक भारत का मंदिर बताया था। लेकिन करीब छह दशक बाद अब एचईसी की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) के ठेका कर्मचारियों को आज एक बड़ा झटका लगा है। एचईसी के लगभग 1632 ठेका कर्मियों (कॉन्ट्रैक्ट वर्कर) को गेट के अंदर जाने से प्रबंधन ने रोक लगा दिया है। प्रबंधन की ओर से वजह बताया जा रहा है कि कॉन्ट्रैक्ट पर मजदूरों को उपलब्ध कराने वाली कंपनी का 31 अगस्त तक एचईसी के साथ कॉन्ट्रैक्ट था। ठेका मजदूर उपलब्ध कराने वाली कंपनी और एचईसी के बीच कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल नहीं होने के कारण ठेका कर्मियों को एचईसी में आज से काम के लिए रोक दिया गया है। 600 से अधिक ठेका कर्मचारियों को काम पर नहीं लेने के पीछे मुख्य वजह एचईसी की आर्थिक तंगहाली है। एचईसी को ठेके पर मजदूर उपलब्ध कराने वाली कंपनी को एचईसी प्रबंधन की ओर से पैसे का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस वजह से जिस कंपनी ने एचईसी को ठेके पर मजदूर उपलब्ध कराए थे उसे कंपनी ने दोबारा कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यूअल करना सही नहीं समझा। ठेका मजदूर उपलब्ध कराने वाली कंपनी और एसीसी के बीच दिनों यानी 31 अगस्त तक का कॉन्ट्रैक्ट था। एचईसी प्रबंधन की ओर से पैसे का रोना लेकर कॉन्ट्रैक्ट कंपनी को समय पर भुगतान नहीं किया गया है। इस वजह से कॉन्ट्रैक्ट कंपनी ने दोबारा टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने में रुचि नहीं ली। एचईसी प्रबंधन और कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के बीच टेंडर प्रक्रिया के तहत एक साल के लिए एग्रीमेंट होता है इस दौरान कॉन्ट्रैक्ट कंपनी प्रबंधन को ठेका मजदूर उपलब्ध कराती है। एचईसी के खस्ता हाल का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां के अधिकारियों और कर्मचारी का वेतन एक साल से अधिक का बकाया हो गया है। एचईसी के अधिकारियों को पिछले 18 महीने का वेतन बकाया है जबकि कर्मचारियों का 14 महीने का वेतन बकाया चल रहा है। वेतन नहीं मिलने से नाराज एचईसी के अधिकारियों ने पिछले दिनों लगातार 5 महीने तक आंदोलन किया था। लेकिन इस लंबे आंदोलन का सकारात्मक परिणाम उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा। मजबूरी में आकर उन्होंने आंदोलन का रुख छोड़ दिया और फिर से एक बार काम पर लौट गए। एचईसी के खराब आर्थिक स्थिति का खामियाजा यहां के कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है। पैसे के अभाव में एचईसी कर्मी अपने घर को जैसे तैसे चलने को मजबूर हो गए हैं। घर चलाने के लिए इन्हें आप कर्ज लेना पड़ रहा है। कई लोगों को पैसे के अभाव में बच्चों की पढ़ाई रोकनी पड़ गई है। इसके अलावा बीमार पड़ने पर इलाज के लिए भी एचईसी के कर्मचारियों और उनके परिजनों को दर-दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थिति ऐसी दयनीय हो गई है कि कई कर्मचारी है अब एचईसी में ड्यूटी करने के बाद बचे हुए समय में ई-रिक्शा चलाने को मजबूर हो गए हैं।

**प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने एचईसी के स्थापना के वक्त इसे आधुनिक भारत का मंदिर बताया था। लेकिन करीब छह दशक बाद अब एचईसी की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) के ठेका कर्मचारियों को आज एक बड़ा झटका लगा है।**

# वैश्विक अनिवार्यता व भारत की जी20 संबंधी प्राथमिकतायें





सीपी गोयल

***वैश्विक*** अर्थव्यवस्था और मानव विकास की दृष्टि से खनिज संसाधन का क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यह सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और पेरिस समझौते में अहम योगदान देता है। यह विभिन्न एसडीजी की उपलब्धियों को प्रभावित करते हुए उन्हें आगे बढ़ा सकता है। अब जब कि 2050 तक पूरे विश्व की जनसंख्या 7.8 बिलियन से बढ़कर 9.6 बिलियन हो जाने की संभावना है, इस क्षेत्र को प्रति व्यक्ति उपभोग में होने वाली वृद्धि को पूरा करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि 2000 और 2019 के बीच संरक्षित क्षेत्रों में खनन की गतिविधियों में शत-प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऊर्जा संबंधी बदलावों और दुर्लभ मृदा धातुओं, जो रेडियोधर्मी पदार्थ छोड़ते हैं, खनन की आवश्यकता के साथ परिस्थितियां और खराब होने की उम्मीद है। टिकाऊ खनन और खदानों को बंद करना अत्यंत वैश्विक महत्व का विषय है। खनन की गतिविधियों ने ऊर्जा संबंधी मांग एवं आपूर्ति को संतुलित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इससे वनों की कटाई, ऊपरी सतह की मिट्टी का हटना और कचरे की डंपिंग की समस्या पैदा हुई है, जो इकोसिस्टम से जुड़े कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। खनन से क्षतिग्रस्त हुई भूमि के जीर्णोद्धार के कार्य में हुई हालिया प्रगति दीर्घकालिक प्रबंधन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। चयनात्मक वृक्षारोपण एवं मृदा योजक खनन व्यवसायों और स्थानीय समुदायों को आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय रूप से लाभान्वित करते हुए पुनरुद्धार की प्रक्रिया को बेहतर बना सकते हैं। विभिन्न अनुसंधान तनाव संबंधी सहनशीलता, जलवायु संबंधी दृढ़ता और स्थानीय इकोसिस्टम की मौलिकता जैसी वृक्षारोपण संबंधी विशेषताओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय नीतिगत उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए इकोसिस्टम का पुनरुद्धार करना आवश्यक है। **खनन और खदानों की अनियोजित बंदी के प्रभाव :** खनन के महत्वपूर्ण पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभाव होते हैं, जिनमें वनों की कटाई, आवास हानि और खतरनाक रासायनिक प्रदूषण शामिल हैं। ग्रीनहाउस गैसों उत्सर्जन के कारण सामाजिक अव्यवस्था, आर्थिक बदलाव और जलवायु परिवर्तन भी हो सकता है। अनियोजित तरीके से खदानों के बंद होने से पर्यावरणीय क्षति एवं जल प्रदूषण तथा आर्थिक गिरावट जैसे सामाजिक व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। इन चुनौतियों से निपटने हेतु जिम्मेदार कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है जो स्थिरता, सामुदायिक कल्याण और बंदी की व्यापक योजनाओं को प्राथमिकता दें। भले ही वैश्विक स्तर पर विभिन्न विनियम और कानून पेश किये गये हैं, लेकिन इनके कार्यान्वयन के मामले में व्यापक भिन्नता है। खासकर, विकासशील देशों में। इसलिए, टिकाऊ कार्यप्रणालियों के लिए इन प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है। **खदानों का टिकाऊ जीर्णोद्धार :** पर्यावरण एवं समुदायों पर खनन और खदानों के बंद होने के प्रभाव को कम करने के लिए खदानों के जीर्णोद्धार की एक स्थायी योजना तैयार करना महत्वपूर्ण है। ऐसी योजनाओं में खनन क्षेत्रों के प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने से संबंधित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं। खनन के पहले के इकोसिस्टम का आधारभूत आकलन सूचित निर्णय लेने की दृष्टि से बुनियादी शर्त है। इकोलॉजी संबंधी एवं सामाजिक लक्ष्यों को स्थानीय आवश्यकताओं एवं संरक्षण के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। कार्यान्वयन की अनुकूलित रणनीतियों में देशी प्रजातियों का पुनर्रोपण, आवास पुर्ननिर्माण और मृदा स्थिरीकरण शामिल हैं। निगरानी व अनुकूल प्रबंधन प्रगति एवं दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करता है। समावेशी हितधारक सहभागिता सहयोग को बढ़ावा देती है। अंततः, यह योजनाएं स्थिरता की प्रक्रिया को ठोस बनाती हुई इकोलॉजी की सेहत, सामुदायिक कल्याण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और पर्यावरणीय दृढ़ता के बीच की पारस्परिक अंत : क्रिया को स्वीकार करती हैं। **भारतीय परिदृश्य :** खान मंत्रालय ने कोयला खदानों में टिकाऊ खनन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय लागू किये हैं। खनिज संरक्षण और विकास नियम (एमसीडीआर) 2017 पर्यावरणीय प्रभाव तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने हेतु विभिन्न नियमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें ऊपरी सतह की मिट्टी को हटाने एवं उपयोग, अपशिष्ट चट्टानों के भंडारण और जमीन के कंपन, सतह के धंसाव, वायु प्रदूषण, विषाक्त तरल निर्वहन, शोर तथा वनस्पतियों के पुर्नस्थापन से संबंधित सावधानियां शामिल हैं। भारतीय खान ब्यूरो ने खनन कार्यों के दौरान स्थिरता संबंधी मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग की एक प्रणाली भी शुरू की है। एमसीडीआर 2017 के नियम 35 के तहत, प्रत्येक पट्टेदार को कामकाज शुरू होने के बाद से तीन-सितारा रेटिंग प्राप्त करना आवश्यक है। मंत्रालय खनन पट्टों को हरित ऊर्जा का उत्पादन करने और उसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 293 खदानों के सर्वेक्षण से यह पता चला कि कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों की क्षमता लगभग 583 मेगावाट है। इन संयंत्रों में पवन और सौर ऊर्जा दोनों प्रकार के संयंत्र शामिल हैं। भारत सरकार और राज्य के अधिकारियों ने खनन से जुड़ी टिकाऊ कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। वर्ष 2020 में, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने खनन हो चुके क्षेत्रों को वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विकास की दृष्टि से उपयुक्त बनाने हेतु वहां फिर से घास लगाने का आदेश दिया। वर्ष 2014 में, कर्नाटक राज्य ने खनन-प्रभावित जिलों में 'खनन प्रभाव क्षेत्रों के लिए व्यापक विकास योजना' (सीईपीएमआईजेड) के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए कर्नाटक माइनिंग एनवायरमेंट रेस्टोरेशन कॉरपोरेशन (केएमईआरसी) की स्थापना की। चार जिलों के 466 गांवों को खनन प्रभावित घोषित किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय ने उनके विकास के लिए 24,996.71 करोड़ रुपये की कार्य योजना को मंजूरी दे दी है। एनएलसी इंडिया, तमिलनाडु के नेवेली में खनन के बाद जीर्णोद्धार की गई भूमि पर 50 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना भी स्थापित कर रही है। **जी20 का महत्व :** जी20 के भारत के शिखर सम्मेलन ने जी20 की वैश्विक स्तर की भूमि संबंधी पहल को मजबूत करने हेतु गांधीनगर कार्यान्वयन रोडमैप (जीआईआर) और गांधीनगर सूचना मंच (जीआईपी) का शुभारंभ किया है। इस रोडमैप का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में इकोलॉजी के पुनर्स्थापन कार्य में तेजी लाने हेतु सभी भागीदार देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। जीआईआर-जीआईपी वैश्विक हितधारकों और विभिन्न देशों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा, जो ज्ञान साझा करने, वित्तीय निवेश और तकनीकी एकत्रीकरण के संबंध में रणनीतिक इनपुट प्रदान करेगा। यह इस बात के लिए भी एक मानक तैयार करेगा कि कैसे वैश्विक स्तर पर की जाने वाली सहकारी कार्रवाइयां खनन-आधारित भूमि जीर्णोद्धार की गतिविधियों को बेहतर बना सकती हैं। इस पहल का उद्देश्य खनन उद्योगों को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक स्थिरता संबंधी दिशानिर्देशों के अनुरूप बनाना है।

**महानिदेशक, वन तथा विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**ऊर्जा संबंधी बदलावों और दुर्लभ मृदा धातुओं, जो रेडियोधर्मी पदार्थ छोड़ते हैं, के खनन की आवश्यकता के साथ परिस्थितियां और खराब होने की उम्मीद है। टिकाऊ खनन और खदानों को बंद करना अत्यंत वैश्विक महत्व का विषय है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा महान धनुर्धर एकलव्य की*

इसी युद्ध में कृष्ण ने छल से एकलव्य का वध किया था। उसका पुत्र केतुमान महाभारत युद्ध में भीम के हाथ से मारा गया था। जब युद्ध के बाद सभी पांडव अपनी वीरता का बखान कर रहे थे तब कृष्ण ने अपने अर्जुन प्रेम की बात कबूली थी। कृष्ण ने अर्जुन से स्पष्ट कहा था कि 'तुम्हारे प्रेम में मैंने क्या-क्या नहीं किया है। तुम संसार के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर कहलाओ इसके लिए मैंने द्रोणाचार्य का वध करवाया, महापराक्रमी कर्ण को कमजोर किया और न चाहते हुए भी तुम्हारी जानकारी के बिना भील पुत्र एकलव्य को वीरगति प्रदान की और इन सब के पीछे केवल एक ही वजह थी कि तुम धर्म के रास्ते पर थे। इसलिए धर्म की राह कभी मत छोड़ना'।

*(समाप्त)*

### *आइये सुने कथा शिवगण नंदी जी की*

***पुराणों*** में यह कथा मिलती है कि शिलाद मुनि के ब्रह्मचारी हो जाने के कारण वंश समाप्त होता देख उनके पितरों ने अपनी चिंता उनसे व्यक्त की। शिलाद निरंतर योग तप आदि में व्यस्त रहने के कारण गृहस्थाश्रम नहीं अपनाना चाहते थे अतः उन्होंने संतान की कामना से इंद्र देव को तप से प्रसन्न कर जन्म और मृत्यु से हीन पुत्र का वरदान माँगा। इंद्र ने इसमें असमर्थता प्रकट की तथा भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कहा। तब शिलाद ने कठोर तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया और उनके ही समान मृत्युहीन तथा दिव्य पुत्र की माँग की। भगवान शंकर ने स्वयं शिलाद के पुत्र रूप में प्रकट होने का वरदान दिया। कुछ समय बाद भूमि जोतते समय शिलाद को एक बालक मिला। शिलाद ने उसका नाम नंदी रखा। उसको बड़ा होते देख भगवान शंकर ने मित्र और वरुण नाम के दो मुनि शिलाद के आश्रम में भेजे जिन्होंने नंदी को देखकर भविष्यवाणी की कि नंदी अल्पायु है।

*(क्रमशः)*

# शिक्षक का जीवन राष्ट्र के लिए अतुलनीय पाथेय


डॉ. वंदना सेन


***व्यक्ति*** जीवन भर शिक्षा ग्रहण करता है, तब भी शिक्षा का कोई न कोई अध्याय अधूरा ही रह जाता है। लेकिन भारत के राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक अपने शिष्य में अपनी छवि का दर्शन देखना चाहते हैं। शिक्षक वही है, जो अपने अनुसार देश का चरित्र निर्माण कर सके। अपने देश के संस्कारों को देश की भावी पीढ़ी में उतार सके। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो अपने देश के लिए चरित्रवान समाज और सकारात्मक सोच का निर्माण कर सके। भारत में अभी तक जो शिक्षा दी जा रही थी, उसमें भारत के मानबिन्दुओं का उपहास उड़ाया गया और विदेशियों का गुणगान किया गया। इसमें ऐसे भी विदेशी शामिल किये गये, जिन्होंने भारतीयता को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे चरित्रों के पठन पाठन से ही आज की पीढ़ी भारत के संस्कारों से दूर होती जा रही है। लेकिन हमारे देश के शिक्षकों को भी यह समझना चाहिए कि छात्रों को क्या शिक्षा दी जाय। हमारे देश में शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन आज के विद्यार्थियों को यह भी नहीं पता होगा कि डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन शिक्षकों के लिए एक आदर्श है, एक पाथेय है। जिस पर चलकर हम शिक्षक की वास्तविक भूमिका का सही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उनके जीवन पर एक नजर डालते हैं। सन 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने, तब उनके कुछ विद्यार्थी उनके पास उनका जन्मदिन मनाने की स्वीकृति लेने गये। उस समय राधाकृष्णन जी ने कहा मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय 5 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाय तो मुझे अति प्रसन्नता एवं गर्व महसूस होगा। डॉ. राधाकृष्णन का शिक्षकों के बारे में मत था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे। वास्तविक शिक्षक तो वह है जो छात्र को आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे। आज की शिक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि जीवन में पैसे कैसे कमाये जाते हैं, इसे ही ध्यान में रखकर दी जा रही है। कहा जा सकता कि जो शिक्षा दे रहे हैं, वे इसे व्यवसाय मान रहे हैं और जो ग्रहण कर रहे वे इसे आय प्राप्त करने का साधन। ऐसी शिक्षा चरित्र का निर्माण नहीं कर सकती। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा भी दें, जो उनके जीवन को संवार सके। क्योंकि जिस शिक्षा से संस्कारों का निर्माण होता है, वही जीवन के काम आती है। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास करे, इसके साथ ही सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति कर्तव्य पालन का बोध कराये। राष्ट्रीय दायित्व का बोध केवल इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों के अध्ययन और अध्यापन से ही हो सकता है। वर्तमान में यह देखने में आ रहा है कि हम शिक्षा तो ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन पिछले पाठों को भूलते जा रहे हैं। इसका एक मूल कारण हमारे देश की शिक्षा नीति भी रही है। आज से 75 वर्ष पूर्व जब हमारा देश स्वतंत्र हुआ, तब हमारी शिक्षा नीति को भारतीय बनाने पर जितना जोर दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में हम पूरी तरह से भटक गए। इसलिए आज की पीढ़ी में न तो भारतीय संस्कारों का बोध है और न ही नैतिकता के जीवन मूल्य ही हैं। हम भली भांति जानते हैं कि पुरातन काल में भारतीय गुरुकुलों में जो शिक्षा प्रदान की जाती थी, वह निश्चित रूप से बच्चों का समग्र विकास करने वाली ही थी। इतना ही नहीं वह शिक्षा विश्व स्तरीय ज्ञान का द्योतक भी थी, इसलिए विश्व के कई देश भारत के शिक्षालयों में ज्ञान और विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा ग्रहण करने आते थे। हमें अब उसी शिक्षा पद्धति की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अभी भारत सरकार ने इस दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इंडिया को भारत बनाने में सकारात्मक सिद्ध होगी, यह संकेत दिखाई देने लगे हैं।

**शिक्षक वही है, जो अपने अनुसार देश का चरित्र निर्माण कर सके। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो अपने देश के लिए चरित्रवान समाज और सकारात्मक सोच का निर्माण कर सके।**

शिक्षा

## फोटो की दुनिया


फेसबुक वॉल से




# नये शिक्षक से होगा नये भारत का निर्माण


ललित गर्ग

***भारत*** के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करने के बाद से देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षकों को अधिक सशक्त, जिम्मेदार एवं राष्ट्र-व्यक्ति निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया जाने लगा है। लार्ड मैकाले की शिक्षा में अब तक भारत में गुरु एवं शिक्षक श्रद्धा का पात्र न होकर वेतन-भोगी नौकर बन गया था, शिक्षक की भूमिका गौण हो गयी थी। 'सा विद्या या विमुक्तये', यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें। पर चिंता का विषय बना रहा कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा करते रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब नयी शिक्षा नीति में शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन होगा, स्वदेशी, सार्थक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से उन्नत पीढ़ी का निर्माण होगा। गुरु के महत्व को बढ़ाकर प्रबन्ध-तंत्र के वर्चस्व को घटाया जायेगा। अब भारत की नयी शिक्षा नीति में शिक्षक का चरित्र एवं साख दुनिया के लिये प्रेरक एवं अनुकरणीय बनकर प्रस्तुत होगा, जिसमें भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति का समावेश दिखाई देगा। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाये रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक एवं गुरु आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन एवं विकास करने का प्रयत्न करते रहते थे। जबकि मैकाले की शिक्षा विद्यार्थी को शरीर, मन, बुद्धि एवं चरित्र से रुग्ण बनाकर केवल धन कमाने की मशीन, कुसंस्कृत एवं पतनोन्मुख बनाती रही है। राजनीतिक संघर्ष से भले ही देश को शारीरिक स्वतंत्रता मिली पर विगत साढे.सात दशकों में मानसिक-बौद्धिक-भावात्मक परतंत्रता की बेड़िया मजबूत हुई है। अब नरेन्द्र मोदी सरकार ने शिक्षा की इन कमियों एवं अधूरेपन को दूर करने के लिये नयी शिक्षा नीति घोषित की है और उसमें शिक्षकों के दायित्व को महत्वपूर्ण मानते हुए उन्हें जिम्मेदार, नैतिक-चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गयी है। भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं।' डॉ. कलाम की यह शानदार उक्ति प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में आज भी गूंज रही हैं। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है- ''शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है।

**'सा विद्या या विमुक्तये', यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें।**

सर्वपल्ली राधाकृष्णन

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बादाम और शहद के फेस पैक से स्किन बनेगी हेल्दी व जवां, ऐसे करें अप्लाई

हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग स्किन ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अपनी स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स की नहीं, बल्कि केवल बादाम और शहद की जरूरत होती है।
खूबसूरत और हेल्दी स्किन पाने के लिए रोजाना अपनी स्किन की देखभाल करता बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा स्किन को हेल्दी रखने के लिए कड़े कदम भी उठाने होते हैं। हालांकि हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग स्किन ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अपनी स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स की नहीं, बल्कि केवल बादाम और शहद की जरूरत होती है। तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह से बादाम और शहद से बने फेस पैक का इस्तेमाल कैसे करें और इससे आपकी स्किन को कैसे फायदा पहुंचेगा।



### ऐसे पाएं बेदाग त्वचा

बादाम
शहद

### बादाम को फेस पर लगाने के फायदे

बादाम को फेस पर लगाने से आपकी स्किन को नेचुरल ऑयल मिलता है।
इसमें मौजूद तत्व स्किन को लचीला और जवां बनाए रखते हैं।
फेस पर ग्लो लाने के लिए बादाम का तेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।

### फेस पर शहद लगाने के फायदे

एक स्टडी के मुताबिक शहद स्किन को नैचुरली एक्सफोलिएट करने में फायदेमंद होता है।
चेहरे में मौजूद पोर्स को शहद साफ करने में मदद करता है।
स्किन को मुलायम करने में शहद काफी फायदेमंद साबित होता है।
इसके अलावा शहद स्किन को मॉइस्चराइज करने में मददगार होता है।

### बेदाग त्वचा पाने के लिए

शहद और बादाम का फेस पैक बनाने के लिए आप 5-7 बादाम को रात में पानी में भिगोकर रख दें।
इसके बाद अगले दिन भिगोए हुए बादामों को अच्छे से पीस लें।
फिर इसमें 2-3 चम्मच शहद मिला दें।
अब इन दोनों चीजों को अपने फेस पर अप्लाई करें।
इसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरा साफ कर लें।
यह फेस पैक आप सप्ताह में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
इसके फेस पैक को लगातार फेस पर अप्लाई करने से स्किन बेदाग और निखरी नजर आती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# 'शिक्षक हमारे जीवन के आधार स्तंभ हैं'

**गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय,**
**बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए**

आज शिक्षक दिवस है। मैं इस दिन आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। शिक्षक हमारे जीवन के आधार स्तंभ हैं। वह अपना समय हमारे जीवन को संवारने और आगे बढ़ाने में बिताता है। शिक्षक न केवल हमें शिक्षा देते हैं बल्कि वे हमें एक अच्छा इंसान बनाने का भी हमेशा प्रयास करते हैं। उनके वचन ही हमारे जीवन को संवारते हैं। 15 सितंबर को देश के पहले उपराष्ट्रपति और शिक्षक रहे महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है। राधाकृष्णन एक अभिव्यक्ति शिक्षाविद् और महान दार्शनिक, भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में जन्मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। अब मैं आपको उस कारण के बारे में बताता हूं कि उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में क्यों चुना गया। एक बार उनके छात्रों ने आदरपूर्वक उनसे पूछा कि क्या वे उनके जन्मदिन पर उन्हें कोई उपहार दे सकते हैं और उनका जन्मदिन मना सकते हैं। उन्हें श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए उनके जन्मदिन, 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।



शिक्षक हमारे समाज का निर्माण करते हैं इसीलिए शिक्षकों को समाज का मानव निमार्ता कहा गया है क्योंकि वे समाज के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान देते हैं, वे हमारे मार्गदर्शक होते हैं। जन्म अवश्य मिलता है, लेकिन शिक्षक उसके चरित्र को आकार देकर उज्ज्वल भविष्य तैयार करता है, इसलिए हम चाहे कितने भी बड़े हो जाए, हम अपने शिक्षक को कभी नहीं भूल सकते क्योंकि जीवन के हर कठिन और अच्छे मोड़ पर हमें यकीन होता है कि हम शिक्षक हैं। पढ़ाई की बातें याद रखेंगी, जैसे कुम्हार मिट्टी के बर्तन को दिशा देता है। उसी तरह शिक्षक हमारे जीवन को संवारते हैं। शिक्षक हमारी प्रेरणा के स्रोत होते हैं जो हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक के बिना कुशल समाज का निर्माण संभव नहीं है। आप सभी देशवासियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं।

❖ कुमार राहुल

# बालों की इन तरीकों से करें देखभाल, नहीं होगा हेयर डैमेज

हमारी खुबसूरती को बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका बालों की होती है। लेकिन कई बार जाने-अनजाने में हम बालों को नुकसान पहुंचा देते हैं। बाल स्ट्रेटनिंग से जुड़ी कई ऐसे महत्वपूर्ण बातें होती हैं, जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में बाद में सिर्फ पछतावा रह जाता है। हमारी खूबसूरती को बढ़ाने में सबसे अहम भूमिका बालों की होती है। लेकिन कई बार जाने-अनजाने में हम बालों को नुकसान पहुंचा देते हैं। कॉलेज जाना हो या ऑफिस हम सभी स्टाइलिश दिखने के लिए बालों को स्ट्रेट करते हैं। बहुत से लोगों के लिए बालों को स्ट्रेट करना आम बात होती है। लेकिन बता दें कि बाल स्ट्रेटनिंग से जुड़ी कई ऐसे महत्वपूर्ण बातें होती हैं, जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में बाद में सिर्फ पछतावा रह जाता है। इसलिए बालों को स्ट्रेट करने से पहले हमें कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे बालों को नुकसान नहीं पहुंचेगा।

### ऑइलिंग है जरूरी

बालों को मजबूती देने के लिए तेल सबसे ज्यादा जरूरी होता है। तेल हमारे बालों को नरिश करने के साथ ही जड़ों को भी मजबूत बनाने के काम करता है। आप चाहें तो हेयर स्ट्रेटनिंग से पहले बालों में थोड़ी सी ऑयलिंग कर सकती हैं। इससे आपके बाल एक्स्ट्रा हीट से बचे रहेंगे और उन्हें नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। बालों पर ज्यादा तेल लगाने से यह चिपचिपे हो जाते हैं लेकिन अगर सही मात्रा में आप बालों में तेल लगाती हैं, तो यह बालों को शाइन देने का काम करता है, साथ ही बालों की खूबसूरती को बढ़ाता है।

### सीरम करें अप्लाई

जब भी हम अपने बालों को स्ट्रेट करें या कर्ल करते हैं, तो यह जरूर चाहते हैं कि बाल जले या अजीब से नजर न आएं। इसके लिए सबसे बढ़िया ऑप्शन सीरम होता है। आपके बालों को सिल्की और स्मूथ बनाने के लिए मार्केट में कई तरह के सीरम उपलब्ध होते हैं। हल्के गीले बालों पर सीरम अप्लाई करने से यह पूरा दिन सेट रहते हैं। बता दें कि सीरम फ्रिजी बालों को भी सेट रखता है और इससे बाल भी कम डैमेज होते हैं।



### कंडीशनर का इस्तेमाल

अक्सर शैंपू के बाद हम सभी के बाल उलझे-उलझे नजर आते हैं और सूखने के बाद यह फ्रिजी हो जाते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप शैंपू करने के बाद बालों में कंडीशनर जरूर अप्लाई करें। कंडीशनर आपके बालों को प्रोटेक्टिंग लेयर ढकने का काम करता है, इससे आपके बाल स्मूथ हो जाते हैं। वहीं जब आप बालों को स्ट्रेट करते हैं, तो कंडीशनर आपके बालों को डैमेज होने से बचाता है। बता दें कि कंडीशनर आपके बालों को लंबे समय के लिए अच्छा बनाए रखता है।

### हेयर प्रोटेक्टर है अच्छा ऑप्शन

ब्यूटी और फैशन इंडस्ट्री में सीरम की तरह कई सारे प्रोडक्ट्स आ गए हैं। जो आपके बालों की अच्छे से देखभाल करते हैं। उन्हीं में से एक प्रोडक्ट हेयर प्रोटेक्टर है। तेल या फिर स्प्रे और क्रीमी स्ट्रक्चर में यह मिलता है। एक तरह से यह आपके बालों के लिए कवच की तरह काम करता है।

# कुछ आधार कार्ड ऐसे भी...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

**'झांसी लक्ष्मीबाई के बहाने स्त्री शक्ति पर क्या दमदार लिखा है। पढ़कर मजा आ गया। अब किसे अपनी तारीफ सुनना अच्छा नहीं लगता। मुझे डर था कहीं ये तारीफदार भाग न जाएं। इसलिए उनके लिए चाय की व्यवस्था करना जरूरी समझा। चूंकि मैं आंगन में बैठा था, इसलिए पीछे मुड़कर आवाज लगाना जरूरी हो गया था। मुड़कर देखा तो मां नजर आयी। मां भी न हमेशा कुछ न कुछ काम करती ही रहती है। वह माँ कम काम करने वाली मशीन ज्यादा लगती है। हमेशा खुद को थकाने पर आमदा रहती है। दीदी की ओर देखा तो वह घर भर के नखरे अपने सिर पर ढोती है। कोई भी कभी भी कोई काम कहे मना नहीं करती। बहिन की मासूमियत तो देखते ही बनती है। मैंने तो उसे डाँटने की मशीन बना ली है। जब मन करता है तब डाँट देता हूँ। चूँ तक नहीं करती। कभी-कभी भीतर-बाहर का गुस्सा उस पर उतार देता हूँ।'**

कल मैं आंगन में बैठे-बैठे कुर्सी तोड़ रहा था। इतने में कुछ मित्र आ धमके। इधर-उधर की बात छिड़ी। एक ने कहा, यार तुम तो पढ़-लिकर डॉक्टर बन गए हो। हमारी किस्मत तुम्हारी जैसी कहां? हमारी किस्मत में यही मेकानिक के पाने ही लिखे हैं। परसों तुम्हारा समाचार पत्र में लेख पढ़ा। झांसी लक्ष्मीबाई के बहाने स्त्री शक्ति पर क्या दमदार लिखा है। पढ़कर मजा आ गया। अब किसे अपनी तारीफ सुनना अच्छा नहीं लगता। मुझे डर था कहीं ये तारीफदार भाग न जाएं। इसलिए उनके लिए चाय की व्यवस्था करना जरूरी समझा। चूंकि मैं आंगन में बैठा था, इसलिए पीछे मुड़कर आवाज लगाना जरूरी हो गया था। मुड़कर देखा तो मां नजर आयी। मां भी न हमेशा कुछ न कुछ काम करती ही रहती है। वह माँ कम काम करने वाली मशीन ज्यादा लगती है। हमेशा खुद को थकाने पर आमदा रहती है। दीदी की ओर देखा तो वह घर भर के नखरे अपने सिर पर ढोती है। कोई भी कभी भी कोई काम कहे मना नहीं करती। बहिन की मासूमियत तो देखते ही बनती है। मैंने तो उसे डाँटने की मशीन बना ली है। जब मन करता है तब डाँट देता हूँ। चूँ तक नहीं करती। कभी-कभी भीतर-बाहर का गुस्सा उस पर उतार देता हूँ। वह चुपचाप सह लेती है। सच कहूँ तो आज मुझमें जो विनम्रता दिखायी देती है उसमें बहिन का बहुत बड़ा योगदान है। वह मुझे राखी बाँधती है। इस नाते मेरे हर ताने सह लेती है। मैंने राखी को पर्व कम अपना पॉवर ज्यादा समझा है। मनमानी करने का। हुड़दंग मचाने का। बता दूँ कि यह आजादी घर में दीदी-बहिन को नहीं है। वे तो कठपुतलियाँ मात्र हैं। आज यहाँ नाचेंगी। कल शादी के बाद अपने ससुराल में नाचेंगी। नाचना ही उनका भाग्य है। अक्सर मां कहा करती है, मैं पूरा अपने बाप-दादा पर गया हूं। उन्हीं की तरह हुकूल चलाता हूँ। ऊँची आवाज में बात करता हूँ। डाँटता-फटकारता हूँ। कभी-कभार हाथ भी उठा देता हूँ। मैं इसे अपने पुरुष होने का लायसेंस समझता हूँ। इसीलिए मुझे घर का चिराग कहा जाता है। घर की दीवारों पर मेरी ही निशानियाँ दिखायी देती हैं। माँ, दीदी-बहिन की तस्वीरें तो आधार कार्ड से बाहर निकल ही नहीं पायीं। हाँ तो मैं चाय के लिए हुकूम देने ही वाला था कि देखा दीदी चाय लेकर आंगन में खड़ी है। यह देख मित्रों ने कहा, चाहे घर हो या बाहर तुम शेर हो शेर। यह सुन मैं आसमान में उड़ने लगा।

## सूडोकु नवताल- 6813

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6812 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**05 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.39 बजे से |
| चंद्र | मेष में | तुला | 08.50 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 11.05 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 13.21 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 15.26 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 17.12 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.45 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 20.16 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.56 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.54 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कर्क | 02.07 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 04.23 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 248 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 09.00 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 23.23 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 15.47 बजे तदनन्तर विष्टि 03.37 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 59'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871727
**जूलियन दिन** 2460192.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सफर **तारीख** 19
**विशेष** हल षष्ठी, शिक्षक दिवस, बलराम जयंती, डॉ. राधाकृष्णन जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7875



**बाएँ से दाएँ**
1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**
2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3

**शब्द पहेली -7874 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष राशि** : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन राशि** : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क राशि** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह राशि** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या राशि** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला राशि** : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक राशि** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**धनु राशि** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर राशि** : मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

**कुंभ राशि** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन राशि** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


NEWS इन ब्रीफ

### भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध टिर्की कांग्रेस में हुए शामिल



**भुवनेश्वर।** पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान प्रबोध टिर्की सोमवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। टिर्की यहां ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष शरत पटनायक, ओडिशा प्रभारी ए चेला कुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने अगला विधानसभा चुनाव तलसरा सीट से लड़ने की इच्छा जताई है। टिर्की ने कहा कि उन्होंने पार्टी में शामिल होने का फैसला किया क्योंकि वह राहुल गांधी के काम से काफी प्रभावित थे। प्रबोध ने 135 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

### सात को प्रत्येक जिले में भारत जोड़ो यात्रा आयोजित करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सात सितंबर को देश के प्रत्येक जिले में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वेणुगोपाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सात सितंबर को पहली वर्षगांठ है। इस अवसर कांग्रेस देश के हर जिले में शाम 5-6 बजे भारत जोड़ो यात्रा आयोजित करेगी।

### बस-ट्रेलर की टक्कर में दो सगी बहनों की मौत, 23 अन्य घायल

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के आंधी थाना क्षेत्र में रविवार रात एक पर्यटक बस और ट्रेलर की टक्कर में बस में सवार दो सगी बहनों की मौत हो गई जबकि 23 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। थानाधिकारी हरदयाल ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर से उज्जैन जा रही पर्यटक बस की आंधी पुलिया के पास एक ट्रेलर से हुई टक्कर में बस में सवार दो सगी बहनों छवि पालीवाल (12) और कृति पालीवाल (8) की मौत हो गई जबकि 23 अन्य यात्री घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें निम्स अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यटक बस में सवार सभी लोग प्रतापगढ़ जिले के धारियावाद से एक ही परिवार के थे और खाटू श्याम जी मंदिर से दर्शन कर उज्जैन जा रहे थे।

राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया, कहा

# उनके आदर्शों और मूल्यों ने पूरी दुनिया को नई दिशा दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां गांधी दर्शन में महात्मा गांधी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया और 'गांधी वाटिका' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व समुदाय के लिए एक वरदान हैं। उनके आदर्शों और मूल्यों ने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने उस समय अहिंसा का मार्ग दिखाया, जब विश्व युद्धों के दौर में दुनिया कई तरह की नफरत और कलह से पीड़ित थी। उन्होंने कहा कि गांधी के सत्य और अहिंसा के प्रयोग ने उन्हें एक महान इंसान का दर्जा दिया। उन्होंने बताया कि गांधी की प्रतिमाएं कई देशों में स्थापित हैं और दुनिया भर के लोग उनके आदर्शों में विश्वास करते हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर



किंग जूनियर और बराक ओबामा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महान नेताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व कल्याण का मार्ग माना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके बताये रास्ते पर चलकर विश्व शांति का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी ने सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी पवित्रता पर बहुत जोर दिया। उनका मानना था कि नैतिक शक्ति के आधार पर ही हिंसा का सामना अहिंसा के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने रेखांकित किया कि आत्मविश्वास के बिना, कोई भी विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ता के साथ कार्य नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती और प्रतिस्पर्धी दुनिया में आत्मविश्वास और संयम की बहुत जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गांधी के आदर्श और मूल्य हमारे देश और समाज के लिए बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने सभी से प्रयास करने का आग्रह किया ताकि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा और बच्चे गांधी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ें और उनके आदर्शों को आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति और ऐसी अन्य संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे किताबों, फिल्मों, सेमिनारों, कार्टूनों और अन्य मीडिया के माध्यम से युवाओं और बच्चों को गांधी के जीवन की शिक्षाओं के बारे में अधिक जागरूक करके गांधी के सपनों के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## बिहार में आसान नहीं 'इंडिया' गठबंधन में सीट बंटवारा

**एजेंसी। पटना**

विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दल भले ही अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर किसी प्रकार के विवाद नहीं होने का दावा कर रहे हों, लेकिन बिहार में सीट बंटवारा इतना आसान नहीं दिखता। दरअसल, पिछली बार की तरह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में परिस्थितियां काफी बदल गई हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में जदयू के राजद



सहित इंडिया के अन्य दलों के साथ चुनाव मैदान में उतरने की संभावना है। जबकि, पिछले चुनाव में जदयू के प्रत्याशी राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी को हराकर लोकसभा पहुंचे थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिन पहले ही दावा किया है कि सीट बंटवारे को लेकर कोई समस्या नहीं है, इस महीने सब कुछ तय कर लिया जाएगा। महागठबंधन की 14 लोकसभा सीटें इस श्रेणी की हैं, जहां जदयू के प्रत्याशी ने आठ सीटों पर राजद के प्रत्याशी व छह सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी को सीधे मुकाबले में हराया था। ऐसी स्थिति में इन सीटों पर जदयू के ही सांसदों को फिर से चुनावी मैदान में उतारा जाए, यह मुश्किल दिखता है।

### रियासी मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक पुलिसकर्मी घायल

**रियासी।** रियासी जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि दो आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान चसाना के तुली इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने अभी तक एक आतंकी को मार गिराया है, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है।

राजनाथ सिंह ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर बोला हमला, कहा-

## सनातन धर्म के अपमान के लिए माफी मांगनी चाहिए

**एजेंसी। जैसलमेर**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया पर हमला बोलते हुए कहा कि इसमें शामिल लोगों को सनातन धर्म के अपमान के लिये क्षमा मांगनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अशोक गहलोत जैसे कांग्रेस नेता इस मुद्दे पर मौन क्यों हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल लोगों को सनातन धर्म के अपमान के लिये क्षमा मांगनी चाहिए, नहीं तो यह देश उन्हें माफ नहीं करेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चंद्रयान तो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतर गया, लेकिन 'राहुलयान' न तो लॉन्च हो सका और न ही लैंड कर सका। जैसलमेर में भाजपा की परिवर्तन



यात्रा के तीसरे चक्र की शुरूआत पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि द्रमुक ने सनातन धर्म को चोट पहुंचाई है, लेकिन कांग्रेस चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा, मैं अशोक गहलोत से कहना चाहता हूं .. आप क्यों नहीं बोलते.. क्यों नहीं सोनिया जी बोलतीं.. क्यों नहीं राहुल जी बोलते हैं, क्यों नहीं खरगे बोलते कि सनातन धर्म के बारे में आपकी सोच क्या है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का जहां तक सवाल है.. इसे केवल धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा, सनातन धर्म.. यह सनातन सदैव नूतन है.. चिर पुरातन है.. ना इसका कोई जन्म है ना कोई अंत है और यह सनातन धर्म ऐसा है जो पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है। वसुधैव कुटुंबकम का संदेश यदि कोई धर्म देता है, तो यह सनातन धर्म ही देता है। सिंह ने कहा कि इंडिया नाम बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने भी एक बार शाइनिंग इंडिया का नारा दिया था.. हम लोग हार गये थे और आपने (विपक्षी दल) यदि इंडिया का गठन कर लिया है, तो आपकी हार तय है.. पक्की है। उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चालक की सीट पर बैठे हैं, लेकिन क्लच कोई अन्य व्यक्ति दबा रहा है तो गाड़ी का एक्सीलेटर कोई और दबा रहा है।

जी-20 आसमानी सुरक्षा के लिए वायु सेना ने तैनात किये हमलावर हथियार

# भारत ने शुरू किया सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायु सेना की होगी। इसके लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में रक्षात्मक और हमलावर हथियारों तैनात किए गए हैं। वायु सेना ने जी-20 से पहले चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर सैन्य अभ्यास शुरू किया है, जिसे 'त्रिशूल' नाम दिया गया है। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत जी-20 बैठक की मेजबानी कर रहा है। शिखर सम्मेलन में शामिल होने तमाम वैश्विक नेता राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली आएंगे, जिसे कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है। वायु सेना ने आसमानी सुरक्षा के लिए दिल्ली और उसके आसपास बड़ी संख्या में



रक्षात्मक और हमलावर हथियारों को तैनात किया है। जी-20 की सुरक्षा के लिए मिराज-2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमान कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग करेंगे। आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम और एंटी-एयरक्राफ्ट गन जैसी वायु रक्षा प्रणालियों को भी तैनात किया गया है। 70 किलोमीटर दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) को दिल्ली और उसके आसपास के एरिया में तैनात किया गया है। भारत ने कश्मीर क्षेत्र सहित अपने उत्तरी राज्यों पर एक 'हवाई अभ्यास' के लिए क्षेत्र चेतावनी जारी की है। सोमवार को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा पर यह बड़ा सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' शुरू किया गया है, जिसमें भारतीय वायु सेना के सभी बेहतरीन फ्रंटलाइनर राफेल जैसे लड़ाकू विमान और एस-400 एमआरएसएएम और स्पाइडर जैसी वायु रक्षा प्रणालियां शामिल हैं। सेना की टुकड़ियां भी लद्दाख में अलग-अलग अभ्यास कर रही हैं। पाकिस्तान और चीन से सटे बॉर्डर पर अभ्यास में वायु सेना दो मोर्चों पर युद्ध लड़ने की तैयारी करेगी। भारत के राफेल विमान रिहर्सल करेंगे और वायु सेना के गरुड़ कमांडो फोर्स के स्पेशल जवान इस पूरे युद्धाभ्यास को अंजाम देंगे। इस अभ्यास में भारत के एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम की तैनाती भी देखी जाएगी, जो जी-20 बैठक के लिए भी काम में आएगी। सूत्रों ने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां भी लगाई गई हैं। त्रिशूल अभ्यास भारत की उत्तरी सीमा पर 1,400 किलोमीटर के क्षेत्र में किया जाएगा। पंजाब सहित जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्रों में यह युद्धाभ्यास होगा। वायु सेना के जवान 14 सितंबर तक युद्ध की तमाम बारीकियों का अभ्यास करेंगे। त्रिशूल युद्धाभ्यास में भारत के फ्रंटलाइनर लड़ाकू जेट, हमलावर हेलीकॉप्टर, बीच हवा में ईंधन भरने वाले विमान और अन्य दूसरे ताकतवर हवाई हथियार शामिल होंगे। इस सैन्य अभ्यास में चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टर सहित हल्के इंटरसेप्टर लड़ाकू विमान शामिल होंगे। अभ्यास में भारी-भरकम परिवहन विमान और हेलीकॉप्टर भी भाग लेंगे। अभ्यास में भाग लेने वाले लड़ाकू विमानों में राफेल, एसयू-30 एमकेआई, जगुआर, मिराज-2000, मिग-29 और मिग-21 बाइसन शामिल हैं।

नेहरू ने यूनेस्को सम्मेलन के लिए 1956 में बनवाया था होटल अशोक व विज्ञान भवन

# जम्मू-कश्मीर के राजकुमार कर्ण सिंह ने दी थी 25 एकड़ जमीन

### प्रगति मैदान जहां 9 व10 को जी-20 सम्मेलन होगा, उसे इंदिरा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 1972 के लिए बनवाया था

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

जो लोग कहते हैं कि बीते 70 साल में कुछ नहीं हुआ है, उनके लिए यह जान लेना ज्ञान वर्धक रहेगा कि दिल्ली के जिस प्रगति मैदान में दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के संगठन जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है, जो पीएम मोदी के कार्यकाल का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन तो है ही, अंतरराष्ट्रीय व कूटनीतिक संबंध के लिए भी महत्वपूर्ण है, उस प्रगति मैदान को 1970 के दशक में पीएम इंदिरा गांधी ने बनाया था। तब देश में पहली बार अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (नवंबर, 1972) में आयोजित हुआ था।

लेकिन स्वतंत्र भारत में पहली बार बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन पीएम जवाहर लाल नेहरू के समय 1956 में यूनेस्को का नौवां सम्मेलन दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ था। और अचरज नहीं होना चाहिए कि विज्ञान भवन को इसी कार्यक्रम के लिए मात्र एक वर्ष में बनवाया गया था। उस समय अतिथियों के ठहरने के लिए कोई अच्छी जगह नहीं थी। तो इसके लिए होटल अशोक बनवाया गया था। इस इमारत को भी एक साल में बनवाया गया था। 1956 के बाद भी देश की राजधानी में कई बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन हुए हैं। यहां 1982 के एशियन गेम्स से लेकर 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स तक हुए हैं। जब भी ऐसे आयोजनों हुए दिल्ली में विकास के नये आयाम बने। जरा और पहले चलें। बात वर्ष 1955 की है। यूनेस्को का 8वां सम्मेलन पेरिस में चल रहा था। उसमें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पहुंचे थे। उन्होंने यूनेस्को के सदस्य देशों के सामने प्रस्ताव रखा कि अगले सम्मेलन की मेजबानी का अवसर नई दिल्ली को मिले। सम्मेलन में नेहरू का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। लेकिन नेहरू जब दिल्ली लौटे तो उनको अधिकारियों ने बताया कि इतने बड़े स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शहर में जरूरी व्यवस्था ही नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि हमें एक बड़ा व अंतरराष्ट्रीय सुविधा वाला होटल बनाना होगा, ताकि आने वाले मेहमानों को ठहराया जा सके। साथ ही एक बड़ा कॉन्फ्रेंस सेंटर भी होना चाहिए। जिसके बाद प्रधानमंत्री नेहरू ने एक वर्ष के भीतर दोनों का निर्माण करने को कहा। लेकिन होटल बने कहां ,क्योंकि संसद भवन से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ज्यादा सरकारी जमीन थी नहीं। तब जम्मू-कश्मीर के राजकुमार कर्ण सिंह ने होटल बनाने के लिए रायसीना पहाड़ी से सटे अपनी पच्चीस एकड़ जमीन सरकार को दान में दे दी। होटल निर्माण के लिए धन का खर्च कई रियासत के राजकुमारों ने उठाया। होटल के 23 मूल शेयरधारकों में से 15 विभिन्न रियासतों के शासक थे। होटल अशोक की डिजाइन मुंबई के आर्किटेक्ट ईबी डॉक्टर ने की। निर्माण का काम सीपीडब्लूडी को मिला था। दिल्ली में तब पहली बार किसी इमारत के निर्माण में नई तकनीक का इस्तेमाल किया गया। पीएम नेहरू अक्सर अशोक होटल के निरीक्षण के लिए घोड़े पर सवार होकर चले आते थे। अशोक होटल सरकारी स्वामित्व वाला देश का पहला पांच सितारा होटल बना। यूनेस्को सम्मेलन से पहले अशोक होटल, एक विशाल कन्वेंशन हॉल, 550 गेस्ट रूम और दूर तक फैले गार्डन के साथ तैयार हो गया था। यूनेस्को सम्मेलन-स्थल के रूप में विज्ञान भवन को सीपीड्ब्लयूडी के आर्किटेक्ट आरए गहलोत ने डिजाइन किया था। भवन का निर्माण कार्य सितंबर 1955 में शुरू हुआ था। एडवर्ड रोड (अब मौलाना आजाद रोड) पर विज्ञान भवन का निर्माण ठीक, उसी जगह पर हो रहा था जहां तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का बंगला था। 3.8 एकड़ में फैले भव्य तीन मंजिला कॉन्फ्रेंस सेंटर का निर्माण लगभग 800 कामगारों ने 350 दिनों में किया। इसे बनाने में लगभग 78 लाख रुपये की लागत आयी थी। प्लेनरी हॉल में 705 और बालकनी में 300 डेलीगेट्स के बैठने का इंतजाम किया गया था। सीटों पर फोन और स्पीकर लगे थे। मल्टी लिंग्वल इंटरप्रेटेशन सिस्टम की भी व्यवस्था थी, जिससे डेलीगेट्स बातचीत को अपनी भाषा में सुन सकें। फिलिप्स ने साउंड सिस्टम और वोल्टास कंपनी ने एयर कंडीशनिंग का काम किया था। कालीन आगरा,जयपुर व ग्वालियर से मंगाए गए थे। विज्ञान भवन के प्रवेश द्वार को बौद्ध वास्तुकलाओं से सुसज्जित किया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यूनेस्को का 9वां सम्मेलन 5 नवंबर, 1956 को नई दिल्ली में नवनिर्मित विज्ञान भवन में शुरू हुआ और एक महीने तक चलता रहा। तब यूनेस्को के 77 सदस्य थे। 200 से ज्यादा अति विशिष्ट अतिथि भारत आए थे। जिनको होटल अशोक में ठहराया गया था। नेहरू चाहते थे कि विदेशी मेहमानों को न्यूयॉर्क व लंदन के प्रतिष्ठित होटलों जैसी सुविधा मिले।

FILMY हलचल

## 'जवान' की एडवांस बुकिंग ने तोड़ा रिकॉर्ड 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

**बॉलीवुड** किंग शाहरुख खान की फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शाहरुख खान अलग-अलग अंदाज में फिल्म का प्रमोशन करने में लगे हुए हैं। इस फिल्म के जबरदस्त क्रेज को देखकर कहा जा सकता है कि जवान बॉक्स ऑफिस पर सुनामी लाने वाली है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुक्रवार से शुरू हो गई है। शाहरुख खान की जवान ने पहले दिन अपनी ही फिल्म पठान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऐसे में पहले 24 घंटों में जवान को पठान से ज्यादा एडवांस बुकिंग मिली है। फिल्म जवान के हिंदी शो की 2डी और आईमैक्स फॉर्मेट में 2.6 लाख टिकटें बिक चुकी हैं। तमिल और तेलुगु शो के लिए लगभग 4700 टिकट बेचे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जवान ने अब तक 2,71,176 टिकटें बेची हैं और फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 8.98 करोड़ रुपये की कमाई की है। मुंबई में मराठा मंदिर सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई ने मीडिया से बातचीत में कहा, गुरुवार के शो पहले से ही हाउसफुल हैं।



### 'खतरों के खिलाड़ी 13' ने मेरे अंदर डर का आकलन करने में मदद की : डेजी शाह



'खतरों के खिलाड़ी 13' में 'टीम्स वीक' के दौरान दोबारा प्रवेश करने के बाद दूसरी बार एलिमिनेशन का सामना करने वाली एक्ट्रेस डेजी शाह ने कहा कि इस पूरे सफर के दौरान, उन्होंने अपने स्वभाव के बारे में जरुरी बातें नोटिस की है, और सीखा है कि अपनी मानसिक शांति को कैसे बरकरार रखा जाए। डेजी की जर्नी शो में एक रोमांचक हेलीकॉप्टर चैलेंज के साथ शुरू हुई। उन्होंने पहले हफ्ते में अरिजीत और ऐश्वर्या से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शो में एलिमिनेशन के खतरे से छुटकारा पा लिया। वह एक क्रेन पर चढ़ी और उन स्थानों पर लगे हुए झंडों को इकट्ठा किया, जो उनके बैलेंस को चैलेंज करते है और चक्कर पैदा करते थे। उन्होंने बार-बार यह साबित किया कि शो में उनकी किस्मत ने कभी भी साथ नहीं दिया, बल्कि उनके डर से बड़ा होने का दृढ़ संकल्प था।

## कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज बोलीं- पहली बार निभा रही हूं इस तरह का किरदार

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। ट्रेलर में कंगना रनौत काफी प्रभावी नजर आ रही हैं। कंगना फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में हैं। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे हैं। चंद्रमुखी 2 का ट्रेलर एक बड़े परिवार के हवेली में रहने से शुरू



होता है, जहां उन्हें दक्षिण ब्लॉक से बचने का निर्देश दिया जाता है, जिसे चंद्रमुखी का घर माना जाता है। जब ये लोग इस कोने में पहुंचते हैं, तो क्या होता है। यही फिल्म की कहानी है। यह फिल्म 15 सितंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना ने चंद्रमुखी 2 को लेकर कहा है कि यह एक पैसा-वसूल एंटरटेनमेंट फिल्म है। फिल्म में थोड़ा एक्शन, कॉमेडी, हॉरर, रोमांस है और यह म्यूजिकल भी है। मैं पहली बार इस तरह का किरदार कर रही हूं और फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं।

## यूनिवर्सिटी के तालाब डूबे छात्र का शव एनडीआरएफ ने किया बरामद

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तालाब में डूबे छात्र आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू का शव एनडीआरएफ ने सोमवार को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने आधे घंटे में छात्र के शव को तालाब से खोज निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार की देर शाम कांके थाना क्षेत्र के कोंगे स्थित जयपुर का रहनेवाला आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास चट्टान की खुदाई के बाद बने कृत्रिम तालाब में डूब गया था। आकाश मोनफोर्ट स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता राजकुमार तिर्की सेना में हैं और फिलहाल हिसार में तैनात हैं। आकाश और उसके दोस्त वैभव टोप्पो और अर्पण मिंज शाम को ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर घर से निकले थे। तीनों स्कूटी से मनातू पहुंचे थे। इसके बाद तालाब में तीनों नहाने उतरे थे। इसी दौरान आकाश राज तिर्की गहरे पानी में चला गया और डूब गया था। इस खबर सुन को परिवारों में हाहाकार मच गया और लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों का कहना है कि लड़ा पढ़ने-लिखने में बहुत अच्छा था।

### शिव शिष्यता के जनक हरीन्द्रानन्द जी की प्रथम पुण्य तिथि मनायी गई

# शिव से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करते रहे





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिव शिष्यता के जनक और इस कालखण्ड के प्रथम शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द जी की प्रथम पुण्य तिथि सोमवार को शिव शिष्यों द्वारा स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। पुराना विधानसभा मैदान में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वा 09 बजे से शिव नाम संकीर्तन एवं जागरण भजन से हुआ। तत्पश्चात वरेण्य गुरुभ्राता साहब हरीन्द्रानन्द जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महिलाओं की संख्या अधिक थी। जीवित रहते हुए किंवदंति बन चुके साहब हरीन्द्रानन्द जी ने सामान्य जनमानस को शिव के गुरू स्वरूप से जोड़ने के लिए लगभग आधी सदी से लोगों को प्रेरित किया। समाज को आइना दिखाते हुए उन्होंने बताया कि शिव घर-घर के बाबा हैं, जैसे चंदा मामा सबके मामा हैं। भगवान शिव से हम सभी संतान, पैसा, परिवार, प्रसिद्धि, ऐश्वर्य मांगते हैं, उनसे ज्ञान कोई नहीं मांगता। वह पंचानन, सदाशिव, दक्षिणामूर्ति विश्व गुरु हैं, उन्हें जगत गुरू कहा गया है। हमारे शास्त्र अटे पड़े हैं शिव के गुरू स्वरूप की महिमा से। देश विदेश से भी लोगों ने वरेण्य गुरुभ्राता के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस में भाग लिया। विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, ओमान, दुबई, और अन्य देशों से कई लोग आए। गौरतलब है कि हृदय संबंधी रोग की वजह से पिछले साल 04 सितम्बर 2022 को साहब शिवलीन हुए। बिहार के सिवान जिले के अमलोरी में साहब हरीन्द्रानन्द जी का जन्म हुआ था। इनकी कर्मभूमि भी बिहार रही। जीवन के उतरार्ध में ये झारखण्ड आ गये। वरेण्य गुरुभ्राता हरीन्द्रानन्द जी की प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर रही। देश विदेश सभी जगह के लोग इनके लिए श्रद्धावनत रहते हैं। वरेण्य गुरुभ्राता की चाहत थी कि समस्त चराचर जगत शिव की शिष्यता ग्रहण करे और उनकी दया के आश्रय में चले ताकि शिव के गुरू स्वरूप की जन-जन में स्थिति से विश्व वाटिका में अध्यात्म अवतरित होकर सहृदयता, समानता और शांति के सुमन खिला देगा और प्रेम के पराग से मानवता सुगंधित हो जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में प्रो रामेश्वर मंडल, हरानन्द, अर्चित आनंद, बरखा आनंद, डॉ० अमित कुमार, अनुनीता आनंद अभिनव आनंद एवं निहारिका आनंद ने अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस पुष्पांजलि समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, रांची विधायक सीपी सिंह, छग रामनुजगंज के विधायक वृहस्पत सिंह सहित राज्य के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## भाजपा का एक नेशन एक इलेक्शन लोकतंत्र और संघीय ढांचे पर हमला : डॉ मनोज

राष्ट्रीय जनता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा एक देश एक चुनाव लोकतंत्र एवं संघीय ढांचे पर हमला है। भाजपा आम आवाम किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करती।समान शिक्षा की क्यों बात नहीं करती जिसमे गरीब, किसान मजदूर के बच्चे या तो सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करते या पढ़ाई नहीं भी कर पाते । समान इलाज करने की बात क्यों नहीं करती। गरीब किसान मजदूर पैसा नहीं रहने कर कारण इलाज के अभाव में सैकड़ों लोगो की मृत्यु हो जा रही है इस भाजपा की केंद्र सरकार न गंभीर है न संवेदनशील है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव कल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में दिनांक 6 सितम्बर 2023 को श्री श्याम मण्डल , रांची के तत्वावाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव अत्यन्त धूम धाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को सुचारिपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है। आकर्षक बैलून, रंग बिरंगे विद्युत की लड़ियों से मन्दिर को मनभावन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों सजाने के लिए विगत कई दिनों से कारीगर जुटे हुए हैं। मुख्य झांकी में रजत झूले पर लड्डू गोपाल का दिव्य स्वरूप होगा साथ ही रात्रि 9 बजे से संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ होगा। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म के समय घंटा - घड़ियाल-नगाड़ा व शंख ध्वनि से जन्मोत्सव की बधाई दी जाएगी एवम महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्वाचन कार्य में रुचि नही लेने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की जायेगी। यह सुनिश्चित हो कि बीएलओ और सुपरवाइजर दिए गए निर्वाचन कार्य ससमय पूरा करें। उपायुक्त सोमवार को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक में




बोल रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य 15 दिनों में पूरा करते हुए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य पूरा करें। उन्होंने नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में पांच सुविधाओं का होना अतिआवश्यक हैं। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप (दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक के लिए) और शौचालय शामिल हैं। उपायुक्त ने सभी संबंधितअधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए जर्जर मतदान केंद्रों एवं जिन पुराने मतदान केंद्रों में परिवर्तन स्थल की आवश्यकता हैं। उसकी सूची बना कर उसे दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथ लेबल ऑफिसर एप को 15 दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।,

## बच्चों को दी गई मोबाइल के प्रयोग और मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

**ठाकुरगांव।** केंद्रीय मानव चिकित्सा संस्थान द्वारा अत्यधिक मोबाइल के प्रयोग और मानसिक स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता कार्यक्रम सोमवार को न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बुढ़ीबागी में किया गया। केंद्रीय मानव चिकित्सा संस्था कांके के डॉ अभिजीत सिंह सोनिका, कार्मेंद्र विष्णु सुरेश, प्रिया कुमारी एंड अलेक्स सोलोमन मौजूद थे। डॉ अभिजीत ने मोबाइल से होनेवाले नुकसान और उससे बचने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम न्यूजपेपर बुक्स यह सब पढ़कर मोबाइल से बच सकते हैं बिना वजह हमें मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने सोने से पहले चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक नहीं लेना चाहिए। वहीं मोबाइल और लैपटॉप से दूर रहना चाहिए, नशा से होनेवाले नुकसान भी बताए गए और नशा से कैसे बचा जाए इसके तरीके भी बताए।

# हरमू मैदान में दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता छह सितम्बर को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति हरमू की ओर से छह सितम्बर को हरमू मैदान में दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी इंद्रजीत यादव ने सोमवार को बताया कि जन्माष्टमी छह सितम्बर को ही मनाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्री कृष्ण के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। दही से भरी हांडी पुरुषों के लिए 20 फीट और महिलाओं के लिए 18 फीट होगी। विजेता गोविंदा की टीम को शील्ड के साथ 51,000 दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 20 की संख्या में गोविंदा भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि दही-हांडी प्रतियोगिता के बाद रात 10 बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा। छह सितंबर को ही सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी और स्थानीय लोगों को इसमें भागीदारी के लिए


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/LOHARDAGA/E-10/2023-24 PR No. 305401 Lohardaga (23-24).D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.08.2023 | 07.09.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

2. ग्रुप नं0 3 में अंकित ग्राम सेरेंगदाग को सेरेंगहातु पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा ।

PR.NO.306156 Lohardaga(23-24):D

### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

पत्रांक :– गढ़वा, दिनांकः–

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, प्रयोगशाला प्रावैधिक, पता– ग्राम–अनतपुर, पोस्ट– माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 1921(23) दिनांक 19.08.2023 द्वारा माह फरवरी–2016 से लगातार सेवानिवृति की तिथि 31.01.2023 तक आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं अन्य गठित आरोप की जॉंच हेतु झारखण्ड पेंशन नियमावली 43 परन्तुक क(II) के तहत् दण्ड अधिरोपित करने हेतु नियम–17 में विर्णत प्रक्रिया में निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाऍं, झारखंड, रॉंची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किए गए हैं।
3. सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के पत्रांक 1388 दिनांक 28.08.2023 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही की प्रति आवासीय पता–ग्राम–अनंतपुर, पो0–माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार, पिन–801308 पर प्रेशित किया गया है।

श्री अरविन्द कुमार सिंह को निदेश दिया जाता है कि आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही की प्रति, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर, संचालन पदाधिकारी के समक्ष अपना लिखित बचाव बयान, साक्ष्य सहित समर्पित करना सुनिश्चित करें। उक्त में लिखित बचाव बयान पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 306123 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

### Office of the Executive Engineer
### Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

Tender Reference No. DWSD/UNTD/HYDT/15/2023-24 (2nd Call) DT:04.09.2023

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of 200/165 mm dia 200 Mtrs Deep High Yield Drilled Tube Well with Installation of I.M-II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by Hydraulic DTH Rig Machine with 200 mm dia MS ERW Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under Untied Fund) | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | UNTD/HYDT/CTR-01 | 01 No. | 2,95,074/- | 6,000/- | 750/- | 07th Days |
| | UNTD/HYDT/CTR-02 | 03 Nos. | 10,43,328/- | 21,000/- | 2500/- | 15th Days |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 06.09.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 12.09.2023 upto 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 13.09.2023 upto 03:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 13.09.2023 at 05:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 306165 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


## पृष्ठ एक के शेष

**किसानों को राहत देगी...**

रुख देखना पड़ रहा है। किसी इलाके में अच्छी बारिश हो रही है तो कहीं कम और कहीं सुखाड़ की स्थिति है। सरकार की मौसम के बदलते रुख पर पैनी नजर है। सरकार जल्द ही राज्य में खरीफ फसल के बुवाई के हालात का आकलन करेगी और किसानों को राहत देने के लिए सभी जरूरी खत्म उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अधिकारियों को गांव-गांव जाना होगा। इसके लिए एक कैलेंडर बनेगा। गांव जाकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ेंगे। सरकार और जनता के बीच सीधा संबंध और बेहतर से बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने सभी दरवाजे खोल दिए हैं ।लगभग 40 हजार सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जो स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं , उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है । युवाओं के हुनर को निखारने के लिए प्रखंड स्तर पर बिरसा केंद्र खोले गए हैं , ताकि यहां से प्रशिक्षण लेकर वे आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ सकें।

**गांव मजबूत होगा तभी राज्य...**

उसमें राज्य के 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री सोमवार को गोड्डा के सुन्दरपहाड़ी में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी पदाधिकारी कैम्प लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुन रहे हैं। आज राज्य के बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं हैं। फ्री कोचिंग के माध्यम से राज्य के बच्चे कोचिंग का लाभ उठा रहे हैं। राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिले, इसपर भी सरकार प्रयासरत है। उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहा है। यही नहीं विदेश में पढ़ाई के साथ-साथ वहां नौकरी भी कर रहा है।

**हर वर्ग और हर तबके के लिए चल रही कई योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़े और फायदा उठाएं।

**आदिवासी-मूलवासी...**

मुद्दों को उठाती रहती है। लोगों के हक-अधिकार को संरक्षित रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) संशोधन विधेयक, 2023 के संबंध में झारखंड सरकार ने राज्यहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना पक्ष रखा है। खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार ने कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) संशोधन विधेयक, 2023 के संदर्भ में कई बिंदुओं पर विरोध जताया है, जो निम्न हैं।

-खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 8 तथा खनिज समनुदान नियमावली, 1960 के नियम-24 (उ) के तहत सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की अवधि निर्धारित है। केन्द्र सरकार के द्वारा खनन पट्टा की अवधि खान का सम्पूर्ण जीवन काल प्रस्तावित है, जो खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम एवं खनिज समनुदान नियमावली के विपरीत है।

- खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 यथा संशोधित 2021 के 05वीं अनुसूची में सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की स्वीकृति / अवधि विस्तार के मामलों में अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। प्रस्तावित संशोधन में खनन पट्टा की अवधि खान का सम्पूर्ण जीवन काल होने के कारण सरकारी कम्पनियों को कोयला खनिज के खनन पट्टा की स्वीकृति / अवधि विस्तार के मामलों में राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि की प्राप्ति नहीं हो पायेगी।

-कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 के प्रावधानुसार कोयला खनन एवं खनन अनुषंगिक गतिविधियों के लिए ही सरकारी कम्पनियों हेतु भू-अर्जन का प्रावधान है। अन्य आवश्यकताएँ, जैसे की स्थायी आधारभूत संरचना कार्यालय, आवासीय सुविधाओं आदि के लिए लॉ एक्ट, 1894 के तहत भू-अर्जन का प्रावधान है। जबकि प्रस्तावित संशोधन के द्वारा मूल अधिनियम के उद्धेश्य प्रस्तावना, लक्ष्य एवं कारणों को कमजोर करते हुए सरकारी कम्पनियों हेतु अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु दिया जाना है।

-भारतीय संविधान के 05वें अनुसूची के तहत आदिवासियों एवं मूलवासियों के भूमि को प्रदत्त सुरक्षा एवं अधिकार से वंचित करते हुए सरकारी कम्पनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को अनेकों आधारभूत परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान प्रस्तावित है।

-कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 के तहत सरकारी कम्पनियों के लिए अधिग्रहित भूमि को निजी संस्थाओं को आधारभूत परियोजनाओं हेतु उपलब्ध कराए जाने से आदिवासियों/मूलवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर अतिक्रमण होगा।.

-मूल अधिनियम की धारा-13 एवं 17 में प्रस्तावित संशोधन से भूमि मालिकों को प्रदत्त अधिकारों का हनन होगा।

**मतदाता निर्भीक होकर करें मतदान...**

मतदान प्रतिशत रहा था। इसमें अबकी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने डुमरी विस क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए मतदान करने जरूर जाएं, ताकि इस बार पहले की अपेक्षा बेहतर मतदान प्रतिशत देखने को मिले।

**पर्याप्त संख्या में तैनात होंगे सुरक्षा बल :** डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 है, जिसमें पुरुष मतदाता 1,54,452 एवं महिला मतदाता 1,44,174 है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र में बोकारो जिला अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1,39,031 है, जिसमें पुरूष मतदाता 71,612 एवं महिला मतदाता 67,419 है। जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है। एसपी प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि सीआरपीएफ, झारखंड आर्म्स पुलिस की ईको कंपनी, होमगार्ड, जिला आर्म्स पुलिस फोर्स, झारखंड जगुआर फोर्स को तैनात किया जाएगा। मतदान कर्मियों की सहूलियत के लिए जिले में कुल 21 क्लस्टर बनाया गया है, जिसमें नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में 17 और चंद्रपुरा प्रखंड क्षेत्र में चार शामिल हैं। बोकारो जिला अंतर्गत 174 मतदान केंद्रों के लिए कुल 174 मतदान दल गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त 10 फीसदी मतदान कर्मियों को रिजर्व रखा गया है। मतदान कार्य के सफल संचालन एवं ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा के लिए कुल 29 सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल तीन जोनल पदाधिकारी, दो सुपर जोनल पदाधिकारी भी तैनात किए गए हैं। वहीं, आवश्यकता अनुरूप विभिन्न मतदान केंद्रों पर माइक्रो प्रेक्षक को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के बोकारो जिला के कुल 174 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। नावाडीह प्रखंड के 129 एवं चंद्रपुरा प्रखंड के 45 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। कंट्रोल रूम से सीधे मतदान केंद्रों की निगरानी जिला व निर्वाचन आयोग से की जाएगी। नावाडीह प्रखंड में पांच एवं चंद्रपुरा प्रखंड में तीन मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

**पर्याप्त संख्या में तैनात होंगे...**

29 सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल तीन जोनल पदाधिकारी, दो सुपर जोनल पदाधिकारी भी तैनात किए गए हैं। वहीं, आवश्यकता अनुरूप विभिन्न मतदान केंद्रों पर माइक्रो प्रेक्षक को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के बोकारो जिला के कुल 174 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। नावाडीह प्रखंड के 129 एवं चंद्रपुरा प्रखंड के 45 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। कंट्रोल रूम से सीधे मतदान केंद्रों की निगरानी जिला व निर्वाचन आयोग से की जाएगी। नावाडीह प्रखंड में पांच एवं चंद्रपुरा प्रखंड में तीन मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

# यूएस ओपन में फैली बीमारी ! टॉप खिलाड़ी दिख रहे बीमार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला रैंकिंग में नंबर 5 पर काबिज ओन्स जाबेउर बीते दिनों लिंडा नोसकोवा के खिलाफ मैच के दौरान कोर्ट पर थकी-थकी दिखीं। मैच के बाद बताया गया कि वह बीमार हैं। जाबेउर जोकि पिछले साल यू.एस. ओपन के फाइनल में पहुंची थी, उन कई खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें इस साल के टूर्नामेंट में किसी प्रकार की बीमारी से जूझना पड़ा है। इससे पहले ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम अपने दूसरे दौर के मैच के दूसरे सेट में सेवानिवृत्त हो गए थे। एमिल रुसुवुओरी ने अज्ञात बीमारी का हवाला देते हुए अपने पहले दौर के मैच से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। टेनीस सैंडग्रेन, जो क्वालीफायर से आगे बढ़ने में असफल रहे, ने एक्स पर लिखा- मैं टूर्नामेंट से घर लौटने के बाद बीमार हो गया हूं। उन्होंने एक अलग पोस्ट में लिखा- मुझे यू.एस. ओपन बग मिला। एक तरह से अभी भी ऐसा लगता है कि मैं टूर्नामेंट में हूं लेकिन असल में मैं घर पर हूं।

बहरहाल, पहले दौर में जीत के बाद जाबेउर ने कहा कि उसे फ्लू है। अपने दूसरे दौर के मैच में, वह फिर से संघर्ष करती दिखीं, कोर्ट पर कई बार खांसती रहीं। उन्होंने मैच जीतने के बाद कहा कि वह लगभग एक सप्ताह से बीमार थीं। उन्होंने कहा- यू.एस. ओपन के डॉक्टरों के कहने पर मैंने बहुत सारी दवाएं ली हैं। जाबेउर बोलीं- टूर्नामेंट में अन्य खिलाड़ी पेट की समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन मेरा पेट ठीक था। मुझे इस बात को लेकर असमंजस था कि यह फ्लू है या कुछ और। मुझे लगता है कि मुझे फ्लू या कुछ और हो गया है। खिलाड़ी ही नहीं बल्कि ईएसपीएन कमैंटेटर जॉन मैकेनरो ने मंगलवार को कहा कि अस्वस्थ महसूस करने के बाद उनका कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सभी खिलाड़ियों को एक जैसी बीमारी है, या क्या उनके मामले जुड़े हुए हैं, लेकिन यू.एस. ओपन को लेकर कुछ न कुछ चल रहा है। इसी तरह ह्यूबर्ट हर्काज को अपने दूसरे दौर के मैच के दौरान संघर्ष करते देखा गया। उन्हें ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने परेशान कर दिया। मैच के दौरान, मेडिकल स्टाफ हर्काज का इलाज करने के लिए भी आया। इस दौरान मैदान के चारों ओर सूंघने और खांसी की आवाजें सुनी गईं। कुछ खिलाड़ी अपने बैग से बार-बार टिश्यू निकाल रहे थे। बता दें कि संयुक्त राज्य भर में गर्मियों के अंत में कोरोनोवायरस संक्रमण की लहर के रूप में बीमारियों की सीरीज सामने आई है, जिसमें पूर्वोत्तर और पश्चिम में मामलों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। बीमारियां किसी भी टूर्नामेंट में फैल सकती हैं क्योंकि खिलाड़ी अक्सर नजदीक रहते हैं और सुविधाएं साझा करते हैं। लेकिन चूंकि खिलाड़ियों को अब कोविड-19 का परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं है, इसलिए उनमें बीमारियों का कारण ढूंढना अभी मुश्किल है। 2020 में यूएस ओपन के दौरान स्वास्थ्य प्रोटोकॉल काफी सख्त था। दर्शकों को टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं थी। खिलाड़ी खाली कोर्ट में फेस मास्क पहनकर आते थे। 2021 में जब प्रशंसकों की दोबारा एंट्री हुई तो उनके लिए कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण का प्रमाण दिखाना आवश्यक था। इस साल से इस शर्त को हटा दिया गया है।

## स्वियातेक उलटफेर की शिकार, ओस्टापेंको ने दी मात



**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन में लातविया की जेलेना ओस्टापेंको ने चौथे दौर में 3-6, 6-3, 6-1 की जीत के साथ विश्व नंबर-1 इगा स्वियातेक को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। यूएस ओपन में एक बड़ा उलटफेर हुआ है। विश्व की नंबर.1 महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही वो टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता जेलेना ओस्टापेंको ने उन्हें 6-3, 3-6, 1-6 से हराया। रविवार को स्वियातेक की हार का मतलब है कि वर्ल्ड नंबर.2 आर्यना सबालेंका रैंकिंग में आगे निकल जाएंगी और यूएस ओपन के बाद नंबर 1 रैंकिंग पर अपना कब्जा जमाएंगी। स्वियातेक लगातार 75 हफ्तों तक शीर्ष पर रहीं, जो डब्ल्यूटीए टूर के इतिहास में पहली बार तीसरी सबसे लंबी स्ट्रीक है। अपने पहले यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल में ओस्टापेंको का अगला मुकाबला नंबर 6 कोको गॉफ से होगा। दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी ने शानदार शुरूआत की और बढ़त बना ली। 5-3 के स्कोर पर जेलेना ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन स्वियातेक ने आसानी से पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना लय में लौटीं और दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद जेलेना का आत्मविश्वास लौटा और स्वियातेक को हार का डर सताने लगा। इसका फायदा उठाकर जेलेना ने आखिरी सेट 6-1 से जीता और मैच भी अपने नाम कर अंतिम-8 में जगह बना ली। इससे पहले दिन में गॉफ ने 33 वर्षीय डेन वाइल्डकार्ड कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-3, 3-6, 6-1 से हराया और सेरेना विलियम्स के बाद यूएस ओपन में लगातार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली युवा अमेरिकी खिलाड़ी बन गईं।

## यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जोकोविच



**न्यूयॉर्क।** 23 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच अपने 57वें ग्रैंडस्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए हैं। क्रोएशियाई क्वालीफायर बोर्ना गोजो ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। उन्होंने 6-2, 7-5, 6-4 से मैच जीता। तीन बार के यूएस ओपन खिताब विजेता नोवाक जोकोविच के लिए ग्रैंडस्लैम नंबर 24 की तलाश जारी है। रविवार को चौथे दौर की जीत ने उनकी 13वीं यूएस ओपन क्वार्टरफाइनल उपस्थिति की शुरूआत की, जिससे वह आंद्रे अगासी और रोजर फेडरर के साथ इवान लेंडल के (17) के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। इस जीत के बाद जोकोविच का अगली एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की जगह नंबर एक पर काबिज होना तय हो गया है। क्वार्टरफाइनल में जोकोविच की टक्कर शीर्ष क्रम के अमेरिकी टेलर फिट्ज से होगी। टेलर पिछले कुछ वर्षों से एक स्थापित टॉप-10 खिलाड़ी रहे हैं और शानदार फॉर्म में है। जोकोविच का अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-0 का रिकॉर्ड है, उन्होंने अपने चार साल के इतिहास में केवल दो सेट गंवाए हैं। कोविच ने फिट्ज के साथ अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले पर कहा, पिछले कुछ वर्षों में उसमें बहुत सुधार हुआ है। जाहिर है, यहां से मैच और भी कठिन हो जाएंगे और मैं चुनौती के लिए तैयार हूं"। अन्य मैच में, रविवार रात क्वालीफायर डोमिनिक स्ट्राइकर को सीधे सेटों में हराकर, फ्रिट्ज ने साथी अमेरिकियों फ्रांसिस टियाफो और बेन शेल्टन के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई।

## NEWS इन ब्रीफ

### दीक्षा डागर आयरिश ओपन में 7वें स्थान पर

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अच्छी शुरूआत के बाद लय खो दी और आखिरी दौर में 2 अंडर 70 के स्कोर के साथ केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में 7वें स्थान पर रही। वह इस साल छठी बार शीर्ष दस में रही है। इसके साथ ही वह लेडीज यूरोपीय टूर के आर्डर आफ मेरिट में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने अदिति अशोक की जगह ली जो एलईटी और अमेरिका में लेडीज पीजीए दोनों खेल रही हैं। सत्र के आखिर में शीर्ष 4 में रहने वालों को लेडीज पीजीए टूर कार्ड मिलेगा। स्मिला टार्निंग सोंडरबाय दस अंडर 62 का स्कोर करके शीर्ष पर रही। भारत की त्वेसा मलिक संयुक्त 36वें, वाणी कपूर संयुक्त 54वें और रिधिमा दिलावारी 69वें स्थान पर रही। अमनदीप द्राल कट में प्रवेश से चूक गई थी।

### 29 स्वर्ण पदक के साथ कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिला ओवर ऑल चैंपियन

**खूंटी।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में एक से तीन सितंबर तक दुमका में आयोजित झारखंड स्टेट सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप में खूंटी जिले के कराटे खिलाड़ियों कमाल किया है। खिलाड़ियों ने अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए एक बार फिर 29 स्वर्ण, 12 रजत और 30 कांस्य पदक सहित कुल 71 पदक जीत कर ओवर ऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एसेसिएशन के अध्यक्ष हेजाज अशदक ने सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि खूंटी के प्रतिभावान खिलाड़ी निखिल सिंह, चंदन नाग तथा आर्यन प्रमाणिक ने एकल काता, एकल कुमिते तथा टीम काता प्रतिस्पर्धा के तीनों पदक अपने नाम किये, जबकि नीतेश कुमार, रोहित सिन्हा तथा जितेश मुंडा एकल काता तथा एकल कुमिते में दोहरा पदक जीतने में कामयाब रहे। अन्य स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में सुखराम नाग, एडविन टोपनो, समीर भेंगरा, संजीव सांगा, अभिषेक सुरीन, अनंत हस्सा, स्नेहा बारला, एरिसल होरो, करण यादव, आदि शामिल हैं।

### मैक्सवेल हो सकते हैं भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया है कि इस साल के विश्व कप से पहले अपनी तैयारी को मजबूत करने के लिए वह भारत के खिलाफ वनडे सीरीज को मिस कर सकते हैं। इस स्टार ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि वह अभी भी पैर की चोट के कारण टखने की तकलीफ से जूझ रहे हैं और इस समय ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। 34 वर्षीय खिलाड़ी का कहना है कि विश्व कप के लिए फिट रहना उनका प्राथमिक ध्यान है।

**एशिया कप 2023 : बारिश के कारण मैच प्रभावित**

# भारत को 23 ओवर में 145 रन बनाने का मिला लक्ष्य

**एजेंसी। पल्लेकेले(श्रीलंका)**

एशिया कप का पांचवा मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और नेपाल के बीच खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। नेपाल की ओर से आसिफ शेख ने 97 गेंदों पर 58, दपिंद्र सिंह ने 29 तो सोमपाल कमी ने 56 गेंदों पर 48 रन बनाकर नेपाल को 230 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने सधी हुई शुरूआत की। रोहित ने पहला ओवर मेडन खेला। दूसरे में शुभमन गिल ने दो चौके लगाकर अपना खाता खोला। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर रोहित ने चौका लगाया तो बारिश के कारण खेल रोक देना पड़ा। भारत को मैच जीतने के लिए अब 23 ओवरों में 145 रन बनाने होंगे। भारत ने शुरूआत में नेपाल को कुछ मौके दिए और पावरप्ले में तीन कैच छोड़े। हालांकि 65 रन पर भारत को पहली सफलता मिली और कुशल भुरटेल 38 रन बनकर ठाकुर के 9.5 ओवर में इशान के हाथों कैच आउट हो गए। इसके बाद जडेजा ने भीम शर्की (7) को 15.6 ओवर में बोल्ड किया। इसके बाद जेडजा ने दो विकोट और अपने नाम किए जिसमें पहले 19.6 ओवर में कप्तान रोहित पौडेल को रोहित के हाथों कैच आउट करवाया और फिर कुशल मल्ल (2) को 21.5 ओवर में सिराज के हाथों कैच आउट कराकर पवेलिया भेजा।



# टी20: ऑस्ट्रेलिया ने द.अफ्रीका को 3-0 से हराया

**एजेंसी। डरबन**

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मैच 5 विकेट से जीता। ट्रेविस हेड 48 गेंदों में 91 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे। इस टी20 सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वर्ल्ड कप से पहले हलचलच तेज कर दी है। पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। सीरीज के आखिरी मैच में भी मेहमान टीम ने मेजबान को जीतने का कोई मौका नहीं दिया। इस जीत में टीम के हीरो रहे ट्रेविस हेड, जिन्होंने 91 रन की पारी खेली। इस पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीत हासिल की और तीन मैचों की टी20 सीरीज पर 3-0 से कब्जा किया।

48 गेंदों की तूफानी पारी के दौरान आठ चौके और छह छक्के लगाने के बाद हेड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर शेष रहते हुए दक्षिण अफ्रीका के 190-8 के बड़े स्कोर का पीछा किया।



हेड, वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक टीम में शामिल हैं और बाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रोटियाज के खिलाफ अपने प्रदर्शन से बता दिया कि वो टूर्नामेंट में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

हेड ने कहा, टीम में वापस आकर योगदान देना अच्छा लग रहा है। पिछले कुछ समय से इस प्रारूप में सीमित अवसर हैं। मैं अपनी लय हासिल करने के लिए थोड़ा संघर्ष कर रहा था।

ऑलराउंडर मिशेल मार्श को उनके 186 रनों के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान भी भारत में अपनी टीम को विश्व कप में आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, अगर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिखाए गए शानदा फॉर्म को जारी रखें।

ऑस्ट्रेलिया के नए टी20 कप्तान के रूप में मार्श की यह पहली सीरीज थी और 31 वर्षीय मार्श इस बात से खुश थे कि उनकी टीम आसानी से श्रृंखला जीत सकती है।

मार्श ने कहा, मुझे वास्तव में एक युवा समूह के आने और श्रृंखला 3-0 से जीतने पर गर्व है। हमने बेहतरीन टीम प्रयास किया। हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की और गेम जीत लिया। हमें कई बार किस्मत का साथ मिला, लेकिन एक टीम के रूप में हमारी मानसिकता वास्तव में मजबूत थी।

## आईओए ने ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ किया करार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को हांगझू जाने वाले एशियाई खेलों के दल के लिए भागीदार के रूप में ट्रैवल सामान कंपनी सैमसोनाइट के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। भारतीय दल के सदस्य चीन के हांगझू में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले कॉन्टिनेंटल मेगा इवेंट में प्रीमियम सूटकेस के साथ यात्रा करेंगे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि यह सहयोग उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध लीडर्स की साझेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ‘भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को एशियाई खेलों 2022 के लिए आधिकारिक किट के लिए डिजाइन किए गए प्रीमियम सूटकेस का प्रावधान समर्थन का प्रतीक है और विश्वास है कि पूरा देश और सैमसोनाइट जैसे वैश्विक ख्याति के ब्रांड हमारे चैंपियंस को शुभकामनाएं दे रहे हैं।' सैमसोनाइट इंडिया के सीईओ जय कृष्णन ने कहा कि भारतीय एथलीट की यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, सैमसोनाइट हमेशा यात्राओं के बारे में रहा है। और हमारे एथलीट जिस पर आगे बढ़ रहे हैं, उससे अधिक हृदय-विदारक कुछ भी नहीं है। हम उनकी यात्रा का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इससे पहले, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए 38 खेल विधाओं में 634 एथलीटों को मंजूरी दी है, जो आईओए द्वारा अनुशंसित 850 एथलीटों के मुकाबले निर्धारित चयन मानदंडों को पूरा करते थे।

## लातविया ने पहली बार फीबा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी। जकार्ता**

अपने ग्रुप चरण में ब्राजील पर 104-84 की शानदार जीत के बाद, लातविया ने यहां इतिहास में पहली बार फीबा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लातविया ने टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में पदक के दावेदार फ्रांस और गत चैंपियन स्पेन पर जीत कर शानदार प्रदर्शन किया। कनाडा पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला ब्राजील रविवार को हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ब्राजील के खिलाफ मैच में आंद्रेज ग्राजुलिस के नेतृत्व में, जिन्होंने 15 में से 11 शॉट लगाकर गेम में सर्वाधिक 24 अंक बनाए, लातविया के पांच खिलाड़ी दोहरे अंक में थे, जबकि ब्राजील के ब्रूनो काबोक्लो ने 20 अंक जुटाए और सात रिबाउंड हासिल किए। लातविया के मुख्य कोच लुका बैंची ने कहा, जकार्ता में हमने जो यादें बनाईं वे अद्भुत हैं और हमेशा रहेंगी।



उन्होंने कहा कि जिस तरह से उनके प्रशंसकों ने व्यवहार किया और स्थानीय लोगों ने उनकी टीम का स्वागत किया वह वास्तव में प्रभावशाली था।

ग्रुप एल में दूसरे स्थान पर रहने के लिए तैयार, लातविया बुधवार को ग्रुप के विजेता जर्मनी से खेलेगा, जिसने रविवार को स्लोवेनिया को 100-71 से हराया था।

## जसप्रीत बुमराह बने पिता, सोशल मीडिया पर साझा की खुशखबरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी पत्नी संजना गणेशन ने एक बच्चे को जन्म दिया है। बुमराह ने इंस्टाग्राम पर एक शानदार तस्वीर साझा करते हुए बच्चे के जन्म की खबर की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट को कैप्शन दिया, ‘हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है और हमारा दिल जितना हमने कभी सोचा था उससे कहीं अधिक भरा हुआ है! आज सुबह हमने अपने छोटे लड़के, अंगद जसप्रीत बुमराह का दुनिया में स्वागत किया। हम सातवें आसमान पर हैं और हमारे जीवन का यह नया अध्याय अपने साथ जो कुछ भी लेकर आएगा उसका इंतजार नहीं कर सकते। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को चल रहे एशिया कप से छुट्टी ले ली थी और अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए मुंबई लौट आए थे। उम्मीद है कि बुमराह कुछ दिनों के बाद श्रीलंका लौटेंगे और ग्रुप 4 चरण के मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। श्रीलंका में कुछ दिनों के ब्रेक के बाद भारत अपना सुपर 4 मैच खेलेगा। चोट के कारण कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं, आईपीएल 2023 और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से बाहर रहने के बाद, बुमराह ने पिछले महीने आयरलैंड श्रृंखला के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, जिसमें तेज गेंदबाज ने न केवल भारत को 2-0 से जीत दिलाई।

**एशिया कप** | **पीसीबी अध्यक्ष ने जय शाह को किया फोन, कहा-**

# पाक में स्थानांतरित करें बाकी के मैच



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ ने जय शाह को श्रीलंका में खराब मौसम के कारण एशिया कप 2023 के शेष मैचों को पाकिस्तान में पुनर्निर्धारित करने की सलाह दी है। उनका ये बयान तब आया जब श्रीलंका के कैंडी में खराब मौसम के कारण भारत पाकिस्तान के बीच 2 सितम्बर को खेला गया मैच पूरा नहीं हो सका और पहली पारी के बाद रद्द करना पड़ा। वहीं भारत के नेपाल के साथ मैच में भी बारिश की संभावना है। पीसीबी के अध्यक्ष जका अशरफ ने कथित तौर पर मौसम की स्थिति के कारण एशिया कप 2023 के शेष मैचों को श्रीलंका से पाकिस्तान में स्थानांतरित करने की सिफारिश की है। जका अशरफ ने कथित तौर पर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को भी फोन किया है जिसमें श्रीलंका में मैचों पर असर डालने वाली मौसम की स्थिति पर चर्चा की गई है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष नजम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पर निशाना साधते हुए ट्विटर पर लिखा था, कितना निराशाजनक। बारिश ने क्रिकेट के सबसे बड़े मुकाबले में खलल डाला। लेकिन भविष्यवाणी भी यही की गई थी। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में मैंने एसीसी से यूएई में खेलने का आग्रह किया था लेकिन श्रीलंका में आयोजन के लिए बेकार के तर्क दिए गए।' उन्होंने लिखा, उन्होंने कहा कि दुबई में बेहद गर्मी होगी। लेकिन पिछली बार सितंबर 2022 में जब एशिया कप वहां खेला गया तब भी उतनी ही गर्मी थी या जब अप्रैल 2014 और सितंबर 2020 में आईपीएल वहां खेला गया। खेल पर राजनीति। अक्षम्य।'